www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 9 नवम्बर 2023 । वर्ष – 65 । अंक – 205 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



विस चुनाव में भाजपा की झूठ बोलने की शक्ति बढ़ी : कांग्रेस पृष्ठ 2
■ निराधार बातों में कमजोर होती देश की जड़ें
■ विश्व भर में डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन छह घंटे का काम ... पृष्ठ 6
■ हमारा मिशन हमास के प्रत्येक गढ़ को ध्वस्त करना
■ भारत-अमरीका में टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार कल पृष्ठ 7
एडम गिलक्रिस्ट ने फॉर्म में वापसी के लिए जोश इंग्लिस का समर्थन किया पृष्ठ 8

# ईडी की मनमानी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

## महादेव एप मामले में मनमानी कर रहा है प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की मनमानी पर अंकुश लगाने की बताई सख्त जरूरत

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (देशबन्धु) कांग्रेस ने चुनाव आयोग से गुहार लगाई है कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन निदेशालय (ईडी) महादेव एप मामले में मनमानी कर रहा है और इससे लोकतंत्र को खतरा पैदा हो गया है इसलिए ईडी की मनमानी पर अंकुश लगाने की सख्त जरूरत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, तारीक अनवर तथा उदित राज ने महादेव एप मामले में चुनाव आयोग से मिलने के बाद बुधवार को यहां निर्वाचन सदन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को छत्तीसगढ़ में ईडी के जरिए रौंदा जा रहा है और वहां लोकतंत्र को संरक्षण देने का आग्रह करने के लिए पार्टी ने आयोग से समय मांगा था।




**लोकतंत्र की हिफाजत के लिए जरूरी**

आयोग से मुलाकात के दौरान पार्टी की तरफ से बताया गया कि छत्तीसगढ़ में ईडी की मनमानी चल रही है और लोकतंत्र की हिफाजत के लिए उसे पर रोक लगाना ज़रूरी है। श्री सिंघवी ने कहा, छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव से पहले हमने चुनाव आयोग से मिलने का समय मांगा था। आज उन्होंने हमें मिलने के लिए बुलाया था। हमने चुनाव आयोग से शिकायत में कहा है- 18 महीने पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने महादेव एप मामले में जाँच शुरू ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## छत्तीसगढ़िया कमजोर और कायर नहीं : बघेल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है और कहा है कि छत्तीसगढ़िया कमजोर और डरने वाला नहीं है, क्योंकि वह स्वाभिमान से अपना चावल खाते हैं। दरअसल, ईडी ने देश के अन्य हिस्सों के साथ छत्तीसगढ़ में दबिश दी है, इनमें भिलाई निवासी सुरेश घिंगानी भी हैं, जो बघेल के व्यय लेखक हैं। इसी पर बघेल ने एक्स पर लिखा है, मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा, लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया, सुबह-सुबह ईडी को मेर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## जम्मू में भाजपा का साथ छोड़ने वाले पर ईडी का छापा

**जम्मू।** भाजपा का साथ छोड़ डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी गठित करने वाले पूर्व भाजपा नेता चौधरी लाल सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लान्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है। ईडी अधिकायिों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है कि जम्मू क्षेत्र में ईडी द्वारा किसी मामले में की गई यह पहली गिरफ्तारी है। अधिकारियों ने बताया कि मनी लान्ड्रिंग मामले में आरोपित पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह की मंगलवार को अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद ईडी ने देर रात को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने रात करीब दस बजे चौधरी लाल सिंह को जम्मू के बाहरी क्षेत्र चुआदी से गिरफ्तार किया। लाल सिंह अपने परिवार के साथ यहां एक किराये के मकान में रह रहे थे।

# ईडी व भाजपा ने मिलकर मुख्यमंत्री की छवि खराब करने साजिश रची : तिवारी

## नमो एप में भी खिलाया जाता है सट्टा

**रायपुर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। ईडी और भाजपा ने मिलकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने साजिश रची। ईडी ने जिस ड्राईवर के बयान पर मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया वह भाजपा का कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के इशारों पर ईडी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने के उद्देश्य से एक दुर्भावनापूर्वक प्रेस नोट जारी किया। इसमें ईडी ने सिर्फ एक आरोपी के फौरी ब्यान के आधार पर मुख्यमंत्री के खिलाफ बिना किसी प्रमाण के, बिना किसी जांच के पैसे लेने का प्रेसनोट हड़बड़ी में जारी कर दिया। उन्होंने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि नमो एप में भी सट्टा खिलाया जाता है।



एआईसीसी के प्रदेश कांग्रेस मीडिया पर्यवेक्षक व राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने राजीव भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि महादेव एप्प के मालिकों में से एक रवि उप्पल का भाई भाजपा के दुर्ग के सांसद जो पाटन में मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ रहे उनके साथ है। उसकी फोटो रमन सिंह के साथ भी है। सारे कनेक्शन भाजपा के बड़े नेताओं के साथ है। आरोप कांग्रेस पर लगाते है।

असीम दास जिसके साथ रमन सिंह और पियूष मिश्रा जो भाजपा का पार्षद है, जो प्रेम प्रकाश पांडे का प्रतिनिधि था उसके बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री पर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## पीएम मोदी का 13 को प्रदेश दौरा

### 2 जिलों में करेंगे आमसभा को संबोधित



**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं के प्रदेश में ताबड़तोड़ दौरे जारी है. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ के दौरें पर रहेंगे। प्रदेश के महासमुंद और मुंगेली जिला में आम सभा को संबोधित करेंगे। राजधानी रायपुर की चार विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो करेंगे। बीजेपी का छत्तीसगढ़ में फुल फोकस है।

## अमित शाह आज डभरा में करेंगे रोड शो



**सक्ती,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। पहले चरण का मतदान हो गया है। जिसके बाद दूसरे चरण की तैयारियों के लिए पार्टियों के दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा शुरू हो गया है। इस कड़ी में कल 9 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। गृहमंत्री अमित शाह 9 नवंबर को चंद्रपुर विधानसभा के डभरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंच रहे है। उनकी आमसभा की तैयारी जोरों पर है तो वही भाजपाईयों में इसे लेकर उत्साह बना हुआ है माना जा रहा है कि उनका दौरा कार्यक्रम भाजपा की जीत सुनिश्चित करेगी। भाजपा नेता नेता कवि वर्मा ने इस संबंध में बताया कि डभरा के दशहरा मैदान में आमसभा की तैयारी जोरों पर चल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## जंगल से आदिवासियों की जमीन छीनकर अडानी-अंबानी को दे रहे मोदी : राहुल

**अंबिकापुर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान के संपन्न होने के बाद दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार तेज हो गया है। सभी राजीतिक पार्टियां चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बुधवार को राहुल गांधी पहुंचे, अंबिकापुर के कतकालो स्टेडियम ग्राउंड में उन्होंने आमसभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए टीएस सिंहदेव ने कहा कि पिछली बार सरगुजा की 14 सीटें मिली। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में काफी काम किया। हर वर्ग के लिए कांग्रेस ने काम किया है।


अंबिकापुर में कांग्रेस की आमसभा

राहुल गांधी बोले, 'पिछले चुनाव में हमने 2-3 वादे किए थे. सबसे बड़ा काम किसानों के कर्ज माफी का हमने किया. यह कोई छोटी बात नहीं थी. तब बीजेपी के नेताओं ने कहा था. कोई यह नहीं कह सकता कि किसानों का कर्ज माफी नहीं हुआ. कोई नहीं कह सकता है कि धान की कीमत उनको नहीं मिली. जो हम कहते हैं, वो कर के दिखाते हैं। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सुपेला से पकड़ाया आईएसआईएस का सक्रिय सदस्य

**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस व एटीएस उत्तर प्रदेश की सयुक्त



कार्यवाही में स्मृतिनगर पुलिस चौकी के अंतर्गत आईएसआईएस का एक सक्रिय सदस्य गिरफ्तार किया है। 7 नवम्बर को एटीएस यूनिट झांसी (उ.प्र,) की टीम दर्ज मुकदमा धारा 121( ।) 122 व 13, 18 18(ठ), 38 विधि विरूद्ध क्रिया कलाप ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# भिलाई में आईटी के बाद ईडी का छापा



**भिलाईनगर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। भिलाई के लिंक रोड कैम्प 2 स्थित हुकुमचंद हिम्मतचंद थोक पटाखा स्टोर में इंकम टैक्स की टीम की पड़ताल चल ही रही थी कि अब ईडी टीम भी आ धमकी है। सुबह लगभग 6 बजे से इस पटाखा व्यवसायी के घर, गोदाम तथा दुकानों ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## देव माइनिंग में ईडी की दबिश, व्यापारियों में मचा हड़कंप

**बालोद।** बुधवार को मंत्री प्रतिनिधि के करीबी माने जाने वाले देव माइनिंग के दल्ली राजहरा सुभाष चौक स्थित ऑफिस में सुबह तड़के 4:00 बजे ईडी के छापे से खलबली मचा दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देव माइनिंग कंपनी के मालिक सुमित जैन बताए जा रहे हैं। छापे की कार्रवाई अभी तक जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देव माइनिंग का काम ढुलकी माईन्स, गिधाली माइन्स, दल्ली माइन्स और कच्चे माईन्स मैं बड़े पैमाने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤




कैश डिस्काउंट ₹2100* | डाउन पेमेंट ₹0^ | कम ब्याज दर @ 6.50%^ | 0* प्रोसेसिंग फीस एडवांस ईएमआई डॉक्यूमेंटेशन चार्ज | अभी खरीदें और भुगतान करें 2024^ में | Hero 112 MILLION MADE OF TRUST | WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply | CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 | SCAN TO AVAIL GIFT OFFERS

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). $As per combined sales volume of upto 110 cc motorcycles for FY 2023 by a single company. Data Source:SIAM's Domestic Sales Data FY 2023. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. *Terms and Conditions apply. "Ex-Showroom price of HF Deluxe Kick and Splendor+ Drum in Raipur.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK, GeM REQUIREMENTS, PLEASE MAIL AT raipur@heromotocorp.com | हीरो के सभी स्कूटर्स एवं बाइक्स से सम्बंधित ऑफर्स अब सीएसडी कैन्टीन में भी उपलब्ध

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623, बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज 8770383767, अधिकृत ए.एस.सी.: राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, बारामा: राठौर ऑटोमोबाईल्स 7470360334, कोण्डागांव: आहूजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगही: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 9893126700, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीसगढ़ ऑटो केयर 8319358443, परोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एस.एस. ऑटो 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, छत्तीसगढ़ हीरो (भाटागाँव) 7428048702, अधिकृत डीलर रीप्रजेन्टेटीव: भानपुरी: अपाशा ऑटोमोबाईल्स 9757788320, 6261336946, बनियागांव: संतू ऑटोकेयर 7999887434, 9131461749, सुकमा: आशुतोष ऑटोकेयर 9425260291, 8889696789, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरापारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 2428555, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

# दुनिया रंग-बिरंगी

### बिंग चैट में मदद के लिए माइक्रोसॉफ्ट ओरेकल क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का कर रहा इस्तेमाल

सैन फ्रांसिस्को, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। क्लाउड प्रमुख ओरेकल ने एआई सर्विस, खास तौर से एआई चैटबॉट बिंग के विकास का समर्थन करने के लिए तकनीकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट के साथ बहु-वर्षीय समझौते की घोषणा की है। माइक्रोसॉफ्ट एआई मॉडल्स का अनुमान लगाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट एज्योर एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ ओरेकल क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर (ओसीआई) एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल कर रहा है, जिन्हें हर दिन माइक्रोसॉफ्ट बिंग कन्वर्सेशनल सर्च को सशक्त बनाने के लिए अनुकूलित किया जा रहा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, माइक्रोसॉफ्ट एज्योर के लिए ओरेकल इंटरकनेक्ट का लाभ उठाते हुए, माइक्रोसॉफ्ट बिंग कन्वर्सेशनल सर्च की बढ़ती मांग का समर्थन करने के लिए ओसीआई कंप्यूट को बड़े पैमाने पर व्यवस्थित करने के लिए एज्योर कुबेरनेट्स सर्विस (एकेएस) जैसी प्रबंधित सर्विस का इस्तेमाल करने में सक्षम है।

## 2022 में वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड 7.5 मिलियन लोगों में टीबी का पता चला : डब्ल्यूएचओ



**जिनेवा,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 2023 वैश्विक टीबी रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि 2022 में दुनिया भर में 7.5 मिलियन लोगों में तपेदिक (टीबी) का पता चला। यह आंकड़ा 1995 के बाद से सबसे अधिक है। 192 देशों और क्षेत्रों के डेटा को पेश करने वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के कारण ये आंकड़े सामने आए। इसने कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बाद, 2022 में टीबी निदान और उपचार सेवाओं के पैमाने में एक महत्वपूर्ण विश्वव्यापी सुधार को रेखांकित किया। हालांकि, इसने नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए त्वरित प्रयासों का भी आह्वान किया। 2020 और 2021 में टीबी से पीड़ित नए लोगों की संख्या में वैश्विक कमी में भारत, इंडोनेशिया और फिलीपींस का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है। 2022 में सभी 2019 के स्तर तक पहुंच गए। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने बयान में कहा, 'सहस्राब्दियों तक हमारे पूर्वज टीबी से पीड़ित रहे और मर गए, बिना यह जाने कि इसका कारण क्या था या इसे कैसे रोका जाए।'

उन्होंने कहा, 'आज हमारे पास ज्ञान और उपकरण हैं जिनके बारे में उन्होंने केवल सपना देखा होगा। हमारी राजनीतिक प्रतिबद्धता है और हमारे पास अवसर है कि मानवता के इतिहास में किसी भी पीढ़ी को टीबी की कहानी में अंतिम अध्याय लिखने का अवसर नहीं मिला है।' वैश्विक स्तर पर, 2022 में अनुमानित 10.6 मिलियन लोग टीबी से बीमार पड़े, जो 2021 के 10.3 मिलियन से अधिक है। भौगोलिक दृष्टि से 2022 में टीबी से पीड़ित अधिकांश लोग दक्षिण-पूर्व एशिया (46 प्रतिशत), अफ्रीका (23 प्रतिशत) के डब्ल्यूएचओ क्षेत्र में थे। वहीं पश्चिमी प्रशांत (18 प्रतिशत), पूर्वी भूमध्य सागर (8.1 प्रतिशत), अमेरिका (3.1 प्रतिशत) और यूरोप (2.2 प्रतिशत) में छोटे अनुपात के साथ थे। 2022 में टीबी से संबंधित मौतों की कुल संख्या (एचआईवी वाले लोगों सहित) 1.3 मिलियन थी, जो 2021 में 1.4 मिलियन से कम है। हालांकि, 2020-2022 की अवधि के दौरान कोविड-19 व्यवधानों के चलते टीबी से लगभग पांच लाख अधिक मौतें हुईं। एचआईवी से पीड़ित लोगों में टीबी अभी भी मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। मल्टीड्रग-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर-टीबी) एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बना हुआ है। जबकि अनुमानत: 2022 में 410,000 लोगों में मल्टीड्रग-प्रतिरोधी या रिफैम्पिसिन-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर/आरआर-टीबी) विकसित हुई, लेकिन पांच में से केवल दो लोगों को ही इलाज मिल सका। नए टीबी निदान, दवाओं और टीकों के विकास में कुछ प्रगति हुई है। हालांकि, यह इन क्षेत्रों में निवेश के समग्र स्तर से बाधित है। 2022 में महत्वपूर्ण सुधार के बावजूद, 2018 में निर्धारित वैश्विक टीबी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रगति अपर्याप्त थी, जिसमें महामारी के कारण होने वाले व्यवधान और चल रहे संघर्ष प्रमुख योगदान कारक थे। 2015 से 2022 तक टीबी से संबंधित मौतों में 19 प्रतिशत की कमी थी, जो 2025 तक डब्ल्यूएचओ एंड टीबी रणनीति के 75 प्रतिशत की कमी के अनुमान से काफी कम है। नए लक्ष्यों में 90 प्रतिशत जरूरतमंद लोगों तक टीबी की रोकथाम और देखभाल सेवाएं पहुंचाना शामिल है।

## जिंदा हुआ 'मरा' आदमी, जान को खतरा !

**वाराणसी (उत्तर प्रदेश),** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। यह संघर्ष की एक ऐसी कहानी है जो खत्म होने का नाम ही नहीं लेती। लाल बिहारी राजस्व रिकॉर्ड में 19 साल तक मृत रहे थे। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद रिकॉर्ड में उन्हें जीवित दिखाया गया। अब उन्हें अपने जीवन के लिए खतरे का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें कई लोगों के लिए संघर्ष करने की वजह से जान का खतरा है जो जीवित हैं लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में मर चुके हैं। लाल बिहारी ने अपनी जान को खतरा बताते हुए प्रतिबंधित एके-47 राइफल का लाइसेंस मांगा है। लाल बिहारी ने कहा है कि मैं मुख्य सचिव से अनुरोध करता हूं कि मुझे एके-47 राइफल का लाइसेंस प्राप्त करने की अनुमति दी जाए, क्योंकि मुझे ऐसे कई लोगों के लिए संघर्ष करने की वजह से जान का खतरा है जो जीवित हैं लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में मृत हैं। उन्होंने प्रतिबंधित बंदूक के लाइसेंस के लिए यूपी के मुख्य सचिव को लिखा है। भारत में कोई भी व्यक्ति लाइसेंसशुदा एके-47 नहीं रख सकता, क्योंकि यह केवल विशेष बलों के लिए है। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं जानता हूं कि यह अत्याधुनिक बंदूक आम जनता के लिए प्रतिबंधित है, लेकिन इसे 'मृतक' (मृत व्यक्ति) को दिया जा सकता है। लाल बिहारी 1975 से 1994 के बीच राजस्व रिकॉर्ड में आधिकारिक तौर पर 'मृत' रहे। वह खुद को जिंदा साबित करने के लिए 19 साल तक ब्यूरोक्रेसी से लड़ते रहे। इस बीच, उन्होंने अपने नाम के साथ 'मृतक' (मृत) जोड़ लिया और सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से उनकी संपत्ति हड़पने के लिए रिकॉर्ड पर मृत घोषित किए गए लोगों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए मृतक



संघ की स्थापना की। जब उन्होंने बैंक से ऋण के लिए आवेदन किया था, तब उन्हें पता चला कि राजस्व रिकॉर्ड में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। उनके चाचा ने उन्हें मृत दर्ज करने के लिए एक अधिकारी को रिश्वत दी थी और उनकी पैतृक भूमि का मालिकाना हक अपने नाम पर स्थानांतरित करवा लिया था। इन वर्षों में, बिहारी ने अपने संघर्ष के दौरान अभिलेखों में हेराफेरी को उजागर करने और अपनी दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कई अतरंगी तरीके आजमाए। बिहारी ने अपना अंतिम संस्कार खुद आयोजित किया और यहां तक कि अपनी पत्नी के लिए विधवा पेंशन के लिए भी आवेदन कर दिया। वह यह साबित करने के लिए चुनाव लड़े कि वह जीवित हैं। साल 1994 में लंबे कानूनी संघर्ष के बाद आखिरकार बिहारी अपनी 'मृत' स्थिति को रद्द कराने में कामयाब रहे। उनके संघर्ष पर एक बायोपिक, 'कागज़', 2021 में सतीश कौशिक द्वारा बनाई गई थी, जिसमें अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने उनका किरदार निभाया था। भ्रष्टाचार और सिस्टम की खामियों पर आधारित इस फिल्म में मोनाल गज्जर, मीता वशिष्ठ, अमर उपाध्याय और सतीश कौशिक भी थे।

उन्होंने अपने संघर्ष के लिए मुआवजे की मांग की, लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने उनके द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आधिकारिक तौर पर 'मृत' होने पर खोए वर्षों के लिए सरकार से 25 करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की थी। पीठ ने अदालत का समय बर्बाद करने के लिए उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## अमिताभ बच्चन ने अल्लू अर्जुन की तारीफों के बांधे पुल, 'श्रीवल्ली' डांस स्टेप की तारीफ की

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेता अल्लू अर्जुन की प्रशंसा की और अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि कैसे 'श्रीवल्ली' गाने में अल्लू अर्जुन का डांस स्टेप कुछ ही समय में इंटरनेट पर वायरल हो गया। गाने को जावेद अली ने गाया है और इसमें अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना हैं। यह ट्रैक तेलुगु एक्शन ड्रामा फिल्म 'पुष्पा: द राइज' से है। एपिसोड 62 में, मेजबान अमिताभ बच्चन ने रोलओवर प्रतियोगी ओडिशा के भुवनेश्वर से इप्सिता दास का हॉट सीट पर स्वागत किया। 20,000 रुपए के लिए, कंटेस्टेंट से पूछा गया: 'साल 2023 में सर्वश्रेष्ठ एक्टर के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार किसे दिया गया था?' दिए गए विकल्प थे - रजनीकांत, ममूटी, अल्लू अर्जुन और ऋषभ शेट्टी। सही उत्तर 'अल्लू अर्जुन' था। अमिताभ ने कहा, 'अल्लू अर्जुन को 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'पुष्पा: द राइज' के लिए पुरस्कार मिला। लेकिन कोविड



के कारण दो साल तक यह पुरस्कार नहीं दिया गया जो बाद में उन्हें दिया गया। क्या आपने 'पुष्पा' देखी है?' कंटेस्टेंट: 'हां सर'। एक्टर ने कहा, 'यह शानदार फिल्म है? उनका अभिनय दमदार था। मैंने अपने जीवन में पहली बार चप्पल उतरने जैसी कोई चीज वायरल होते देखी। डांस करते समय वह उतर गई।' कंटेस्टेंट: 'यह एक आइकोनिक स्टेप है।' बिग बी: 'और जितने लोग उनका डांस स्टेप कॉपी करते है, उन्होंने अपनी चप्पलें उतारनी शुरू कर दीं, फिर पहनते और चलते इस तरह यह हिट हो गया।'

### रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में लगा सितारों का जमावड़ा

मुंबई। फिल्म निर्माता और टिप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में बॉलीवुड हस्तियों ने शिरकत की। पार्टी में सलमान खान, कैटरीना कैफ, रितेश और जेनेलिया देशमुख, गोविंदा के साथ कई कलाकार नजर आए। सलमान अपने सिग्नेचर स्वैग में नजर आए और उन्होंने मस्टर्ड येलो शर्ट और मैचिंग डेनिम रिप्ड जींस पहनकर पार्टी में एंट्री की। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक बूट्स से पूरा किया। कैटरीना बहुरंगी लहंगे में खूबसूरत लग रही थीं और इसके साथ भूरे रंग का फुल स्लीव्स ब्लाउज और दुपट्टा था। उन्होंने अपने बाल खुले रखे और चमकीले झुमके पहने। कैटरीना ने मिनिमल मेकअप, न्यूड लिप्स और बिंदी से लुक को पूरा किया।

## नासा ने सैटेलाइट इमेज में दिखाया दिल्ली का जहरीला धुंआ

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। नासा द्वारा हाल ही में जारी सैटेलाइट इमेजरी ने दिल्ली में फैले जहरीले धुएं के खतरनाक प्रसार को उजागर किया है, जिससे विशेषज्ञों के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं, जो अब इसे देश की राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण 'संकट' के रूप में संदर्भित कर रहे हैं। नासा वर्ल्ड व्यू के विजुअल्स में सोमवार को भारत के उत्तरी मैदानी इलाकों में धुंध की मोटी चादर छाई हुई दिखाई दी, जिससे दिल्ली के आसपास के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता अस्वास्थ्यकर स्तर तक खराब हो गई। दिल्ली में बुधवार सुबह हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी रही और शहर भर के कई स्टेशनों पर पीएम 2.5 और कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) में वृद्धि दर्ज की गई।

बुधवार को पड़ोसी गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382, गुरुग्राम में 370, नोएडा में 348, ग्रेटर नोएडा में 474 और फरीदाबाद में 396 था। केंद्रीय प्रदूषण



नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में आनंद विहार स्टेशन पीएम 2.5 500 के साथ 'गंभीर' श्रेणी में रहा, जबकि सीओ 112 और एनओ2 128 पर 'मध्यम' श्रेणी में रहा। बवाना स्टेशन पर पीएम 2.5 और पीएम 10, 500 (गंभीर) दर्ज किया गया, जबकि सीओ 110 (मध्यम) तक पहुंच गया। दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) स्टेशन पर, पीएम 10 'गंभीर' श्रेणी के तहत 456 पर पहुंच गया, जबकि पीएम 2.5 'बहुत खराब' श्रेणी के तहत 356 पर था। सीओ को 'मध्यम' श्रेणी के तहत 115 पर दर्ज किया गया था। द्वारका सेक्टर 8 के स्टेशन पर पीएम 10 465 और पीएम 2.5 457 ('गंभीर') दर्ज किया गया, जबकि सीओ 135 पर, मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया।

बता दें कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा' माना जाता है। 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

## चीन में दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय खुला

**बीजिंग,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। वुचन विश्व इंटरनेट विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय 7 नवंबर को दक्षिण-पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत के थोंगश्यांग शहर स्थित वुचन कस्बे में खुल गया। यह संग्रहालय दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर इंटरनेट-थीम वाला विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय है। गौरतलब है कि वुचन कस्बा, विश्व इंटरनेट सम्मेलन के वुचन शिखर सम्मेलन का स्थायी स्थल है। इस संग्रहालय का उद्देश्य वुचन शिखर सम्मेलन को प्रदर्शित करना है, जो कहानी और प्रौद्योगिकी के संयोजन के माध्यम से 365 दिनों का कभी न खत्म होने वाला विश्व इंटरनेट सम्मेलन है। इस संग्रहालय ने 6 स्थायी प्रदर्शनी क्षेत्र स्थापित किए हैं, जिनमें 'इंटरनेट वैश्विक साझा मंच का नवाचार करता है', 'इंटरनेट डिजिटल विकास के मार्ग का समर्थन करता है', 'इंटरनेट मानव डिजिटल सभ्यता को आकार देता है', 'इंटरनेट आकाश, पृथ्वी और समुद्र में सब कुछ जोड़ता है', 'इंटरनेट डिजिटल प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देता है' और 'इंटरनेट मानव जाति के साझा भविष्य को जोड़ता है।'

## सुंदर है शिनच्यांग और वहां के फलों का स्वाद भी है लाजवाब

बीजिंग, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के शिनच्यांग का क्षेत्र विशाल है। यहां के अद्वितीय जल, मिट्टी, प्रकाश और ताप संसाधनों ने बड़ी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले और स्वादिष्ट विशेष वन और फलों का उत्पादन किया है। यहां चीन में एक महत्वपूर्ण वन और फल उत्पाद आपूर्ति आधार है। शिनच्यांग को 'फलों और खरबूजों की भूमि' के रूप में जाना जाता है। शिनच्यांग में कुल वन और फल रोपण क्षेत्र 14 लाख हेक्टेयर हैं, जो राष्ट्रीय वन और फल क्षेत्र का लगभग 13 प्रतिशत भाग है। लाल खजूर, अंगूर, खुबानी, सुगंधित नाशपाती, बादाम और पुलम के



रोपण पैमाने और उत्पादन में देश में पहला स्थान है। अखरोट, सेब और वुल्फबेरी जैसी विशेष वृक्ष प्रजातियों के रोपण पैमाने और उत्पादन को देश में सर्वश्रेष्ठ में से एक माना जाता है। शिनच्यांग में सालाना 1 करोड़ 30 लाख टन से अधिक फलों का उत्पादन होता है। मुख्य फल उत्पादक क्षेत्रों में किसानों और चरवाहों की वन फल आय प्रति व्यक्ति आय का लगभग 30 प्रतिशत है। इसने शिनच्यांग के ग्रामीण पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाल के वर्षों में, जैसे-जैसे शिनच्यांग में फलों की लोकप्रियता, प्रतिष्ठा और प्रभाव में वृद्धि जारी रही है, 'बेल्ट एंड रोड' आर्थिक बेल्ट के मुख्य स्थान के लाभों पर भरोसा करते हुए प्रत्येक वर्ष शिनच्यांग के लगभग 80 फीसदी विशिष्ट वन और फल उत्पाद विभिन्न स्थानों पर बेचे जाते हैं। इस वर्ष नए पुलम और खुबानी जैसे प्रसिद्ध और विशेष नए फल पहली बार दक्षिण पूर्व एशिया में निर्यात किए गये, जिससे शिनच्यांग के फल बाजार का और विस्तार हुआ और फल उद्योग के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को प्रभावी ढंग से बढ़ावा मिला।

## करीना ने 'मार्वल्स वेस्टलैंडर्स हिंदी डब' के लिए ब्लैक विडो को आवाज देना 'एक अवास्तविक अनुभव' बताया



मुंबई, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। मार्वल चरित्र हॉकआई ब्लैक विडो के बाद अब ऑडियोबुक की दुनिया का विस्तार करते हुए 'मार्वल्स वेस्टलैंडर्स: ब्लैक विडो' नामक अपनी खुद की ऑडियोबुक श्रृंखला को हिंदी में डब कर रहा है। जिसमें करीना कपूर अपनी आवाज देंगी। ब्लैक विडो को आवाज देने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए करीना ने कहा, 'ब्लैक विडो जैसे प्रतिष्ठित किरदार में जान फूंकना एक अवास्तविक अनुभव रहा है। 'मार्वल्स ब्लैक विडो' में केवल मेरी आवाज का उपयोग करके श्रोताओं को एक्शन से भरपूर यात्रा पर ले जाना एक अनोखी चुनौती रही है। मुझे आशा है कि श्रोता अपनी कल्पना का उपयोग करके कहानी की कल्पना करने में सक्षम होंगे।' मार्वल कॉमिक्स हाल ही में ऑडियो पुस्तकों की दुनिया में बहुत अधिक निवेश कर रहा है क्योंकि वे कहानी कहने का विस्तार कर रहे हैं। एमसीयू की 'व्हाट इफ़' की शैली में डार्क वैकल्पिक वास्तुशिल्प को पेश कर रहे हैं। अपनी जीत के लगभग 30 साल बाद, हेलेन ब्लैक का चरित्र 'द ओनार' में अपने नए अपार्टमेंट में आता है, जो एक ऐसा परिसर है जिसका स्वामित्व और संचालन जासूसी-संगठन करता है। 'मार्वल्स वेस्टलैंडर्स: ब्लैक विडो' के हिंदी डब में लिसा कार्टराईट के रूप में मसाबा गुप्ता, जॉर्डन टेम्पल के रूप में विहान समत, येलेना बेलोवा के रूप में अदा शर्मा, जूडी क्रेट्ज़ के रूप में नीतू चंद्रा और के.आई.एम. के रूप में अदिति भाटिया की आवाज के साथ एक मजबूत कलाकार शामिल हैं। 'मार्वल्स वेस्टलैंडर्स' ब्लैक विडो' का अंग्रेजी भाषा संस्करण एलेक्स डेलील द्वारा लिखा गया है। यह टिमोथी बसफील्ड द्वारा निर्देशित है। 'मार्वल्स वेस्टलैंडर्स' श्रृंखला ऑडिबल और मार्वल एंटरटेनमेंट के बीच पहले सहयोग का हिस्सा है और संबंधित देशों में फ्रेंच, जर्मन, हिंदी, इटालियन और जापानी में एक साथ रिलीज होगी।

### अयोध्या दीपोत्सव 2023

## 51 घाटों पर दीपों को सजाने का कार्य शुरू

**अयोध्या**, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ राम की पैड़ी व चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों पर वालंटियर्स द्वारा दीपों को सजाने का कार्य शुरू हो गया है। शासन द्वारा निर्धारित 21 लाख दीये प्रज्ज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर वालंटियर्स द्वारा 24 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए जायेंगे।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के अनुसार इस बार भी दीपोत्सव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप भव्य बनाया जायेगा। 25,000 से अधिक वालंटियर्स दीपोत्सव में पुन: विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। विवि प्रशासन एवं जिला प्रशासन से जारी पहचान-पत्र के साथ ही दीपोत्सव स्थल पर वालंटियर्स एवं अन्य का प्रवेश होगा। कुलपति ने बताया कि 9 नवंबर तक वालंटियर्स द्वारा घाट प्रभारी की देखरेख में सभी घाटों पर दीपों को बिछाने का कार्य संपन्न हो जाएगा। वहीं, 10 नवंबर को दीपों के



सजाने व लक्ष्य प्राप्ति के बाद घाटों की साफ-सफाई व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा दीयों की गणना की जायेगी। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर वालंटियर्स एवं अन्य पदाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। विश्वविद्यालय से वालंटियर्स के लिए दीपोत्सव तक बसों को इंतजाम किया गया है। प्रतिदिन बसें विश्वविद्यालय में प्रात: 8 बजे से राम की पैड़ी के लिए रवाना की जा रही हैं।

### अयोध्या दीपोत्सव : अवधपुरी में होगा गुजरात का गरबा, केरल की कथकली

लखनऊ। विश्व फलक पर अयोध्या के दीपोत्सव की गूंज एक बार फिर अपनी अलग आध्यात्मिक पहचान स्थापित करेगी। संस्कृति और अध्यात्म के संगम के बीच योगी सरकार की पहल पर 9 से 11 नवंबर तक भरत कुंड, गुप्तार घाट, बिड़ला धर्मशाला, रामघाट व रामकथा पार्क में भारतीय संस्कृति बिखेरी जाएगी। यहां एक तरफ जहां आध्यात्मिक यूपी दुनिया में नया मुकाम बनाएगी, वहीं सांस्कृतिक यूपी लोकगीतों, वाद्ययंत्रों व लोकसंस्कृति के जरिए अपनी गौरवशाली परंपरा को बढ़ाएगी। विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे ग्रामीण परिवेश के धोबिया, फरुआही नृत्य के कलाकारों को भी सरकार ने दीपोत्सव जैसा अद्वितीय मंच दिया तो राम की अयोध्या में ब्रज के लोकनृत्य की भी बयार बहाने का अवसर उपलब्ध कराया। अवध में ब्रज के कलाकार राम-कृष्ण की धरती की संस्कृति, भाषा और शैली से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। दीपोत्सव पर कुमार विशु 'भजन गंगा में स्नान' कराएंगे। यूपी के संस्कृतिक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या के सातवें दीपोत्सव में भारत के कई प्रांतों की भाषा, शैली/बोली व संस्कृति का भी अद्भुत संगम दिखेगा। 9 से 11 नवम्बर तक यहां उत्तर प्रदेश व कई राज्यों के कलाकार प्रस्तुति देंगे। एक तरफ जहां अयोध्या की 12 रामलीलाओं के कलाकारों को मंच मिलेगा तो वहीं सोनभद्र का आदिवासी नृत्य भी अलग छाप छोड़ेगा। आजमगढ़ के मुन्ना लाल व उनकी टीम धोबिया नृत्य, मथुरा के राजेश शर्मा व टीम मयूर नृत्य से मन मोहेगी। झांसी का राई नृत्य भी अयोध्या की पावन धरा पर दर्शकों से मुखातिब होगा तो राम-हनुमान सेना की झांकी से भी दर्शक अवगत होंगे। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कई कलाकारों और विधाओं को मंच दिया है, वहीं अन्य प्रांतों की संस्कृति को भी अवध की धरती पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है। केरल के कथकली नृत्य से कुंजीरमन व सिक्किम के सिंधी छम नृत्य से शरद चंद्र सिंह परिचित कराएंगे, जम्मू कश्मीर के मनदीप रूफ नृत्य के जरिए अपने प्रदेश की सांस्कृतिक झलक दिखाएंगे।

रायपुर, गुरुवार 9 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# दिल्ली-एनसीआर कैसे हो प्रदूषण मुक्त ?

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब व राजस्थान में बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा पराली जलाने के कारण दिल्ली समेत एनसीआर कहे जाने वाले क्षेत्र के नागरिक भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ गये हैं। हर साल सर्दियों के प्रारम्भ में आने वाले इस संकट से लोगों को मुक्ति कैसे मिले, इसके उपाय न तो पर्यावरण वैज्ञानिकों के पास हैं और न ही सरकारों के पास कि वे आखिर क्या करें। सम्बन्धित राज्य सरकारों की दिक्कत इसलिये बढ़ गई है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इसे लेकर बहुत सख्त हो गया है। मंगलवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान उसने दिल्ली के समीपवर्ती राज्य सरकारों से कह दिया है कि इससे उसे कोई मतलब नहीं है कि वे पराली जलाने से रोकने के लिये क्या करती हैं और क्या नहीं- कोर्ट चाहती है कि यह तत्काल रुके। उसने साफ कह दिया है कि वह लाखों नागरिकों को जहरीली हवा में सांस लेकर मरते हुए नहीं देख सकती। इसलिये इस समस्या के लिये सर्वाधिक जिम्मेदार माने जाने वाले पंजाब की सरकार की इस दलील से भी संतुष्ट नहीं है कि पिछले वर्ष के मुकाबले पराली जलाने की घटना में 40 प्रतिशत की कमी आई है।

अब देखना यह है कि इस पर कुछ राजनैतिक खींच-तान, वाद-विवाद और कानूनी ज़िरह के बाद यह मामला अगले साल तक के लिये फिर ठंडे बस्ते में जाता है या केन्द्र व राज्य सरकारें मिलकर कोई स्थायी समाधान निकालती हैं ताकि इस क्षेत्र के नागरिक हर वर्ष तकरीबन महीने भर के लिये गैस चेंबर बन जाने वाले दिल्ली-एनसीआर में ही रहने के लिये अभिशप्त न रहें।

उल्लेखनीय है कि आसपास के हजारों किसानों द्वारा पुरानी फसल के अवशेषों को जलाने के कारण जिस बड़े पैमाने में धुआं उठता है वह स्वाभाविक रूप से ठंडे तापमान में बहुत ऊंचे आसमान में न जाकर नीचे बैठने लगता है। इसके कारण इस पूरे क्षेत्र में फैलने वाली हवा इतनी ज़हरीली हो जाती है कि लोगों का सांस लेना तक दूभर हो जाता है। कतिपय भौगोलिक व वैज्ञानिक कारणों से इसका घनत्व दिल्ली व एनसीआर में होता है। घनी बसाहट व वाहनों के निकलते धुएं का साथ पाकर दिल्ली सर्वाधिक प्रभावित होती है। किसी वार्षिक अनुष्ठान की तरह इस भयानक प्रदूषण पर कानूनी व सियासी विवाद शुरू हो गया है। पर्यावरणविद एमसी मेहता की 1985 में दायर एक याचिका की सुनवाई के सिलसिले में जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच में यह मामला विचाराधीन है।

पिछले लगभग एक हफ्ते से दिल्ली का हर साल की तरह यही आलम होने से सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही सख्त रवैया अपनाया जिसका अंदाजा उनके इन शब्दों से लगाया जा सकता है जिसमें उसने कहा कि 'यदि हमने अपना बुलडोजर चलाना शुरू किया तो रुकेंगे नहीं।' चूंकि पराली की समस्या के लिये पंजाब को सर्वाधिक जिम्मेदार माना जाता रहा है, कोर्ट ने इस राज्य को लेकर बहुत कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि वह राजनीति बंदकर आवश्यक कार्रवाई करे। साथ ही, सभी सम्बन्धित सरकारों को एक-दूसरे पर दोषारोपण करने से बचने और अपने-अपने राज्यों में पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिये। पीठ का कहना था कि पंजाब सरकार चाहे जुर्माना लगाये या प्रोत्साहन दे, उसे पराली जलाने पर रोक लगानी होगी। जब पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि जुर्माना लगाना कठिन है, तो बेंच ने तंज कसते हुए कहा कि 'जुर्माना लगाना कठिन हो सकता है परन्तु दिल्लीवासियों की सेहत बिगाड़ने में कोई दिक्कत नहीं होती।' शीर्ष कोर्ट को जब बताया गया कि किसानों को धान का उत्पादन न लेने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो इस पर कोर्ट ने सहमति जताई कि वैकल्पिक फसलें लेना अच्छा उपाय हो सकता है। धान की फसल की बजाय अन्य फसल लेने की बात इसलिये उठती है क्योंकि धान कटाई के बाद ही इसके अवशेषों (पराली) को जलाया जाता है ताकि रबी की फसलें ली जा सकें।

वैसे इस समस्या के राजनैतिक रंग लेने का एक बड़ा कारण यह है कि इसमें हरियाणा व उप्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं तो राजस्थान में कांग्रेस की। इस बार बुरे फंसे हुए हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो पहले पंजाब को दोषी ठहराया करते थे परन्तु पिछले वर्ष वहां उनकी (आम आदमी पार्टी की) सरकार बन जाने से वे न तो अपनी सरकार की आलोचना कर पा रहे हैं, न ही बचाव। इसे उनकी आलोचना का सुअवसर जानकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला कहते हैं कि 'सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश केजरीवाल के मुंह पर तमाचा है।' हालांकि आप ने कहा है कि शीर्ष कोर्ट जो भी निर्देश व सुझाव देगा, दिल्ली सरकार उनका पालन करेगी।

सुनवाई के दौरान धान की जगह वैकल्पिक फसलें लेने की जो बात कही गई है, वह एक आकर्षक सुझाव तो हो सकता है लेकिन इसकी प्रक्रिया बहुत लम्बी है जिसमें कई वर्ष लग जायेंगे। कहने मात्र से किसान धान की फसलें लेना नहीं छोड़ देंगे जब तक कि उनके पास धान की बिक्री से होने वाले आर्थिक लाभ के बराबर की कमाई सुनिश्चित न हो। पंजाब में धान लेने वाले किसानों की संख्या बहुत बड़ी है इसलिये यह सुझाव भी तत्काल में अमल में लाया जाना मुश्किल है। देखना यह है कि ये सरकारें अगली सुनवाई में क्या हल लेकर आती हैं, जो शुक्रवार, 10 नवम्बर को होगी; या फिर अगले करीब एक पखवाड़े तक दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को गैस चेंबर में ही रहना होगा। उसके बाद तो वैसे ही पराली जलनी बंद हो जाती है।

# निराधार बातों में कमजोर होती देश की जड़ें

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की गहमागहमी, जातिगत जनगणना, नीतीश कुमार का बिहार विधानसभा में दिया गया बयान और फिर उस पर माफी, केदारनाथ धाम में राहुल और वरुण गांधी की मुलाकात जैसी खबरों के शोर में दो और खबरों पर नजर पड़ी। पहली, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया और दूसरी, पिछले पांच सालों में यानी अप्रैल 2017 से जून 2022 तक मोदी सरकार के 16 मंत्रालयों ने पांच अंततराष्ट्रीय सलाहाकार कंपनियों को 5 सौ करोड़ रूपयों का भुगतान किया है। इस बीच आठ नवंबर की तारीख आई तो नोटबंदी के सात साल पर भी सुर्खियां बननी चाहिए थी कि इन सात सालों में देश को पांच सौ के पुराने और हजार के नोट बंद करने का क्या फायदा मिला, लेकिन मुख्यधारा का मीडिया इस वक्त नोटबंदी का जिक्र कर मोदी सरकार के मुंह का जायका क्यों बिगाड़ेगा। अलबत्ता कांग्रेस ने जरूर इस मौके पर कुछेक चुभते हुए पोस्ट किए हैं। जैसे राहुल गांधी ने लिखा-

नोटबंदी एक सोची समझी साज़िश थी, रोज़गार तबाह करने की। श्रमिकों की आमदनी रोकने की। छोटे व्यापारों को खत्म करने की। किसानों को नुकसान पहुंचाने की। असंगठित अर्थव्यवस्था को तोड़ने की। 99 प्रतिशत आम भारतीयों पर हमला, 1 प्रतिशत पूंजीपति मोदी 'मित्रों' को फायदा। ये एक हथियार था, आपकी जेब काटने का- परम मित्र की झोली भर कर उसे 609 से दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बनाने का!

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि नोटबंदी के बाद मोदी जी ने 50 दिन मांगे थे, आज 7 साल हो गए। वो चौराहा तो नहीं मिला, देश को दोराहे पर ज़रूर खड़ा कर दिया। एक तरफ़ अमीर, अरबपति अमीर हो गया है, तो दूसरी ओर, गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। आज 150 लोगों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है जिन्होंने नोटबंदी के चक्रवात को झेला! देश की अर्थव्यवस्था और विकास दर को गहरा धक्का लगा। एक ही झटके में लाखों छोटे व्यवसाय ठप्प पड़ गए। करोड़ों लोगों ने अपनी नौकरियां गंवाई। पाई-पाई जोड़कर जो हमारी गृह लक्ष्मी महिलाओं ने बचत जुटाई थी, वो ख़त्म हो गई। जाली नोट और बढ़ गए, 500 के जाली नोटों में पिछले साल ही 14प्रतिशत बढ़ोतरी हुई और 2000 के नोटों पर भी नोटबंदी लागू करनी पड़ी। (आरबीआई)। काले धन पर लगाम लगाने में विफ़ल रही मोदी सरकार। नकदी के चलन में 2016 से अब तक 83 प्रतिशत उछाल आया। पिछले 7 वर्षों में संपत्ति खरीदने वालों में से 76प्रतिशत को कीमत का एक हिस्सा नकद में चुकाना पड़ा। (स्थानीय सर्वे) मोदी सरकार की नोटबंदी आम नागरिकों के जीवन में एक गहरे ज़ख्म की तरह है, जिसकी मरहम-पट्टी वो आज तक कर रहें हैं।

कांग्रेस ने भी अपनी एक पोस्ट में एक वीडियो को साझा करते हुए इसे देश पर आक्रमण की तरह बताया है। अब ये हरेक की अपनी मर्जी है कि वह इन बातों को राजनीतिक बयानबाजी समझे या इसे मोदीजी का देशहित में किया गया ऐसा हवन माने, जिसमें किसी न किसी की बलि तो चढ़नी ही थी। लेकिन ये सवाल अपनी जगह बरकरार रहेगा कि आखिर नोटबंदी का फैसला, प्रधानमंत्री मोदी ने किससे पूछकर किया या किसके कहने पर किया। क्या नोटबंदी करने के पीछे जो तर्क दिए गए थे, वो सही साबित हुए। क्योंकि आतंकवाद खत्म नहीं हुआ इसका सबसे बड़ा सबूत 2019 का पुलवामा हमला है। अभी मई से मणिपुर में जो हालात बने हैं, उसमें अब मुद्दा केवल दो जातिगत समूहों के बीच हिंसा का नहीं रह गया है, बल्कि इसमें भ्रष्टाचार, आतंकवाद सारे तत्व शामिल दिखाई दे रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही खबर आई है कि छह महीनों की हिंसा में लूटे गए हथियारों में केवल 25 प्रतिशत हथियार ही बरामद हुए हैं। जबकि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात करते रहे हैं। अब इसे भ्रष्टाचार न समझा जाए, तो फिर क्या कहा जाए। जो हथियार लूटे गए, वो कहीं न कहीं इस्तेमाल हो रहे होंगे और उनके लिए जो पैसों का लेन-देन हो रहा होगा, वो नकदी में ही होगा। इसका मतलब नोटबंदी जैसे फैसले का कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि काला धन अब भी देश में घूम ही रहा है। रिजर्व बैंक भी यही कह रहा है कि जाली नोटों में बढ़ोतरी हुई है, नकदी का चलन बढ़ा है। इसलिए जब श्री खड़गे मोदीजी के 50 दिन दे दो वाले बयान की याद दिला रहे हैं, तो इसे राजनीतिक आरोप की जगह देश की चिंता की तरह देखे जाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री मोदी की आदत है कि वे आज एक बात भूलकर कल उसे भूल जाते हैं। इस आदत के लिए ही जुमलेबाजी जैसे शब्द का इस्तेमाल हुआ है। देश का कोई समझदार नागरिक नहीं चाहेगा कि वह अपने

> श्री मोदी ने नोटबंदी के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, स्टैंडअप भारत जैसे अभियान भी चलाए। लेकिन देश के 16 मंत्रालय अगर आत्मनिर्भरता से काम करने की जगह विदेशी सलाहकार कंपनियों से सलाह ले और उसके लिए 5 सौ करोड़ का भुगतान करे तो क्या इसे सरकार की विफलता नहीं कहा जाना चाहिए।

निर्वाचित प्रधानमंत्री को 50 दिन का वक्त देकर चौराहे पर आने कहे। हमारे संविधान निर्माताओं के प्रताप से देश अब तक ऐसी अराजक स्थिति में आने से बचा हुआ है। प्रधानमंत्री भले लोगों की भावनाओं को भुनाने के लिए कुछ भी कहें और फिर भूल जाएं। लेकिन क्या लोगों को इतने बड़े फैसलों और उनके परिणामों को भूलना चाहिए। जो कौम अपने इतिहास से सबक लेकर वर्तमान को सुधार नहीं सकती, उसका भविष्य खतरे में ही रहेगा। 2016 में लिए फैसले को हम धर्म या जाति के नाम पर खड़े किए मुद्दों में भूल जाएं तो हम अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारेंगे।

श्री मोदी ने नोटबंदी के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, स्टैंडअप भारत जैसे अभियान भी चलाए। लेकिन देश के 16 मंत्रालय अगर आत्मनिर्भरता से काम करने की जगह विदेशी सलाहकार कंपनियों से सलाह ले और उसके लिए 5 सौ करोड़ का भुगतान करे तो क्या इसे सरकार की विफलता नहीं कहा जाना चाहिए। पेट्रोल और ऊर्जा से लेकर नीति आयोग और आधार परियोजना तक कई कामों के लिए प्राइस वाटरहाउस कूपर्स, डेलॉइट, अर्न्स्ट एंड यंग, केपीएमजी और मैकेन्सी जैसी कंपनियों की सेवाएं ली गई हैं। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक 2024-25 के बजट के पहले वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि किसने किस सलाहकार कंपनी की सेवाएं लीं, किस आधार पर लीं, और कब तक के लिए ली हैं। अब पाठक खुद विचार करें कि एक ओर केंद्र सरकार लाखों रिक्त पदों को भर नहीं रही है। यानी हमारे देश के योग्य युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। बदले में कुछेक हजार नियुक्ति पत्र बांटने का काम अब प्रधानमंत्री कर रहे हैं। कई सार्वजनिक निकायों को घाटे का रोना रोते हुए निजी हाथों में सौंपा गया है और उनमें भी अधिकतर पर एक ही औद्योगिक समूह का मालिकाना हक है। बेरोजगारों के लिए हर चुनाव में घोषणाएं और भत्ते देने का ऐलान हो रहा है, लेकिन विदेशी कंपनियों को सलाह के नाम पर सैकड़ों करोड़ बांटे जा रहे हैं। सरकार करोड़ों का ये खर्च भी जनता के टैक्स से ही उठा रही है। यानी जनता दोनों तरफ से घाटे में है। उसे कमाने के अवसर नहीं मिल रहे और जो थोड़ी बहुत कमाई है, वो आउटसोर्सिंग की भेंट चढ़ रही है।

श्री मोदी को हार्डवर्क और हार्वर्ड वाला तंज कसने में बहुत मजा आया होगा। लेकिन उनके मजे के चक्कर में देश सजा ही भुगत रहा है। अगले पांच साल भी पांच किलो मुफ्त अनाज मिलेगा, ऐसी घोषणा पर खुश होने की जगह सवाल होना चाहिए कि आखिर मांग कर खाने वाली हालत में जनता को क्यों पहुंचाया गया है। क्यों दस सालों में उसके लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के ऐसे इंतजाम नहीं हुए कि वह इंसानी गरिमा के साथ जी सके। देश को आउटसोर्सिंग के साथ चलाकर आखिर कौन से गौरव की रक्षा सरकार कर रही है। और यहीं पहली खबर पर ध्यान जाता है कि महज एक आरोप के कारण पुर्तगाल के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दे दिया। हमारे यहां भी रेल मंत्री रहते हुए लालबहादुर शास्त्री ऐसी मिसाल कायम कर चुके हैं। लेकिन अब लोगों की कमजोर याददाश्त का फायदा उठाकर अगले साल भी मैं ही आऊंगा जैसी घोषणाएं लालकिले से हो रही हैं। पांच सौ और हजार के नोटबंद करने की सातवीं बरसी पर मोदीजी ने एक और ऐलान कर दिया है कि अपने तीसरे कार्यकाल में मैं देश को विश्व की अर्थव्यवस्था में सबसे ऊपर ले जाऊंगा। जो काम दो कार्यकाल में नहीं हो सका, उसे तीसरे कार्यकाल में करने के दावे का आधार क्या है, ये पता नहीं। ये सरकार ऐसी ही निराधार बातों पर चल रही है और देश की जड़ें कमजोर हो रही हैं।

# विश्व भर में डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन छह घंटे का काम सर्वोत्तम विकल्प

■ डॉ अरुण मित्रा

ऐसा लगता है कि इंफोसिस के अध्यक्ष एनआर नारायण मूर्ति उस लोकप्रिय कविता को भूल गये हैं जो हमें स्कूल के दिनों में पढ़ाई गई थी। कविता का शीर्षक था -'द क्राई ऑफ द चिल्ड्रेन', और कवयित्री थीं एलिजाबेथ बैरेटब्राउनिंग। वह इंग्लैंड में चिमनी साफ करने वाले बच्चों की स्थिति को समर्पित थी जिन्हें खतरनाक उद्योगों में लंबे समय तक काम करवाया जाता था, जिसके परिणामस्वरूप अनेक गंभीर बीमारियों की चपेट में आने और अंतत: जल्दी ही मर जाने की संभावनाएं थीं। कविता बच्चों पर उनके नियोक्ताओं द्वारा थोपे गये शारीरिक श्रम की जांच करती है। यह अगस्त 1843 में ब्लैकवुड पत्रिका में प्रकाशित हुई थी।

चार्ल्स डिकेंस ने भी 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड में बच्चों से ली जाने वाली कड़ी मेहनत के बारे में लिखा है। लेकिन उसके बाद से इंग्लैंड काफी आगे बढ़ गया है। सभी बच्चे स्कूल जायें, उन्हें उचित पोषण और आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल मिले, उसकी व्यवस्था की गई। हालांकि, महान हस्तियों की ये रचनाएं सभी श्रेणियों के श्रमिकों पर लागू होती हैं, चाहे वे शारीरिक काम करते हों या सफेदपोश काम करते हों। नारायण मूर्ति ने युवाओं से कहा है कि वे भारत को अपना देश मानें और देश की प्रगति के लिए प्रति सप्ताह 70 घंटे काम करें।

इस प्रस्ताव का विभिन्न नजरिये से विश्लेषण करने की आवश्यकता है, जैसे ट्रेड यूनियन, स्वास्थ्य, सामाजिक और उत्पादन पर तकनीकी विकास के प्रभाव के दृष्टिकोण से। लंबे समय तक चले संघर्ष के परिणामस्वरूप श्रमिकों को आठ घंटे काम, आठ घंटे की नींद और बाकी आठ घंटे मनोरंजन और परिवार के लिए देने का कानूनी अधिकार मिल सका।

> श्री मूर्ति को यह समझना चाहिए कि उत्पादकता के लिए काम के अतिरिक्त घंटे मायने नहीं रखते, बल्कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाला खुश स्वस्थ व्यक्ति ही उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में लाखों लोग नौकरी की तलाश में हैं जिनकी सेवाओं का उचित योजना के माध्यम से उपयोग करने की आवश्यकता है।

ट्रेड यूनियनों ने प्रति सप्ताह 70 घंटे के काम को अस्वीकार कर दिया है क्योंकि यह स्पष्ट रूप से श्रमिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत समय सीमा के खिलाफ है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, भारत में लोग काम पर अधिकतम समय बिताते हैं लेकिन उन्हें सबसे कम वेतन मिलता है। इसका मतलब यह है कि श्रमिकों का बहुत अधिक शोषण और कानून का उल्लंघन हो रहा है। यह संगठित और गैर-संगठित दोनों क्षेत्रों पर लागू होता है।

उदाहरण के तौर पर, शताब्दी एक्सप्रेस और वंदे भारत जैसी विशेष ट्रेनों में खानपान सेवाओं में काम करने वाले कर्मचारी कम वेतन पर प्रति दिन लगभग 18 घंटे काम पर बिताते हैं। ऐसे लाखों लोग हैं जो मिठाई की दुकानों में काम कर रहे हैं या गिग कर्मचारी हैं जो हर दिन काम पर समान संख्या में घंटे बिताते हैं। नये तकनीकी विकास के आगमन के साथ, कंपनियों का उत्पादन कई गुना बढ़ गया है, उनका लाभ भी कई गुना बढ़ गया है, लेकिन लाभ शायद ही श्रमिकों तक पहुंच पाया है।

अतिरिक्त कामकाजी घंटों के स्वास्थ्य प्रभाव का अध्ययन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि यदि श्रमिक स्वस्थ और खुश हैं तो उत्पादकता बढ़ती है। थका हुआ व्यक्ति कभी भी बेहतर उत्पादन नहीं दे सकता। वे अधिक दुर्घटनाओं और गलतियां करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। हमारा जीव लगातार 8 घंटों तक उत्पादक होने में असमर्थ है, विशेष रूप से 'सर्कैडियनरिद्म' के कारण, यानी हमारे दैनिक जैविक चक्र के कारण। हमारा शरीर दिन के दौरान कैसे प्रतिक्रिया करता है यह कई कारकों पर निर्भर करता है- हमारे हार्मोन, हमारा आहार, दिन के उजाले के संपर्क में आना आदि। इन मुद्दों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों ने पाया है कि हमारे पास एक बहुत विशिष्ट जैविक लय है। इस प्रकार, हम दिन के निश्चित समय में बौद्धिक और शारीरिक रूप से अधिक उत्पादक होते हैं। तो यह मैन्युअल रूप से या स्क्रीन पर सभी कार्यों को प्रभावित करता है जैसा कि आजकल कई युवा कर रहे हैं।

हालांकि प्रबंधकों को उम्मीद है कि उनके कर्मचारी कार्यदिवस के सभी घंटों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, लेकिन यह एक अवास्तविक उम्मीद है। कर्मचारी हर समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाह सकते हैं, लेकिन उनकी प्राकृतिक सर्कैडियन लय हमेशा इस इच्छा के अनुरूप नहीं होगी।

25 सितंबर 2017 को यूमैटर में प्रकाशित एक लेख: 'क्या कम कामकाजी दिन एक खुशहाल, स्वस्थ और अधिक उत्पादक जीवन का रहस्य है?' के अनुसार, दिन में 8 घंटे से अधिक समय तक कार्यालय में रहना समग्र स्वास्थ्य के खराब होने से जुड़ा हुआ है। इतना ही नहीं हृदय रोग या तनाव संबंधी रोग विकसित होने का जोखिम 40 प्रतिशत अधिक रहता है।

वैज्ञानिक आम तौर पर इस बात से सहमत हैं कि आदर्श दैनिक कामकाजी समय लगभग 6 घंटे है, और सुबह में अधिक केंद्रित होता है।

इंश्योरेंस जर्नल द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, अधिक काम करने से घायल होने का खतरा 61 प्रतिशत बढ़ जाता है, साथ ही मधुमेह, गठिया और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

शोध से यह भी पता चलता है कि अधिक काम करने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को कितना नुकसान हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में पाया गया कि हर हफ्ते औसतन 55 घंटे या उससे अधिक काम करने से औसतन 35-40 घंटे काम करने वालों की तुलना में स्ट्रोक का खतरा 35प्रतिशत और हृदय रोग से मरने का खतरा 17प्रतिशत बढ़ जाता है।

कार्यस्थल पर अधिक काम करने से हमारी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग लंबे समय तक काम करते हैं, उनमें प्रमुख रूप से अवसादग्रस्त होने की संभावना दोगुनी होती है, खासकर यदि वे प्रति दिन 11 घंटे से अधिक काम करते हैं।

कर्मचारियों को प्रेरित और संतुष्ट रखने के लिए कार्यस्थल संस्कृति महत्वपूर्ण है। यह भी महत्वपूर्ण हो कि काम करने के लिए सकारात्मक माहौल बनाया जाये और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाये।

निर्णय कर्ताओं और नीति निर्धारकों को यह महसूस करना चाहिए कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाले स्वस्थ कार्यबल और सुरक्षा और स्वास्थ्य की गारंटी के बिना, उत्पादकता बुरी तरह प्रभावित होगी जो देश, समाज और नियोक्ताओं के हितों के लिए हानिकारक होगी।

श्री मूर्ति को यह समझना चाहिए कि उत्पादकता के लिए काम के अतिरिक्त घंटे मायने नहीं रखते, बल्कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाला खुश स्वस्थ व्यक्ति ही उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में लाखों लोग नौकरी की तलाश में हैं जिनकी सेवाओं का उचित योजना के माध्यम से उपयोग करने की आवश्यकता है।

नारायण मूर्ति को इसके बजाय मुद्रास्फीति के अनुसार श्रमिकों के वेतन के बारे में बात करनी चाहिए और उन्हें कंपनियों के वास्तविक मुनाफे के अनुरूप बनाना चाहिए। उन्हें उन लोगों को बेनकाब करना चाहिए था जो कर चोरी कर रहे हैं और बैंकों से लिया गया ऋण वापस नहीं कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 10 वर्षों में बैंकों का एनपीए 25 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गया है।

## पावन प्रसंग

# एकाग्रता की शक्ति

मन जब एक बिंदु पर एकाग्र हो जाता है तो किसी भी कार्य को हम अच्छी तरह से सम्पन्न कर सकते हैं। विद्यार्थी जीवन हो या नौकरी, व्यापार, समाजसेवा हो या धर्म, अध्यात्म का क्षेत्र। एकाग्रता की शक्ति ही व्यक्ति को सफल बनाती है, यही निर्धारित क्षेत्र में सिद्धि की कुंजी है। मन की शक्तियां सूर्य की रश्मियों की भांति होती हैं, जो सामान्यतया बिखरी रहती है व इनके साथ दैनिक जीवन के सामान्य क्रियाकलाप चलते रहते हैं, लेकिन जब इन्हीं किरणों को आतिशी शीशे से गुजारा जाए तो ये ही बिखरी किरणें एक बिंदु पर एकाग्र होकर अपना चमत्कार दिखाती हैं। इनके संपर्क में जो भी कागज, लकड़ी आदि के टुकड़े आते हैं वे प्रज्वलित होकर अग्निमय हो जाते हैं। सूर्यकिरणों की इस प्रचंड शक्ति का रहस्य इनकी एकाग्रता में ही छिपा हुआ रहता है।

इस तरह व्यक्ति के जीवन में मन की एकाग्रता उसे संबंधित क्षेत्र में उत्कर्ष के शिखर तक ले जाती है, लेकिन अधिकांश लोग उसका पूर लाभ नहीं ले पाते। उनके मन की शक्तियां बिखरी रहती हैं। इस बिखराव के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मोटे तौर पर मुख्य कारण रहते हैं-ध्येय निष्ठा का अभाव। पर्याप्त नींद न ले पाना, शारीरिक सक्रियता का अभाव, आहार-विहार सबधी व्यतिक्रम और प्रतिकूल वातावरण। सूचना विस्फोट के युग में आजकल सूचनाओं का अंबार मन को उलझाए रखता है, मोबाइल फोन मन की एकाग्रता को भंग करने के लिए जैसे तत्पर रहता है। इसके बाद अधूरी नींद एकाग्रता के अभाव का एक बड़ा कारण अन्यमनस्क एवं बिखरा सा रहता है, पूरी तरह से एकाग्र नहीं हो पाता।

पर्याप्त शारीरिक सक्रियता का अभाव भी मन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, शरीर में कई तरह की परेशानियां उभरना प्रारंभ हो जाती हैं, जो मन को स्थिर व एकाग्र नहीं होने देतीं। पौष्टिक एवं सात्विक आहार के अभाव में मन को उचित पोषण नहीं मिल पाता, साथ ही तामसिक एवं राजसिक आहार मन को चंचल व जड़ बनाए रखते हैं, ऐसे में एकाग्रता कठिन हो जाती है।

इनके साथ वातावरण में विद्यमान ध्वनि से लेकर वायु प्रदूषण जैसे कारक एकाग्रता के लिए चुनौती बने रहते हैं और अंतत: बिगड़ी दिनचर्या एवं अनुशासनहीनता, मन की अस्थिरता एक अहम कारण रहती है। अत: मन को एकाग्र करने के लिए सर्वप्रथम मन की एकाग्रता को भंग करने वाले कारकों को एक-एक करके कम करने का प्रयास करें।

उदाहरणतया, कार्य के समय अपने मोबाइल फोन को नजरों से दूर ही रखें। शोध के आधार पर स्पष्ट हो चुका है कि जब मोबाइल नजरों से दूर रहता है, तो एकाग्रता बेहतर होती है। अत: गंभीर कार्य के समय इसे किसी दूसरे कमरे में या बैग में या फ्लाइट मोड में रखें। आप अनावश्यक व्यवधानों से बचे रहेंगे व एकाग्र होकर कार्य कर पाएंगे। फिर कार्य पूरा होने पर एक निर्धारित समय में मोबाइल को चेक कर सकते हैं व इससे जुड़े आवश्यक कार्यों को निपटा सकते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# विचारों और घर से गंदगी दूर करना ही पर्व की सार्थकता

पौराणिक कथाएं प्रतीकात्मक होती हैं, उनका सामाजिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक प्रतीक होता है और उस प्रतीक को सूचित करने के लिए, एक विशेष लक्ष्य को उद्घाटित करने के लिए धार्मिक एवं पौराणिक रंग में रंग दी जाती है, ताकि लोक नीरस बात को सरसता के साथ समझ सकें, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कृत्य को धर्म के रूप में कर सकें। चातुर्मास के प्रारम्भ के दो मास वर्षा ऋतु के होते हैं, वर्षा के कारण गांव, नगर, गली, सड़क, राजमार्ग चारों तरफ गंदगी, कीचड़, सीलन आदि की भरमार होती है। उस कारण ढांस, मच्छर आदि अनेक प्रकार के जहरीले कीट-पतंग पैदा हो जाते हैं। जगह-जगह पानी सड़ता है, कूड़ा सड़ांध पैदा करता है और उस पर तरह-तरह के जहरीले मच्छर, कीड़े अण्डे देते हैं। बीमारियां फैलाते हैं। डेंगू का प्रकोप हम देख चुके हैं। इस प्रकार की संक्रामक बीमारियां वर्षा ऋतु के बाद फैलती हैं, गांवों-शहरों का वातावरण एकदम नरक जैसा गंदा हो जाता है। उस नारकीय गंदगी को दूर कर सफाई-स्वच्छता करने के लिए नरकासुर को मारना पड़ेगा अर्थात दूर करके स्वच्छता-सफाई करना ही नरकासुर का नाश करना है।

जहां निरन्तर अंधकार रहता है। सूर्य-चन्द्र की किरणें नहीं पहुंचती हैं। जहां हर समय कीचड़ फैला रहता है। भूमि में दुर्गन्ध आती हो और अशुचिता चारों तरफ गन्दगी के अशुचि के ढेर लगे हों, जहां के वातावरण में क्षणभर भी ठहरने को मन नहीं होता हो, ऐसे अपवित्र स्थान को नरक कहा गया है। नगर, गली, भवन आदि जहां पर भी इस प्रकार की गन्दगी हो. वह स्थान वास्तव में नरक ही माना जाता है। लोग नहा-धोकर कपड़े साफ-सुथरे पहनते हैं, घरों पर सफेदी व कीमती रंग-रोगन करते हैं, किन्तु दूसरी तरफ उनके रसोईघरों के पास कूड़ेदान में भिनभिनाते मच्छर, मखियां रहती हैं। नालियों पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। जहां से निकलना भी मुश्किल होता है। यह कैसी सफाई है? सफाई में भी विवेक होना चाहिए। अपना घर अपना मुहल्ला अगर साफ रखने की आदत बन जाये तो गन्दगी अपने आप दूर हो जायेगी।

भीतर की सफाई भी करो-यह तो हुई बाहरी सफाई की बात केवल बाहरी सफाई करने से ही चतुर्दशी की सार्थकता नहीं होती। बाहरी सफाई के साथ मन की सफाई, जीवन की सफाई भी जरूरी है। मन में अपवित्र विचार भरे हों, दूसरों निन्दा, चुगली, ईर्ष्या का कूड़ा पड़ा हो, काम-क्रोध की अशुचि सड़ रही हो तो मन कैसे होगा? मन की सफाई करना भी जरूरी है। तेरस के पहले-पहले आपने घर, दुकान, मकान सब साफ-सुथरे कर लिये, लीप-पोत, झाड़-बुहारकर कचरा हटा दिया, यह तो एक तरह की तैयारी हो गई। फिर तेरस आई, तो कुछ परोपकार का सेवा का, दीन-दुखियों के दु:ख-दर्द दूर करने का संकल्प किया, सेवा की तब धनतेरस मन गई। अब विचारों की शुद्धि से भावनाओं से, मन की पवित्रता से, चिन्तन ध्यान सद्भाव को और मांजकर उज्ज्वल कर लिया तो नरक चतुर्दशी सार्थक हो गई। यह दोनों पर्व दीपावली की तैयारी के हैं। दीपावली कैसे मनानी है यह इसका साफ-साफ सन्देश इन दोनों पर्वों में बता दिया है। नरक चतुर्दशी का एक सन्देश है-नरक के कारणों से बचने का चिन्तन। मन की गन्दगी, विचारों की अपवित्रता तो नरक का कारण क्या, प्रत्यक्ष नरक है। इसके अलावा शास्त्रों में नरक के अन्य अनेक कारण बताये हैं। सागर की तरह सब कुछ बता दिया है। हिंसा, धन की लालसा, तीव्र आसक्ति, मांसाहार-जिह्वा के स्वाद की लिप्सा, संक्षेप में चार बातों के द्वारा महावीर ने बता दिया है-जो व्यक्ति पीछे बताये दुर्गुणों से युक्त होगा, उसका यहां भी जीवन अशान्त होगा, उद्विग्न होगा और मरकर परलोक में भी नरक में जायेगा।

नरक चतुर्दशी के दिन आप दोनों पक्षों पर विचार करें, बल्कि जीवन के पक्षों पर विचार तन को, जीवन को, परिवार को समाज व राष्ट्र को नरक से बचाने का प्रयास करें। बाहरी गन्दगी से भी मुक्त हो।

**कांतिलाल माडोत, सूरत**

## दक्षिणी म्यांमार में बम विस्फोट, चार की मौत, छह घायल

**यांगून।** दक्षिणी म्यांमार के बागो क्षेत्र में एक खेत में गिराए गए बम की चपेट में आने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। सरकारी दैनिक अखबार द मिरर ने बुधवार को यह खबर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) द्वारा मंगलवार को स्थानीय समय अपराह्न में करीब 2:15 बजे बागो क्षेत्र के वाव टाउनशिप में तनावक्युन गांव के पास सिताउंग नदी के तट पर एक मैदान में किया गया।

# देश विदेश

### आईडीएफ के प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिकस बोले

# हमारा मिशन हमास के प्रत्येक गढ़ को ध्वस्त करना

**नई दिल्ली**, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के कार्यवाहक प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिकस ने बुधवार को कहा कि उनका मिशन गाजा में हमास के प्रत्येक गढ़ को नष्ट करना है। यह जानकारी मीडिया की खबरों में दी गई।

मिशन हमास के साथ जुड़ना है और बंकरों में भूमिगत दबे हमास के प्रत्येक गढ़ को नष्ट करना है। हम इसे योजना के अनुसार धीमे और सावधानीपूर्वक क्रम में कर रहे हैं। हमारी प्रगति अच्छी और ठोस है। यह एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण युद्धक्षेत्र है। दुर्भाग्यवश, हमास ने युद्धक्षेत्र बहुत अच्छी तरह से तैयार किया है। यह पूरी तरह से सुरंगों से घिरा हुआ है,%% द गार्जियन ने



बताया।

उन्होंने कहा कि उनमें से कई छोटी सामरिक सुरंगें हैं जो मूल रूप से युद्ध की स्थिति हैं जो हमास को एक सहयोगी से दूसरे सहयोगी के पास जाने की अनुमति देती हैं।

उभरना और फिर डूब जाना और कुछ लंबे, गहरे और चौड़े हैं। लेकिन हम धीरे-धीरे उन सभी तक पहुंच रहे हैं और लड़ाई के प्रत्येक दिन लाभ हासिल हो रहा है, उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि निर्देश निश्चित रूप से हमास के सभी नेताओं को मारने या पकड़ने का है.

जिन्होंने इज़राइल में 7 अक्टूबर के जानलेवा नरसंहार की योजना बनाई, उसे बढ़ावा दिया और उसे अंजाम दिया। हमने स्पष्ट रूप से कहा है. वे सभी मरे हुए आदमी हैं जो चल रहे हैं, उन्होंने कहा। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि यह गाजा के अंदर और गाजा के बाहर केवल समय की बात है, जब तक कि हमास के इन नेताओं को या तो इजरायल द्वारा पकड़ नहीं लिया जाएगा या मार नहीं दिया जाएगा।

## रक्षा मंत्री का दावा, गजा शहर के केंद्र तक पहुंची सेना



**यरूशलम।** इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने दावा किया है कि देश की थल सेना गाजा शहर के केंद्र तक पहुंच चुकी है। गैलेंट ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम गाजा शहर के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा के हमास शासकों को खत्म नहीं कर दिया जाता तब तक संघर्ष को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष समाप्त होने के बाद भी इज़रायल गाजा पर सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखेगा ताकि सुरक्षा खतरों की निगरानी तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके, और हमें नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को विफल किया जा सके।

## गजा संघर्ष में संरा के 89 कर्मचारी मारे गए

**जिनेवा।** हमास-इजरायल के बीच जारी संघर्ष में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) 89 सहायता कर्मी मारे गए हैं, जो इतिहास में किसी संघर्ष में मारे गए संरा कर्मचारियों की सबसे अधिक संख्या है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संरा एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यूएनआरडब्ल्यूए ने हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष को लेकर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि सात अक्टूबर से गाजा पट्टी में लगभग 10.50 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, लगभग 7,25,000 लोग गाजा के सभी पांच गवर्नरेट में 149 यूएनआरडब्ल्यूए प्रतिष्ठानों में शरण ले रहे हैं। संरा की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में गाजा के उत्तर में स्थित यूएनआरडब्ल्यूए का एक विद्यालय हमलों की चपेट में आ गया, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय में शरण लिए हुए आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) में से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय के अनुसार, गाजा में संरा सुविधाओं में भीड़भाड़ अब बड़ी चिंता बनी हुई है। खान यूनिस प्रशिक्षण केंद्र में, जहां 22,000 विस्थापित लोगों ने आश्रय ले रहे हैं। यहां प्रति व्यक्ति जगह दो वर्ग मीटर से भी कम है और प्रत्येक 600 लोगों के लिए एक शौचालय है।



■ 10.50 लाख लोग अब तक विस्थापित हुए

## सुडोकू 6371

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

***हल आज ही के अंक में***

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 9 नवम्बर, 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 11

### राशिफल

मेष - दीर्घकालिक आयोजन करने के लिए अनुकूल दिन है। आज का दिन आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक होगा। तन-मन से स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव करेंगे। मित्रों तथा स्वजनों की तरफ से भेंट या सौगात मिलेगी।

वृषभ - आप वाणी से आप लोगों को आकर्षित और प्रभावित कर सकेंगे। लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। चर्चा या विवाद में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। लेखन कार्य या पठन कार्य में भी आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। अत्यधिक विचारों में डूबे रहने के कारण तनाव महसूस कर सकते हैं।

कर्क - तन-मन की ताज़गी के अनुभव के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। लाभ तथा शुभ काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। दूर बसनेवाले मित्रों और स्नेहीजनों के साथ संपर्क या संदेश व्यवहार आपके लिए लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज के लाभदायक दिन आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। वाक्चातुर्य और मीठी वाणी से आप अच्छे और लाभप्रद संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट, उपहार और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपका मन बैचेन रहेगा। आपकी लापरवाही के कारण आप कठिनाई में पड़ सकते हैं। आप मनोरंजन और मौज मस्ती में पैसे खर्च करेंगे।

वृश्चिक - घर-परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे। विवाहोत्सुक जातकों के विवाह होने की संभावना है।

धनु - आज के दिन आपका काम सफल होगा। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। व्यापार के लिए बेहतरीन योजना बना सकेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी से सार्थक चर्चा होगी। पदोन्नति हो सकती है।

मकर - आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी। संतान संबंधी चिंता आपको हो सकती है।

कुंभ - आपको गलत काम और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादा सोच-विचार करने से मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार में झगड़ा या विवाद हो सकता है।

मीन - भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों से भी मुलाकात हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश में इस साल डेंगू से 1,400 से अधिक मौतें

**ढाका**, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में इस साल अब तक डेंगू से 1,400 से अधिक मौतें हुई हैं, जबकि लगभग 300,000 लोग मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के नवीनतम आंकड़ों के आधार पर, इस साल डेंगू का प्रसार चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। बुधवार तक कुल 283,593 मामले और 1,425 मौतें दर्ज की गईं। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत डीजीएचएस द्वारा बताए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस साल डेंगू से हुई मौतों में नवंबर में 77, अक्टूबर में 359, सितंबर में 396, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 मौतें शामिल हैं। डीजीएचएस के अनुसार, पिछले महीने 67,769 लोगों के मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित होने की सूचना के बाद 1 से 7 नवंबर तक डेंगू के 12,418 नए मामले दर्ज किए गए। दक्षिण एशियाई देश में 24 घंटों में आठ और मौतें और 1,895 डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए हैं। देश में सितंबर में डेंगू के मामलों में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई, जिसमें 79,598 नए संक्रमण और 396 मौतें हुईं।

## भारत-अमरीका में टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार कल

**नई दिल्ली**, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत और अमरीका के बीच पांचवीं मंत्री स्तरीय टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार को यहां होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर वार्ता में भारत का जबकि अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन अमरीका का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वार्ता के दौरान दोनों देश रक्षा, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़ाने के लिए जारी सहयोग की समीक्षा करेंगे। दोनों देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच गत जून और सितम्बर में हुए विचार विमर्श के आधार पर भारत- अमरीका साझीदारी के भविष्य के रोडमैप पर बातचीत करेंगे। इसके अलावा समसामयिक क्षेत्रीय मुद्दों तथा क्वाड जैसे मंचों पर सहयोग बढाने के बारे में भी चर्चा की जाएगी।




राजनाथ सिंह व एस जयशंकर करेंगे भारत का

## भारतीय मूल के विन गोपाल तीसरी बार सीनेटर चुने गए

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी विन गोपाल को लगातार तीसरी बार न्यू जर्सी राज्य के सीनेटर के रूप में चुना गया है। गोपाल ने अमेरिकी स्टेट के 11वें कांग्रेसनल जिले में अपने रिपब्लिकन चैलेंजर को हराया है। कुल 32,772 वोटों के साथ 38 वर्षीय विन गोपाल ने 58 प्रतिशत वोट हासिल कर अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी स्टीव डिनिस्ट्रियन को हरा दिया है। इस तरह उन्होंने डेमोक्रेट के नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण स्विंग सीट बरकरार रखी।

## वर्ग पहेली 6371



**बायें से दायें:-**

१. किसी काम या सेवा के लिए स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने वाला
१२. निर्ममता, धृष्टता (उर्दू)
१३. वधू, बहू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु, व्यक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. शादी, विवाह
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठीआदि बातें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति-सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुदकुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6370



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**ईडी की मनमानी पर ...**

की थी। छह महीने पहले मुख्यमंत्री ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी और एप को बैन करने की भी मांग की थी लेकिन केंद्र सरकार ने तब कुछ नहीं किया।

चुनाव आते ही नई-नई चीजें आई है सामने

उन्होंने कहा कि जैसे ही चुनाव नज़दीक आते हैं भारतीय जनता पार्टी के नेता, प्रधानमंत्री और ईडी नई-नई चीजें सामने लाने लगते हैं। केंद्र सरकार ने पहले इस एप को बैन क्यों नहीं किया। उन्हें प्रदेश सरकार की पूर्व अनुमति क्यों चाहिए थी। ईडी कहती है कि गै़रक़ानूनी काम हो रहा है, छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए बाहर से पैसा आ रहा है। आपने अभी तक जांच शुरू नहीं की और चुनाव के समय आरोप लगाने लगे ताकि चुनाव में कांग्रेस का नुकसान हो। ईडी ने आरोपपत्र में जिन लोगों के नाम लिए हैं उनकी भूमिका साफ नहीं कर पाई है। कई अफसरों पर आरोप लगाया है कि लेकिन चार्जशीट में उनका संबंध महादेव एप से नहीं बताया है। कांग्रेस नेता ने कहा, इतना बड़ा घोटाला हो रहा था, तो ईडी क्या कर रही थी। एप को तीन दिन पहले क्यों बैन किया। साफ है भाजपा की हार को बचाने के लिए ये सब किया जा रहा है। मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को ख़त्म कर दिया है। हमने चुनाव आयोग से संरक्षण मांगा है और मांग की है कि ईडी की मनमानी बंद हो।

**छत्तीसगढ़िया कमजोर ...**

`नामांकन के दौरान मेरे साथ उपस्थित एवं मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे सुरेश धिंगानी जी के यहां ईडी को भेज दिया है। बघेल ने आगे लिखा, पाटन विधानसभा की जनता को डराने की कोशिश में वैसे ही विफलता मिलेगी, जैसी कल 20 सीटों पर मतदान में भाजपा को मिली है। छत्तीसगढियों को कमजोर और कायर मत समझो साहेब, अपना चावल खाते हैं, वो भी पूरे स्वाभिमान से। बात हे अभिमान के, छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के।

**ईडी व भाजपा ने मिलकर ...**

आरोप लगाना साफ करता है कि ईडी का प्रेस नोट भाजपा की साजिश है। महादेव एप्प को भाजपा का पूरा संरक्षण है, केंद्र सरकार और भाजपा के संरक्षण में ही महादेव एप्प चल रहा है।

युसूफ पुट्टी के साथ दुबई कौन से भाजपा नेता गये थे इसकी जांच होनी चाहिये? रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह और रमन के पूर्व 3 नौकरशाह का बेटा दुबई क्यों जाते है इसका जवाब दें? रमन सिंह, अभिषेक सिंह के पासपोर्ट को सार्वजनिक करें। भाजपा नेताओं की महादेव एप्प में संलिप्तता और संरक्षण का यह बड़ा उदाहरण है। मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश है। ईडी लगातार कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का षडयंत्र केंद्र के इशारे पर कर रही है। अब तो इस मामले में भाजपा नेताओं के साथ उसकी सांठगांठ उजागर हो चुकी है।छत्तीसगढिया मुख्यमंत्री को बदनाम करने की भाजपा की साजिश बेनकाब हो गयी है।

**सभी बीस सीटें जीत रही कांग्रेस**

पहले चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस ने बड़ा दावा किया है।कांग्रेस के मीडिया पर्यवेक्षक प्रमोद तिवारी ने कहा कि 20 में 20 सीटें कांग्रेस जीत रही है। डॉ. रमन सिंह भी चुनाव हार जाए तो आश्चर्य नहीं होगा।

**अमित शाह आज डभरा में करेंगे ...**

रही है। इधर स्थल निरीक्षण करने एडिशनल एसपी गायत्री सिंह दशहरा मैदान पहुंची और पार्किंग सहित आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा ने आमसभा के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली है। कवि वर्मा का दावा है कि गृह मंत्री अमित शाह की यह सभा ऐतिहासिक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह 9 नवंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। वह डभरा के दशहरा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा ने इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली है। बता दें कि बीजेपी नेतृत्व छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के खत्म होने के बाद अब भाजपा दूसरे चरण की तैयारी में जुट गई है।

**जंगल में आदिवासियों की जमीन ...**

हमारा आपको पुराना रिश्ता है. आप इंदिरा गांधी को याद करते हो, जवाहर लाल नेहरू को याद करते हो, तो मेरा आपसे पुरा रिश्ता है. पीएम यहां आए. तब आपसे 15 लाख रुपये देने का वादा किया था. उन्होंने कहा था नोटबंदी से कालाधन मिट जाएगा, ऐसा हुआ नहीं. आप जानते हो सच और झूठ कौन बोलता है।

बीजेपी पर साधा निशाना- राहुल गांधी ने कहा, 'हमने कहा है 3200 रुपये धान का मूल्य किसानों को मिलेगा. जो हम कर सकेंगे, कर के दिखा देंगे. आपको कहने की जरूरत नहीं पड़ेगी. पिछली बार की तरह इस बार फिर किसानों का कर्ज माफ होगा. बीजेपी आदिवासियों को वनवासी कहते हैं. दोनों शब्दों में काफी फर्क होता है. आदिवासी शब्द के अंदर आपका हक, जल जंगल जमीन का हक छिपा हुआ है.'

राहुल गांधी ने कहा, 'बीजेपी चाहती है आप अंग्रेजी न सीखो. आपके सपने पूरा करने में हम आपकी मदद करेंगे.' राहुल गांधी बोले, 'कपड़े रीपीट नहीं करते पीएम मोदी. करोड़ों के सूट पहनते हैं, लेकिन जाति जनगणना पर आपने कहा कि यहां को सिर्फ एक ही जाती है. हिंदुस्तान को 90 अफसर चला रहे हैं. केंद्र के पास जाति जनगणना के आंकड़े हैं. लेकिन इन आंकड़ों को जनता को बताया नहीं जा रहा है. हर आदिवासी युवा को अपनी भागीदारी समझनी चाहिए. कांग्रेस की सरकार आने पर हम जाति जनगणना कराएंगे. बीजेपी झूठे वादे करती है.'

**सुपेला से पकड़ाया ...**

निवारण अधिनियम 1967 थाना एटीएस लखनऊ में पजीबद्ध अपराध के नामजद अभियुक्त वजीहउद्दीन वल्द वहीउद्दीन इदरीश पता फिरदौस नगर जनपद अलीगढ़ (उ.प्र.) हाल स्मृति नगर क्षेत्र थाना सुपेला के पता तलाश गिरफ्तारी हेतु भिलाई आई हुई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देश में थाना प्रभारी सुपेला व स्मृति नगर चौकी की टीम एटीएस उत्तर प्रदेश की टीम के साथ संयुक्त रूप से उक्त आरोपी के पता तलाश व गिरफ्तारी हेतु पिछले 24 घंटो से सर्च ऑपरेशन जारी रखी थी, जो दुर्ग पुलिस व एटीएस उ.प्र. की टीम के द्वारा मामले के आरोपी वजीहउद्दीन को सफलता पूर्वक टीम के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी उपरांत दुर्ग पुलिस के द्वारा आरोपी वजीहउद्दीन को एटीएस उ.प्र. के सुपुर्द कर दिया गया है, जो उनके द्वारा आवश्यक न्यायालयीन प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी वजीहउद्दीन के द्वारा प्राथमिक पूछताछ में बताया है कि वे एसएएमयू स्टूडेंट आफ अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी से जुडा हुआ है। साथ ही पै्ै की बैयत;शपथद्ध लेकर उक्त विचाराधारा का समर्थक व प्रचारक है। यह मोहम्मद रिजवान जो आईएसआईएस का सक्रिय सदस्य है। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है, से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में एटीएस उ.प्र. की टीम के साथ थाना सुपेला से थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा, स्मृति नगर चौकी प्रभारी नवीन राजपूत, आरक्षक आत्मानंद कोसरे, गोपाल लाम्बा, आरक्षक जुनैद सिद्धीकी, महात्मा साहू, महिला आरक्षक नम्रता सिंह का विशेष योगदान रहा। अपराध क्रमांक थाना एटीएस लखनऊ का 13/23 धारा 121( ।), 122 भा.द.वि. व 13, 18 18(ठ) 38 विधि विरूद्ध क्रिया कलाप निवारणद्ध अधिनियम 1967 आरोपी. वजीहउद्दीन वल्द वहीउद्दीन इदरीश पता फिरदौस नगर जनपद अलीगढ़ उ.प्र. हाल स्मृति नगर क्षेत्र थाना सुपेला गिरफ्तार किया है।

**भिलाई में आईटी के बाद...**

पर जांच की जा रही है। हुकुमचंद गहलोत जिले के बड़े पटाखा व्यवसायी हैं तथा दीपावली पूर्व ही यहां खरीददारों की लंबी कतार देखी जाती रही है। उधर दूसरी तरफ ईडी के अफ्सर भिलाई के पदुमनगर स्थित धिंगानी फायर वर्क्स के संचालक सुरेश के घर 4 गाड़ियों में पहुँचे हैं। कुछ देर की पड़ताल और पूछताछ के बाद इस कारोबारी के बेटे विवेक को लेकर टीम गनियारी गोदाम भी पहुंची है। दूसरी तरफहुकुमचंद हिम्मतचंद के गोदाम और ठिकानों पर आईटी टीम की पड़ताल के दौरान ही अभी अभी ईडी टीम भी पहुंच गई है। जानकारी मिली है कि भिलाई 3 में पुलिस पेट्रोल पंप के सामने स्थित दुकान और पदुम नगर स्थित घर पर कार्यवाही जारी है। इस परिवार का राजधानी के पंडरी रोड पर भी पटाखे की दुकान है। कुछ परिजन रायपुर मे भी निवासरत हैं। अभी इनकी घेरेबंदी की कोई खबर नहीं हैं । धिंगानी के ठिकानों पर ईडी ने बीते महीने भर में दूसरी बार दबिश दी है। ईडी की कार्यवाही को लेकर शहर में आज चर्चा का विषय बना रहा।

**देव माइनिंग में ईडी की ...**

पर चालू है। ईडी की इस कार्रवाई ने राजहरा के व्यापारियों में और आस पड़ोस में खलबली मचा दी है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 10 गाड़ियों में टीम पहुंची हुई थी। जानकारी मिल रही है कि देव मीनिंग के पार्टनर और मंत्री अनिला भेड़िया के काफी करीबी माने जाने वाले पियूष सोनी और धीरज जायसवाल भी इड़ी के घेरे में आ सकते हैं। उन पर भी जांच की कार्रवाई हो सकती है। इसी तरह जांच का दौरा कांकेर विधानसभा के बड़े बड़े दिग्गज नेताओं तक भी पहुंच सकता है। ईडी की कार्रवाई को देखकर लगता है कि कांग्रेस प्रत्याशियों के आसपास उनके करीबियों पर उनकी पैनी नजर है। अब आगे देखना यह है बालोद के और किन किन ठिकानों पर ईडी छापा मार सकती है।

## आज का इतिहास

1236 – सुल्तान रुकनुद्दीन फिरोज शाह को फांसी दी गई।
1270 – महान संत नामदेव का जन्म।
1580 – स्पेन की सेना ने आयरलैंड पर हमला किया।
1729 – ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन ने सेवाइल की सन्धि पर हस्ताक्षर कर दो वर्षों से चल रहे ब्रिटिश-स्पेनी युद्ध को समाप्त किया।
1794 – रुसी सेना ने पोलैंड की राजधानी वारसा पर कब्जा किया।
1877 – उर्दू के मशहूर कवि मोहम्मद इकबाल का जन्म।
1887 –अमेरिका को पर्ल हार्बर हवाई के अधिकार मिले।
1904 – देश के प्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी पंचानन माहेश्वरी का जन्म।
1906 – थिओडोर रूजवेल्ट अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने जिन्होंने पद पर रहते हुए देश के बाहर आधिकारिक यात्रा पर पनामा नहर निर्माण की प्रगति देखने गए थे।
1918 – जर्मनी एवं बोल्शेविक रूस के बीच ब्रेस्ट-लितोस्क की संधि,येरुशलम पर ब्रिटेन का अधिकार, एकेटरिंगबर्ग में जार, जारीना एवं उनके बच्चों को फांसी, जर्मन क्रांति,सम्राट विलियम द्वितीय द्वारा देश-त्याग,जर्मन गणतंत्र की उद्घोषणा।
1937 – जापानी सेना ने चीन के शंघाई शहर पर कब्जा किया।
1948 – जूनागढ़ रियासत का भारत में विलय।
1949 – कोस्टारिका में संविधान अपनाया गया।1953 – कंबोडिया को फ्रांस से आजादी मिली।
1960 – भारत के पहले एयर चीफ मार्शल सुब्रत मुखर्जी का निधन।
1962 – अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1985 – एंटोली कारपोव को हरा कर तत्कालीन सोवियत रूस के 22 वर्षीय गैरी कास्पारोव दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैम्पियन बने।
1985 – ब्रिटेन के राजकुमार चार्ल्स और राजकुमारी डायना अमेरिका यात्रा पर गये।

## दुनिया को जानें

### चीन में दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर विज्ञान संग्रहालय खुला

**बीजिंग**, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। वुचन विश्व इंटरनेट विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय 7 नवंबर को दक्षिण-पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत के थोंगश्यांग शहर स्थित वुचन कस्बे में खुल गया। यह संग्रहालय दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर इंटरनेट-थीम वाला विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय है। गौरतलब है कि वुचन कस्बा, विश्व इंटरनेट सम्मेलन के वुचन शिखर सम्मेलन का स्थायी स्थल है। इस संग्रहालय का उद्देश्य वुचन शिखर सम्मेलन को प्रदर्शित करना है, जो कहानी और प्रौद्योगिकी के संयोजन के माध्यम से 365 दिनों का कभी न खत्म होने वाला विश्व इंटरनेट सम्मेलन है। इस संग्रहालय ने 6 स्थायी प्रदर्शनी क्षेत्र स्थापित किए हैं, जिनमें इंटरनेट वैश्विक साझा मंच का नवाचार करता है, इंटरनेट डिजिटल विकास के मार्ग का समर्थन करता है, इंटरनेट मानव डिजिटल सभ्यता को आकार देता है, इंटरनेट आकाश, पृथ्वी और समुद्र में सब कुछ जोड़ता है, इंटरनेट डिजिटल प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देता है और इंटरनेट मानव जाति के साझा भविष्य को जोड़ता है।

# खेल जगत

## शमी ने डीआरएस हेरफेर के दावे पर पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी की आलोचना की

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा की भारत के खिलाफ गेंदों के अलग-अलग सेट का उपयोग करने के उनके विचित्र दावों के लिए बुधवार को आलोचना की। रजा ने एक पाकिस्तानी चैनल पर बात करते हुए आरोप लगाया था कि भारत को आईसीसी और बीसीसीआई द्वारा गेंदों का एक अलग सेट दिया जा रहा है, जिससे उन्हें मौजूदा वनडे विश्व कप 2023 में गेंद से किसी अन्य की तुलना में बेहतर प्रभाव डालने का मौका मिले। रजा के हवाले से कहा गया, हम देख रहे हैं कि जब वे बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो वे वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं और जब भारत गेंदबाजी करता है तो अचानक गेंद हरकत करने लगती है। 7-8 करीबी डीआरएस कॉल उनके पक्ष में गए हैं। गेंद का निरीक्षण करने की जरूरत है। शमी ने इंस्टाग्राम पर हसन रजा की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें थोड़ी शर्म आनी चाहिए।




# यह सब सिर्फ अव्यवस्थित स्विंगिंग नहीं थी बल्कि इसके लिए कुछ योजना बनाई गई थी : मैक्सवेल

**मुंबई,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल ने खुलासा किया है कि मंगलवार को 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंदों में नाबाद 201 रन की उनकी रिकॉर्ड-ब्रेकिंग पारी अव्यवस्थित तरीके से स्विंग करने के बारे में नहीं थी, और साथ ही कहा कि पांच बार के चैंपियन को जीत दिलाने में इसमें थोड़ी योजना शामिल थी। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया एक समय 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की अविजित साझेदारी की। कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल केंद्र में रहे, उन्होंने पिंडली, हैमस्ट्रिंग और पैर की उंगलियों में ऐंठन और खराब बैक से जूझते हुए अकेले अपने दम पर सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया। मैक्सवेल ने यह भी खुलासा किया कि उनके मन में रिटायर हर्ट होने का विचार आया था। यह निश्चित रूप से हमारी चर्चाओं में था। हमने बाहर आने, अपनी पीठ पर कुछ काम करने की कोशिश करने और अपने पैरों को थोड़ा ढीला करने की कोशिश करने के बारे में बात की। जोनेसी (ऑस्ट्रेलियाई फिजियो निक जोन्स) ने कहा कि उसके बाद सीढ़ियों से नीचे वापस आना वास्तव में कठिन होगा, इसलिए शायद काम को थोड़ा और सरल बना दिया और फिर हमने सोचा कि चलो जब तक हम उसी छोर पर रहेंगे। हम तब तक ऐसा कर सकते हैं जब तक आपको ऐसा महसूस न हो जाए कि आप कम से कम दूसरे छोर पर चल सकते हैं या यदि इधर-उधर कोई आसान सिंगल है। आईसीसी ने मैक्सवेल के हवाले से कहा, थोड़ी देर के लिए अगर मैं एक छोर से एक या दो चौके लगा सकता हूं तो इससे वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरे छोर पर क्या हुआ क्योंकि हमें उस चरण में एक रन और गेंद के आसपास मिल गया था। एक निश्चित योजना थी। यह सब सिर्फ अव्यवस्थित स्विंगिंग नहीं थी, लेकिन इसके लिए कुछ योजना बनाई गई थी। मैक्सवेल, जिन्होंने क्रीज पर टिके रहकर बाउंड्री लगाईं, ने दूसरे छोर से उन्हें वांछित समर्थन देने के लिए कमिंस की सराहना की। मुझे लगता है कि जब पैटी काफी शांत थे, मुझे लगता है कि जब यह लगभग 60 या 70 (आवश्यक रन) तक पहुंच गया, तो मैंने सोचा कि दो और, शायद लगभग 15 के आधे अच्छे ओवर और यह संतुलन में सही है। हम जानते थे कि राशिद (खान) के पास लगभग 18 गेंदें बची थीं और यह आखिरी 13 ओवरों में या ऐसा ही कुछ होने वाला था। इसलिए, जब तक हम उसे खेल से बाहर रखते थे, मुझे लगता था कि मैं बाउंड्री मार सकता हूं।

मैं एक तरह से उसे नकारने के बारे में था, वह उसे बाकी टेल पर शॉट नहीं लगाने दे रहा था क्योंकि वह स्पष्ट रूप से विश्व स्तरीय है। वह आपको पैड पर मार सकता है और वह आपको बल्ले के दोनों तरफ हरा सकता है। इसलिए, मुझे बस ऐसा लगा कि अगर हम उसे नकार सकें और उसे खेल के अंतिम छोर से बाहर रख सकें, तो हम ठीक हो जायेंगे। मुंबई में, मैक्सवेल पुरुष वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले गैर-सलामी बल्लेबाज भी बने। यह एक उल्लेखनीय समय है जब मैक्सवेल गोल्फ कार्ट से गिरने के बाद चोट लगने के कारण अहमदाबाद में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की पिछली जीत से चूक गए थे और वह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने से खुश थे, उनका अंतिम लीग मैच इस सप्ताह बाद में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में होगा। यह कुछ सप्ताह, अजीब, अजीब रहे हैं लेकिन मैं यहां वापस आने और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सक्षम होने के लिए बेहद आभारी हूं। मुझे लगता है कि पहले दो गेम के बाद हम ज्यादातर लोगों द्वारा खारिज किए जाने और ऐसा करने में सक्षम होने के काफी करीब थे। सही समय पर एक साथ लगातार छह जीत हासिल करें और आज रात हम एक उत्साही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके, इसलिए सेमीफाइनल में रहना बहुत अच्छी बात है।




### किस्मत मैक्सवेल जैसे व्यक्ति की मदद की : जोनाथन ट्रॉट

मुंबई। अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा, मैंने सोचा, यह एक शानदार पारी थी, एक विश्व स्तरीय पारी थी। लेकिन हमने निश्चित रूप से रास्ते में उनकी मदद की। ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह डराने के बाद मैच खत्म करने के मामले में अपेक्षाकृत युवा अफगानिस्तान टीम के लिए यह सीखने का अनुभव है। यह वास्तव में एक अच्छी पारी थी। मैं हमेशा सोचता हूं कि क्या हम कुछ चीजें थोड़ा अलग कर सकते थे, कुछ निश्चित क्षेत्रों में गेंदबाजी कर सकते थे, यहां या वहां अलग गेंदबाज कर सकते थे। जाहिर है, कुछ चीजें हैं जिन्हें आप अब अलग करना चाहेंगे, लेकिन दूरदर्शिता बहुत अच्छी बात है। इसलिए, मुझे लगता है कि यह हमारे खिलाड़ियों के लिए भी एक अच्छा सबक है, क्योंकि इस खेल में, यदि आप गेंद से थोड़ा सा भी अपनी नजर हटाते हैं और आप बहुत आगे की सोचते हैं और आप कोशिश करते हैं और सिर्फ सोचने के बजाय अन्य चीजें सोचना शुरू कर देते हैं अगला विकेट लेने की चिंता में, यह खेल आपको बहुत जल्दी परेशान कर सकता है। उन्होंने विस्तार से बताया, तो, मुझे लगता है कि जाहिर तौर पर यह एक निराशाजनक हार है, लेकिन मुझे लगता है कि यह विकासशील, युवा टीम के लिए एक अनुभव है। इस प्रकार की चीज़ें, सुनिश्चित करें कि हम इस प्रकार की चीज़ों से सीखें। कैसे कटथ्रोट क्रिकेट उच्चतम स्तर पर है और आपको अपने खेल में कैसे रहना है, 70 ओवरों के लिए नहीं, बल्कि 100 ओवरों के लिए।

## मैक्सवेल के नाबाद 201 रन अब तक की सबसे महान वनडे पारी : कमिंस

**मुंबई,** 7 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने ग्लेन मैक्सवेल की 128 गेंदों में नाबाद 201 रन की पारी को अब तक की सबसे महान वनडे पारी बताते हुए कहा कि जब अफगानिस्तान ने मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 19वें ओवर में 91/7 कर दिया था और तब वह बल्लेबाजी के लिए आए तो उनके दिमाग में केवल मैदान में टिके रहने की ही बात थी।

मैक्सवेल की 21 चौकों और 10 छक्कों की पारी और कमिंस के साथ 8वें विकेट के लिए 170 गेंदों पर 202 रन की अविजित साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 46.5 ओवर में 293/7 का स्कोर बनाया और अफगानिस्तान के 291 रन के स्कोर का पीछा करते हुए हार के जबड़े से तीन विकेट की असंभव जीत हासिल की। अफगानिस्तान ने इब्राहिम जादरान (143 रन पर नाबाद 129 रन) और राशिद खान द्वारा 18 गेंदों में 35 रन की पारी के दम पर 50 ओवर में 291/5 रन बनाए। लेकिन शुरुआत में, अगले कुछ ओवरों में टिके रहना कमिंस के दिमाग में सबसे ऊपर था क्योंकि वह बीच में मैक्सवेल के साथ शामिल हो गए थे।

कमिंस ने मंगलवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शुरुआत में जब मैं वहां गया तो हमने सोचा कि रहस्यमयी स्पिनर सबसे बड़ी परेशानी हैं। गेंद अभी भी थोड़ी घूम रही थी और वे वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। मैक्सी अभी भी काफी स्वतंत्र रूप से रन बना रहा था। हम जानते थे कि यह उस तरह का विकेट है जो आसान हो जाता है। वास्तव में ऐसा नहीं लगा कि मैक्सी के अभी भी क्रीज पर रहते हुए रन रेट कोई मुद्दा बनने वाला है। इसलिए, मेरे लिए यह मूल रूप से टिके रहने के बारे में था और बस उम्मीद है कि हमें एक मौका मिलेगा। कुछ अन्य गेंदबाजों को देखें, शायद वह विकेट उतना उपयुक्त नहीं था।

उन्होंने कहा, तो, यह एक बहुत ही सरल योजना थी। बहुत आगे की नहीं लग रही थी। मुझे लगता है कि मैक्सी थोड़ा अलग हो सकता है। मुझे लगता है कि वह हमेशा जीत के लिए अपनी योजना बना रहा है। इसलिए, मुझे लगता है कि 200 रन भी खत्म हो जाएंगे, वह एक तरह से पता लगा रहा था कि वह यह कैसे करने जा रहा है। मैं बस टिके रहने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा कि मैक्सवेल की पारी उनके द्वारा देखी गई अब तक की सबसे महान वनडे पारी है। मुझे लगता है कि यह सबसे महान एकदिवसीय पारी है। मेरा मतलब है कि मैंने शायद अब तक की सबसे महान एकदिवसीय पारी देखी है। हाँ, हम बस इसके बारे में बात कर रहे हैं, सभी खिलाड़ी और हमने फैसला किया है कि यह उन दिनों में से एक है जब आप बस जाओ, मैं उस दिन स्टेडियम में था जब ग्लेन मैक्सवेल ने अकेले ही उस लक्ष्य का पीछा किया था। हाँ, मुझे यकीन है कि वह ठीक हो जाएगा।

# बेन स्टोक्स के शतक से इंग्लैंड ने नीदरलैंड्स को दिया 340 रन का लक्ष्य




**पुणे** 8 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने बुधवार को आईसीसी विश्वकप के 40वें मुकाबले में बेन स्टोक्स की 108 रन की शतकीय और डेविड मलान 87 तथा डेविड विली 51 रन की अर्धशतकीय पारी बदौलत नीदरलैंड्स को 340 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। सातवें ओवर की आखिरी गेंद पर जॉनी बेयरस्टो 15 रन दत्त की गेंद पर मीकरेन के हाथों लपके गये। इसके बाद मलान ने जो रूट के साथ पारी को संभाला। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर जो रूट 28 रन को वैन बीक ने बोल्ड कर चलता कर दिया।

22वें ओवर में एडवर्ड्स/वैन बीक ने सलामी बल्लेबाज डेविड मलान 87 रन पर रन आउट कर दिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। उसके बाद हैरी ब्रूक 11 और कप्तान जोस बटलर पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। मोईन अली चार को दत्त ने डलीडे के हाथों कैच आउट कराया। आठवें विकेट के रूप में क्रिस वोक्स 51 रन को डलीडे ने एडवर्ड्स के हाथों कैच आउट कराया। डेविड विली छह रन का कैच डलीडे की गेंद पर एंगलब्रेक्ट ने लपका। इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट 339 रन बनाये। नीदरलैंड की ओर से डलीडे ने तीन विकेट लिए। आर्यन दत्त और लोगन वैन बीक ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। पॉल वैन मीकरेन को एक विकेट मिला।

# बाबर आजम की जगह शुभमन गिल बने नए नंबर एक पुरुष वनडे बल्लेबाज

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी पुरुष बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की जगह नए शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष वनडे बल्लेबाज बन गए हैं।

वह अब सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी और विराट कोहली के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के पास अब पुरुषों की वनडे बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में गिल और मोहम्मद सिराज के रूप में शीर्ष क्रम के खिलाड़ी हैं। डेंगू के कारण विश्व कप के पहले दो मैच न खेलने के बाद, गिल ने छह पारियों में 219 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हालिया स्कोर मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ 92 और कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन है।

बाबर ने विश्व कप में आठ पारियों में 282 रन बनाए हैं और वह गिल से छह रेटिंग अंक नीचे दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, क्योंकि दुनिया में शीर्ष क्रम के पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाज का दो साल से अधिक का शासन समाप्त हो गया है।




करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने हाल ही में कोलकाता में पुरुषों के एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी की, तीन स्थान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गए और तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक से एक रेटिंग अंक के भीतर हैं, जिन्होंने विश्व कप में अब तक 543 रन बनाए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में प्रभावशाली 17 पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान (तीन पायदान ऊपर 11वें) और अफगानिस्तान के समकक्ष इब्राहिम जादरान (छह पायदान ऊपर 12वें) भी प्रगति कर रहे हैं।

वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में, कुलदीप यादव (तीन पायदान ऊपर चौथे), जसप्रीत बुमराह (तीन पायदान ऊपर आठवें) और मोहम्मद शमी (सात पायदान ऊपर 10वें) सिराज के साथ शीर्ष दस रैंकिंग में शामिल हो रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज (दो स्थान ऊपर दूसरे स्थान पर) और ऑस्ट्रेलिया के समकक्ष एडम ज़म्पा (छह स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर) शीर्ष 10 में अन्य बड़े मूवर्स हैं, जबकि पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी चार स्थान गिरकर तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के जोश हेज़लवुड के साथ पांचवें स्थान पर हैं। विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका 31 पायदान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि भारत के स्पिनर रवींद्र जड़ेजा आठ पायदान ऊपर 19वें और दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के बल्लेबाज मार्को जानसन नौ पायदान ऊपर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं, वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में अन्य बड़े मूवर्स हैं।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन चोट के कारण विश्व कप समाप्त होने के बावजूद शीर्ष क्रम के ऑलराउंडर बने हुए हैं, ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल मुंबई में अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को नाबाद 201 रनों की मैच विजयी पारी के बाद दो स्थान के सुधार के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 0 | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |

## सार संक्षेप

### इयोन मोर्गन ने इंग्लैंड की टीम और मुख्य कोच की तीखी आलोचना की

**पुणे।** इंग्लैंड के 2019 विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों और मुख्य कोच मैथ्यू मॉट ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच से पहले मीडिया का सामना न करके गलत किया। ऑस्ट्रेलिया से 33 रनों की हार के साथ मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं। इंग्लैंड ने मंगलवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए सहायक कोच कार्ल हॉपकिंसन को मैदान में उतारा, जिसकी मॉर्गन ने तीखी आलोचना की। पूर्व इंग्लिश कप्तान ने कहा, मैं इससे आश्चर्यचकित और स्तब्ध था। जब आप एक कप्तान या मुख्य कोच के रूप में एक बैठक में बैठते हैं तो आप टीम में निर्णय लेते हैं और जब चीजें गलत हो रही होती हैं, तो आपको पूर्ण स्पष्टता की आवश्यकता होती है । जब आप साक्षात्कार प्रक्रिया में संदेश देने के बारे में बात करते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से सामने आने के लिए वरिष्ठ खिलाड़ियों या अपने मुख्य कोच की ओर रुख करते हैं। 2023 विश्व कप नॉकआउट उनकी पकड़ से बाहर होने के कारण, इंग्लैंड को अब 2025 चैंपियंस ट्रॉफी योग्यता को जीवित रखने के लिए नीदरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत की जरूरत है।

### विश्व कप 2023 टिकट कालाबाजारी मामले में बीसीसीआई ने एफआईआर की कॉपी मांगी

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शहर में क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच के टिकट कालाबाजारी मामले में कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर की प्रति मांगी है। बीसीसीआई ने 5 नवंबर को बोर्ड को कोलकाता पुलिस के नोटिस के जवाब में एफआईआर की प्रति मांगी है, जिसमें टिकटों की ऑनलाइन मार्केटिंग में अपनाई गई प्रक्रिया की जानकारी मांगी गई थी। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने मंगलवार शाम को हमारे नोटिस का जवाब दिया और मामले में दर्ज एफआईआर की प्रति मांगी। बोर्ड अधिकारियों ने दावा किया है कि एफआईआर की सामग्री को पढ़ने से उनके लिए इस मामले में हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देना आसान हो जाएगा।

# एडम गिलक्रिस्ट ने फॉर्म में वापसी के लिए जोश इंगलिस का समर्थन किया

- एलेक्स कैरी की जगह इंगलिस को अंतिम एकादश में शामिल किया गया
- 28 वर्षीय इंगलिस ने अभी तक टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे बड़ी पारी

**मुंबई,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट भारत में चल रहे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में जोश इंगलिस के फॉर्म में वापस आने का समर्थन कर रहे हैं, जिन्होंने प्रतियोगिता की अपनी आखिरी दो पारियों में सिर्फ 3 और 0 रन बनाए हैं।

चेन्नई में भारत के हाथों ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती गेम में हार के बाद एलेक्स कैरी की जगह इंगलिस को अंतिम एकादश में शामिल किया गया। हालांकि उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण 58 रन बनाए, लेकिन 28 वर्षीय इंगलिस ने अभी तक टूर्नामेंट में उल्लेखनीय पारी नहीं खेली है, उनका औसत अब तक केवल 18.71 है।




दूसरे रास्ते से वापस जाना एक बड़ी चुनौती होगी, है ना? कैरी को एक गेम के बाद बाहर करना एक बड़ा फैसला था। टेंट के अंदर रहे बिना और यह जाने बिना कि जोश की सोच क्या है और वह किस प्रकार सोच रहा है... मैं सही समय पर कुछ महत्वपूर्ण रन बनाने के लिए उसका समर्थन करूंगा। एसईएन रेडियो पर गिलक्रिस्ट ने कहा, हमने उसे स्कॉर्चर्स और डब्लूए के लिए नियमित अवसरों पर ऐसा करते देखा है। मुझे लगता है कि आपको उसके साथ जाना होगा।

गिलक्रिस्ट भी इंगलिस को पांचवें नंबर से छठे या सातवें नंबर पर जाते हुए देख रहे हैं, खासकर स्टीव स्मिथ के लाइन-अप में लौटने के कारण, जो फिटनेस समस्याओं के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ मैच नहीं खेल सके।

हो सकता है कि वह बल्लेबाजी क्रम में एक स्थान नीचे खिसक जाए, हो सकता है कि वह पांचवें स्थान पर न आए। स्टीव स्मिथ को वहां वापस आना होगा, इसलिए यह स्वाभाविक रूप से उन्हें नीचे भी धकेल सकता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

लेकिन मुझे लगता है कि अब केज़ (कैरी) को अचानक वापस वहां फेंकना एक बड़ी चुनौती होगी। मैं किसी भी तरह से नहीं सोचता कि जो भी खेल रहा है उससे हम बहुत अधिक हारते हैं। वह (इंग्लिस) बस चूक गया।

अफगानिस्तान पर ऑस्ट्रेलिया की तीन विकेट की चमत्कारी जीत के बाद, पांच बार के चैंपियन को शनिवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना करने पर लीग चरण से जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश करने की उम्मीद होगी।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम पर अब भी संदेह है : इयान हीली

**मुंबई,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान पर तीन विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, लेकिन महान विकेटकीपर-बल्लेबाज इयान हीली को अभी भी पैट कमिंस एंड कंपनी पर संदेह है। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय 91/7 पर मुश्किल में थी।लेकिन मैक्सवेल ने 128 गेंदों पर नाबाद 201 रन की तूफानी पारी खेली और कप्तान पैट कमिंस के साथ 202 रन की अविजित साझेदारी करके लगातार छठी जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। एसईएन रेडियो पर हीली ने कहा, मैं इस ऑस्ट्रेलियाई टीम से अब भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं। मैं नहीं जानता कि वे कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि वे अपना काम पूरा कर रहे हैं और पहली दो हार के बाद से अजेय हैं। सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने अफगानिस्तान के लिए विश्व कप में पहला शतक जमाया, जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 291/5 रन बनाए। लेकिन हीली ने सवाल किया कि क्या टॉस के समय अफगानिस्तान का पहले बल्लेबाजी करना एक सही निर्णय था। हीली ने कहा, किसने कभी सोचा होगा कि अफगानिस्तान इतना करीब पहुंच जाएगा? अफगानिस्तान ने वास्तव में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और फिर उनकी गेंदबाजी मजबूत थी। वे शीर्ष क्रम पर शानदार गेंदबाजी कर रहे थे। अफगानिस्तान का अगला मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है जबकि ऑस्ट्रेलिया को शनिवार को पुणे में बांग्लादेश का सामना करना है।

### सुडोकू 6371 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 2.23 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.73 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.54 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.53 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 2.37 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.78 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.72 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.53 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.44 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा, अमित शाह ने लाँच किया भारत आर्गेनिक ब्रांड



**नई दिल्ली** 8 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नवगठित नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) के भारत ऑर्गेनिक्स ब्रांड को लॉन्च करते हुये कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई मापदंड निर्धारित किए हैं, जिनमें से एक जैविक खेती है।

श्री शाह ने एनसीओएल द्वारा आयोजित सहकारी समितियों के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने से जुड़ी राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा यह सभी भारतीयों के लिए संतोष की बात है कि हम कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं। अधिशेष उत्पादन की यात्रा में कुछ गलतियां भी की गई हैं। हमें कमजोरियों की पहचान करनी होगी। उत्पादन बढ़ाने के लिए, उर्वरक और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने हमारे भविष्य के लिए बुरे परिणाम दिए हैं। इसने भूमि की उर्वरता को कम कर दिया, भूमि और पानी को प्रदूषित कर दिया है।

उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने कई मापदंड निर्धारित किए हैं, जिनमें से एक जैविक खेती है। जैविक खेती को सफल बनाने के लिए हमें कई कारकों पर काम करना होगा और उन्हें एक साथ लाकर आगे बढ़ना होगा। जैविक खेती को 50 प्रतिशत से ऊपर ले जाने का लक्ष्य बहुआयामी दृष्टिकोण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अनाज के मामले में भारत अभी आत्मनिर्भर है लेकिन अब समय आ गया है कि जैविक उत्पादों को देश दुनिया तक पहुंचाया जाये।

उन्होंने भारत आर्गेनिक ब्रांड के भारत और विदेशों में सबसे 'भरोसेमंद' ब्रांड के रूप में उभरने की उम्मीद जताते हुये कहा कि एनसीओएल जैविक उत्पादकों के लिए एक मंच है। आज 'भारत ऑर्गेनिक्स' ब्रांड के तहत छह उत्पाद जारी किये जा रहे हैं और दिसंबर तक ऐसे 20 उत्पाद जारी होंगे। उन्होंने कहा कि छह जैविक उत्पाद अरहर दाल, चना दाल, चीनी, राजमा, बासमती चावल और सोना मसूरी चावल होंगे। मदर डेयरी के सफल आउटलेट और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए इनकी बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुदरा दुकानों का एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है तथा एनसीओएल शुरुआत में भारत में जैविक उत्पाद बेचेगा और बाद में अन्य देशों में विपणन करेगा।

श्री शाह ने एनसीओएल का लोगो, वेबसाइट और ब्रोशर भी लॉन्च किया। उन्होंने पांच सहकारी समितियों को एनसीओएल सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए। एनओसीएन के अध्यक्ष डा मीनेश शाह ने कहा कि भारत आर्गेनिक ब्रांड के तहत प्रमाणित आर्गेनिक उत्पाद भी बिकेगें और इसके लिए जिला स्तर पर व्यवस्था की गयी है। बाजार में उपलब्ध आर्गेनिक उत्पादों की अभी कीमतें सामान्य उत्पादों की तुलना में बहुत अधिक है लेकिन भारत आर्गेनिक के उत्पादों की कीमतें बहुत ही प्रतिस्पर्धी होगी। अभी सभी छह उत्पाद सफल बूथ पर उपलब्ध है और अमूल भी आर्गेनिक उत्पादों की बिक्री कर रहा है। नेफेड के माध्यम से भारत आर्गेनिक के उत्पाद बेचे जायेंगे।

# वीडियो गेम कंपनी यूबीसॉफ्ट ने की 100 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी




**सैन फ्रांसिस्को,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। फ्रांसीसी वीडियो गेम कंपनी यूबीसॉफ्ट, जिसने असैसिन्स क्रीड और फार क्राई जैसी लोकप्रिय फ्रेंचाइजी प्रकाशित की है, ने कॉर्पोरेट रिस्ट्रक्चरिंग और रीऑर्गेनाइजेशन प्रयास के तहत लगभग 124 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, नौकरी में कटौती का असर मुख्य रूप से विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो और ग्लोबल आईटी टीम के कर्मचारियों पर पड़ा। यूबीसॉफ्ट के प्रवक्ता एंटोनी लेडुक-लेबेले के अनुसार, नौकरी से निकाले गए 98 लोग कनाडा में हैं, जो देश में कंपनी के कार्यबल का 2 प्रतिशत से भी कम है।

लेडुक-लेबेले ने कहा, %%पिछले कुछ महीनों में, यूबीसॉफ्ट की प्रत्येक टीम हमारे संचालन को सुव्यवस्थित करने और हमारी सामूहिक दक्षता को बढ़ाने के तरीके तलाश रही है ताकि हम लंबी अवधि में सफलता के लिए बेहतर स्थिति में हों। ये हल्के में लिए गए फैसले नहीं हैं।%% रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा में प्रभावित कर्मचारियों को विच्छेद पैकेज, विस्तारित लाभ और कैरियर सहायता मिलेगी। अपनी नई आय रिपोर्ट के अनुसार, यूबीसॉफ्ट ने पिछले साल भर में तेजी से नियुक्ति की है और अपने कई ग्लोबल डिवीजन से 1,000 से अधिक व्यक्तियों की छंटनी की है। इसके चलते एरेना बैटलर प्रोजेक्ट क्यू जैसे कई गेम रद्द हो गए हैं।

छंटनी के बावजूद, कंपनी वैश्विक स्तर पर 19,000 से ज्यादा कर्मचारियों को रोजगार देती है। सितंबर में, फोर्टनाइट गेम डेवलपर एपिक गेम्स ने अपने 16 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की, जिससे लगभग 870 लोग प्रभावित हुए। एपिक के सीईओ टिम स्वीनी ने एपिक कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा, जिसमें कहा गया कि कंपनी एपिक के लगभग 16 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर रही है।

# जियोफोन प्राइमा 4जी कीपैड फोन अब 2,599 रुपये में उपलब्ध

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। रिलायंस जियो का 4जी कीपैड स्मार्टफोन जियोफोन प्राइमा अब देश में 2,599 रुपये में खरीदने के लिए उपलब्ध है। यूजर्स फोन को प्रमुख रिटेल स्टोर और रिलायंस डिजिटल, जियोमार्ट और अमेजन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर खरीद सकते हैं। जियोफोन प्राइमा काई-ओएस प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जो एक ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट-बेस्ड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप और गूगल वॉयस असिस्टेंट तक पहुंच प्रदान करता है। यह वीडियो कॉलिंग और फोटोग्राफी के लिए डिजिटल कैमरों के साथ आता है और जियो डिजिटल सर्विस जैसे जियोटीवी, जियोसिनेमा, जियो सावन और जियोपे के माध्यम से यूपीआई पेमेंट जैसे जियो डिजिटल सर्विस के साथ आता है, जो सभी प्रीमियम स्पेस डिजाइन में पैक किए गए हैं।

फोन में 2.4 इंच की डिस्प्ले स्क्रीन, 1800एमएएच की बैटरी है और यह 23 भाषाओं के सपोर्ट के साथ आता है। इस बीच, रिलायंस जियो ने देश भर के दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड, किफायती इंटरनेट सर्विस प्रदान करने के लिए भारत की पहली सैटेलाइट-बेस्ड गीगा-फाइबर सर्विस का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। जियोस्पेस फाइबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 के पहले दिन प्रदर्शित किया गया था।

# आरबीआई ने आईटी गवर्नेंस और साइबर सिक्योरिटी को लेकर बैंकों, एनबीएफसी को जारी किए दिशानिर्देश

**मुंबई,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने आईटी गवर्नेंस, जोखिम, नियंत्रण पर बैंकों और एनबीएफसी को एक नया व्यापक मास्टर दिशानिर्देश जारी किया है। यह दिशानिर्देश डायरेक्टरों के लिए है जिनको ग्राहकों के हित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। ये निर्देश आईटी गवर्नेंस पर पहले जारी किए गए दिशानिर्देशों और परिपत्रों को शामिल करते हैं और 1 अप्रैल, 2024 से लागू होंगे।

**दिशानिर्देशों में सभी विनियमित संस्थाओं को इन सभी चीजों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया है**

साइबर इवेंट्स को सूचना प्रणाली में किसी घटना के रूप में परिभाषित किया गया है। साइबर इवेंट्स कभी-कभी संकेत देती हैं कि घटना घटित होने वाली है।




**साइबर सिक्योरिटी :** साइबर माध्यम से गोपनीयता और सूचना की उपलब्धता का संरक्षण। इसके अलावा, प्रामाणिकता, जवाबदेही, गैर-अस्वीकरण और विश्वसनीयता भी शामिल हो सकते हैं।

**साइबर इंसीटेंड:** यह ऐसी साइबर इवेंट है जो साइबर सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, चाहे वह दुर्भावनापूर्ण गतिविधि से उत्पन्न हुई हो या नहीं।

**साइबर-अटैक :** संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, बाधित करने या अनधिकृत पहुंच प्राप्त करने के लिए साइबर माध्यम से कमजोरियों का फायदा उठाने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास।

डी-मिलिटराइज्ड जोन या डीएमजेड एक नेटवर्क खंड है जो आंतरिक और बाहरी नेटवर्क के बीच है।

**सूचना असेट :** कोई भी डेटा, उपकरण या जो सूचना-संबंधी गतिविधियों का समर्थन करता है। सूचना संपत्तियों में सूचना प्रणाली, डेटा, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर शामिल हैं।

भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों को भी दिशानिर्देशों का पालन करने और किसी विशेष मानदंड के मामले में छूट लेने की स्थिति में आरबीआई के साथ चर्चा करने के लिए कहा गया है।

## सार संक्षेप

### सेल के पहले दिन ही सबसे ज्यादा बिकने वाला फोल्डेबल स्मार्टफोन बना वनप्लस ओपन

**नई दिल्ली।** वैश्विक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड वनप्लस का प्रमुख फोल्डेबल डिवाइस वनप्लस ओपन ने अपने ओपन सेल के दिन कई चैनलों पर मजबूत बिक्री हासिल की, जो अपने सेल के पहले दिन सबसे ज्यादा बिकने वाला फोल्डेबल स्मार्टफोन बनकर उभरा है। रिलायंस डिजिटल पर सेल के पहले दिन वनप्लस ओपन सबसे ज्यादा बिकने वाला फोल्डेबल स्मार्टफोन डिवाइस बन गया। इसके अलावा, वनप्लस ओपन 2023 में 1 लाख रुपये से ज्यादा प्राइस सेगमेंट में अपने ओपन सेल डे अमेजन डॉट इन पर सबसे ज्यादा बिकने वाला फोल्डेबल स्मार्टफोन बनकर उभरा है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया, वनप्लस ओपन के लॉन्च के साथ, हमने इंडस्ट्री कन्वेंशन्स को चुनौती देते हुए एक बार फिर %नेवर सेटल% स्पिरिट को अपनाया। एक फ्रेश फोल्डेबल फॉर्म फैक्टर लाते हुए, वनप्लस ओपन में स्टैंडआउट डिजाइन, डुअल प्रोएक्सडीआर डिस्प्ले, ओपन कैनवास के साथ मल्टी-विंडो एफिशिएंसी और बहुत कुछ है। प्रवक्ता ने कहा, हमें विश्वास है कि वनप्लस ओपन हमारे भारतीय कम्युनिटी के प्रीमियम अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास जारी रखेगा और टॉप यूजर एक्सपीरियंस के साथ यूनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर फीचर लाएगा।

### ब्लोटवेयर-फ्री एक्सपीरियंस के साथ स्मार्ट लाइफ को बेहतर बनाने के लिए समर्पित ऑनर 90 यूआई


**नई दिल्ली।** ऑनर 90 मैजिक ओएस 7.1 पर चलता है, जो ऑनर के यूआई का लेटेस्ट वर्जन है। ऑनर 90 का मैजिकओएस 7.1 यूजर इंटरफेस प्रदान करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यूजर अपने स्मार्टफोन को अनावश्यक प्री-इंस्टॉल ऐप्स या ब्लोटवेयर के बिना नेविगेट कर सकते हैं, जिसके चलते यूजर-फ्रेंडली एक्सपीरियंस मिलता है। ब्लोटवेयर-फ्री एक्सपीरियंस के लिए ऑनर की प्रतिबद्धता एक महत्वपूर्ण लाभ है, जो यह सुनिश्चित करती है कि यूजर्स को अनवांटेड या पहले से इंस्टॉल किए गए ऐप्स से नहीं जूझना पड़े, जो उनके डिवाइस को धीमा कर सकते हैं और यूजर इंटरफेस को अव्यवस्थित कर सकते हैं। ऑनर 90 5जी एंड्रॉइड 13 द्वारा संचालित है, जो एक नया ऑपरेटिंग सिस्टम है जिसे क्रॉस-प्लेटफॉर्म, क्रॉस-डिवाइस एक्सपीरियंस में सहज अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मतलब है कि यूजर्स लेटेस्ट फीचर्स, सिक्योरिटी एनहांसमेंट्स और एंड्रॉइड इको सिस्टम में सुधार का आनंद ले सकते हैं। मैजिकओएस एक बेजोड़ यूजर एक्सपीरियंस के लिए पूरी तरह से अपग्रेडेड सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर लाता है, जो प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और स्मार्ट लाइफ एक्सपीरियंस आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह नेक्स्ट जनरेशन ऑपरेटिंग सिस्टम सभी डिवाइसों और इकोसिस्टम में कोलैबोरेशन को सक्षम बनाता है, जो कंज्यूमर्स के लिए वास्तव में शानदार एक्सपीरियंस प्रदान करता है। यह एंड्रॉइड पीसी और आईओटी ऑपरेटिंग सिस्टम पर आधारित है, इसलिए अलग-अलग ओएस चलाने वाले डिवाइस सिस्टम लेवल पर मैजिकओएस डिवाइस से कनेक्ट हो सकते हैं।

# सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई** 8 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के नीतिगत दरों को लेकर होने वाले वक्तव्य के इंतजार में निवेशकों की सतर्कता से विश्व बाजार की गिरावट ने स्थानीय स्तर पर पंद्रह समूहों की तेजी के बावजूद आज घरेलू शेयर बाजार की रफ्तार को धीमा कर दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त पर रहे।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.21 अंक बढ़कर 64975.61 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.80 अंक की बढ़त के साथ 19443.50 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेजी रही, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,441.89 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत उछलकर 38,337.70 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3828 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2019 में लिवाली जबकि 1683 में बिकवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि शेष 21 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 15 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.54, सीडी 0.84, ऊर्जा 0.77, एफएमसीजी 0.55, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 0.93, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 0.80, कैपिटल गुड्स 0.86, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.73, धातु 0.53, तेल एवं गैस 0.96, पावर 0.15, रियल्टी 1.40 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.07 प्रतिशत मजबूत रहे।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.31, जापान का निक्केई 0.33, हांगकांग का हैंगसेंग 0.58 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.16 प्रतिशत गिर गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 160 अंक की तेजी लेकर 65,101.95 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले 64,851.06 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 65,124.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 64,942.40 अंक के मुकाबले 0.05 प्रतिशत बढ़कर 64,975.61 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 43 अंक की बढ़त के साथ 19,449.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,401.50 अंक के निचले जबकि 19,464.40 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,406.70 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत मजबूत होकर 19,443.50 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 1.96, टाइटन 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.16, एलटी 1.16, आईटीसी 0.95, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.68, मारुति 0.63, रिलायंस 0.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.45, सन फार्मा 0.38, टीसीएस 0.32, बजाज फिनसर्व 0.22, एचडीएफसी बैंक 0.17 और इंडसइंड बैंक शामिल रही। वहीं, आईसीआईसीआई बैंक 1.44, एनटीपीसी 1.05, इंफोसिस 0.87, टेक महिंद्रा 0.76, टाटा स्टील 0.58, बजाज फाइनेंस 0.53, पावरग्रिड 0.53, एचसीएल टेक 0.49, टाटा मोटर्स 0.45, विप्रो 0.40, कोटक बैंक 0.37, नेस्ले इंडिया 0.22, भारती एयरटेल 0.11, एसबीआई 0.10, अल्ट्रासिमको 0.10 और एक्सिस बैंक के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# पिछले 20 साल में सोने पर हर साल 11 फीसदी का चक्रवृद्धि रिटर्न

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से पता चलता है कि पिछले 20 साल में सोने पर औसतन 11 फीसदी का चक्रवृद्धि रिटर्न मिला है। स्मॉलकेस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी विंडमिल कैपिटल द्वारा किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि सोना एक ऐसा परिसंपत्ति वर्ग है जो मुद्रास्फीति के खिलाफ कुशल बचाव के रूप में कार्य करता है और सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए ऐसे पोर्टफोलियो में निवेश करना बेहतर है जिसमें सोना शामिल हो। अध्ययन से संकेत मिलता है कि त्योहारी सीजन, खासकर दिवाली के दौरान सोने की मांग मजबूत रहने की संभावना है। विंडमिल कैपिटल के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के समय में सोने में तेजी की उम्मीद है। अध्ययन के अनुसार, सोना एक कुशल एसेट क्लास है



जो सुरक्षा प्रदान करता है। ऐतिहासिक रूप से, जब भी बाजार में उथल-पुथल होती है, निवेशकों की स्वाभाविक प्रवृत्ति सोने की ओर भागने की होती है। एसेट क्लास के रूप में सोना संकट के दौरान अच्छा प्रदर्शन करता है। उदाहरण के लिए, जहां कोविड संकट या रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान निफ्टी का रिटर्न कम रहा, वहीं सोने का रिटर्न पॉजिटिव रहा। इसलिए सोना इक्विटी के खिलाफ एक प्रभावी बचाव है।

# खाद्य तेलों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 38 रिंगिट चढ़कर 3641 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की बढ़त के साथ 49.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :**मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और चावल = 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

# आसान लेनदेन और डिलीवरी से ऑनलाइन किराना खरीद में वृद्धि : आईआईएम

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। आईआईएम के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की सुविधा और डिलीवरी के कारण युवा उपभोक्ता तेजी से ऑनलाइन ग्रॉसरी शॉपिंग (ओजीएस) का विकल्प चुन रहे हैं। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए आईआईएम के शोधकर्ताओं ने वर्ष 2000 और 2023 के बीच 27 देशों में प्रकाशित 145 शोध लेखों का विश्लेषण किया है।

आईआईएम लखनऊ व नागपुर के मुताबिक पिछले दशक में, ऑनलाइन किराने की खरीदारी इसकी उपलब्धता और त्वरित डिलीवरी के कारण बढ़ी है। यह प्रणाली विशेष रूप से महानगरीय क्षेत्रों में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को पसंद आई है। इस अध्ययन के अनुसार, 21-40 वर्ष की आयु के युवा उपभोक्ता ओजीएस के प्राथमिक उपयोगकर्ता हैं, जो कि बुजुर्ग उपभोक्ताओं की तुलना में एक बदलाव का प्रतीक है।




आईआईएम लखनऊ व नागपुर ने अमृता स्कूल ऑफ बिजनेस, कोयंबटूर, और आईपीएएम लिस्बोआ - मार्केटिंग बिजनेस स्कूल, की एक शोध टीम के साथ मिलकर पिछले दो दशकों में ऑनलाइन किराना खरीदारी (ओजीएस) की आदतों पर यह समीक्षा अध्ययन किया है।

आईआईएम लखनऊ के सहायक प्रोफेसर डॉ. अरविंद श्रॉफ ने कहा, ओजीएस का विकास मुख्य रूप से स्मार्टफोन और इंटरनेट पहुंच जैसी तकनीकी प्रगति से प्रेरित है। यह उपभोक्ताओं की पसंद और सुविधा की मांग को पूरा करता है। यह अध्ययन के निष्कर्षों में ऑनलाइन और ऑफलाइन व्यवसायों को एकीकृत करते हुए दोहरे चैनल दृष्टिकोण अपनाने वाले सुपरमार्केट के लिए वित्तीय और परिचालन संबंधी निहितार्थ हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया है कि ओजीएस व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों में उम्र, लिंग, आय, मूल्य निर्धारण, छूट, वितरण शुल्क, लेनदेन लागत, विज्ञापन, प्रचार, सूचना गुणवत्ता और स्थिरता जैसे उपाय शामिल हैं। परेशानी मुक्त ऑनलाइन भुगतान और सहकर्मी रेटिंग ऑनलाइन किराने की खरीदारी के लिए उपभोक्ता की प्राथमिकताओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कुल मिलाकर, पसंद और सुविधा, किराने के सामान की खरीदारी के लिए इन ऑनलाइन प्लेटफार्मों द्वारा सक्षम किए जाने से उपभोक्ताओं की खरीदारी के इरादों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। शोधकर्ता ऑनलाइन शॉपिंग को बेहतर ढंग से समझने के लिए और अधिक गुणात्मक शोध की सलाह देते हैं और ओजीएस व्यवहार को प्रभावित करने वाले अंतर्निहित कारकों का पता लगाने के लिए मिश्रित-विधि दृष्टिकोण का सुझाव देते हैं।

# रमन राज में देश के सबसे ज्यादा गरीब छत्तीसगढ़ से थे: भूपेश

■ बिलासपुर के तेंदुवा (कोटा) में आयोजित आमसभा में सीएम भूपेश बघेल ने साधा पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह और भाजपा पर निशाना



**कोटा,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोटा के तेंदुवा में आयोजित आमसभा में पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि साल 2018 में आरबीआई के रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के 40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे मतलब देशभर में सबसे ज्यादा गरीब छत्तीसगढ़ में थे। सबसे ज्यादा कुपोषित छत्तीसगढ़ में, सबसे ज्यादा एनीमिया पीड़ित, सबसे ज्यादा मलेरिया पीड़ित छत्तीसगढ़ में थे।

मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा और पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने अपने 15 साल के कार्यकाल के दौरान हर वर्ग को ठगने का काम किया। महिलाओं, युवाओं, किसानों और आदिवासियों समेत हर वर्ग को ठगा। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में डॉ रमन सिंह चुनाव हार रहे है, जनता ने उन्हें हराने के लिए वोट किया है। राजनांदगांव की जनता ने उनका बोरिया-बिस्तर बांध दिया है।

**जो 2100 नहीं दे पाये वो 3100 क्या दे पाएंगे**- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के मोदी के गारंटी में 3100 रुपये में धान खरीदी की घोषणा पर कटाक्ष किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साल 2013 में भाजपा ने 2100 रुपये समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का वादा किया था लेकिन अपने वादे से वो मुकर गए, जो 2100 रुपये नहीं दे पाये वो 3100 रुपये क्या दे पाएंगे।

**हमने ओल्ड पेंशन लागू की**-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भाषण में कहा कि हमने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं, कोटवारों,पुलिसकर्मियों के मानदेय और वेतन भत्तों में बढ़ोत्तरी की है। हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन लागू की है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा गलती से भी सरकार में आती है तो ओल्ड पेंशन बंद कर देगी।

**भाजपा राज में हुई जमकर कमीशनखोरी**- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए भाजपा को कमीशनखोरी के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में राशन घोटाला, धान घोटाला समेत कई घोटाले किए। भाजपा ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को दी जाने वाली चरण पादुका में कमीशनखोरी की। उन्होंने कहा कि पैसा आपका लेकिन कमीशन डॉ रमन सिंह ने खाया।

**रमन का बोरिया बिस्तर बंध गया है, वो हार रहे हैं चुनाव**

वहीं मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्र में मतदान हो गया है, पहले चरण के चुनाव में राजनांदगांव में रमन सिंह का बोरिया बिस्तर बंध गया है, वो चुनाव हार रहे हैं. रमन सिंह जैसे व्यक्ति को चुनाव हारना चाहिए, क्योंकि उन्होंने सबको ठगा, गरीबी बढ़ी, कुपोषण बढ़ा, सड़ा हुआ मोबाइल बांटा, सब में कमीशन खाकर चाऊंर वाले बाबा बने थे. इसके साथ ही सीएम बघेल ने रामदेव बाबा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आंख चपका कर नकली तेल को बेच देते थे. वे 5 साल पहले छत्तीसगढ़ आये थे फिर नहीं आये.

सीएम बघेल ने आगे कहा कि आज ही के दिन कानन पेंडारी में नसबन्दी कांड हुआ था, जहां कई महिलाओं की मौत हो गई थी. कमीशन खोरी के कारण नसबंदी, गर्भाशय, अंख फोड़वाकांड में कई लोगों की मौत हो गई. भाजपा सांसद रवि किशन के आवास वाले बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि अमित शाह ने मुझे पंडरिया में चुनौती दी थी और मैंने कहा था कि स्थान और समय दोनों आप तय कर लीजिए. भूपेश बघेल चुनौती से घबराता नहीं है. बहस के लिए हम तैयार है.

# भीषण सड़क हादसे में तीन शिक्षकों की मौत



■ ईवीएम जमा कर लौट रहे थे वापस

**कोण्डागांव,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला कोण्डागांव अंतर्गत केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम बहीगांव के समीप नेशनल हाइवे 30 पर बुधवार को तड़के एक बोलेरो वाहन और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो जाने से बुलेरो सवार तीन शिक्षकों की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कोण्डागांव से निर्वाचन कार्य समाप्त होने के पश्चात तीन शिक्षकों को लेकर वापस केशकाल की ओर लौट रही बुलेरो वाहन की भिड़ंत बुधवार की सुबह तकरीबन साढ़े चार बजे बहिगांव के समीप नेशनल हाइवे 30 पर विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक से हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बुलेरो के परखच्चे उड़ गए, जिसमें सवार दो शिक्षक ग्राम बेड़मा निवासी शिवकुमार नेताम एवं धनोरा आँचलापारा निवासी सन्तराम नेताम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वही एक गंभीर रूप से घायल शिक्षक हरेंद्र उइके की मौत केशकाल अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। घटना की सूचना मिलते ही केशकाल पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतकों के शव को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम हेतु केशकाल भेजा। घटना के बाद से ही ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है जिसके खिलाफ केशकाल पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की ववेचना शुरू कर दी है।

# एक साथ 2 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित हुआ जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा

**बलौदाबाजार,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के मार्गदर्शन एवं जिल पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को बड़ी उपलब्धि मिली है। आज जिले के 7 सौ से अधिक स्थानों में सवा लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। उक्त हस्ताक्षर अभियान महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है एवं स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान थीम पर आयोजन किया गया था।

उक्त कार्यक्रम का आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संपन्न किया गया। जिसमें सभी ग्राम पंचायतों, नगरों के चौक चौराहों, स्कूलों, आंगनबाड़ी, विभिन्न शासकीय कार्यालयों में हस्ताक्षर कार्यक्रम किया गया। प्रशासन द्वारा चौलेंज को स्वीकार करते हुए आज जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्टस स्टेडियम बलौदाबाजार में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के एशिया प्रमुख डॉ. मनीष विश्नोई ने अपने हाथो से कलेक्टर चंदन कुमार एवं जिला पंचायत नम्रता जैन को प्रोविजनल सर्टिफिक्रेट प्रदान किए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा,कसडोल विधानसभा आब्जर्वर डॉ. राजेन्द्र भारूड़, बलौदाबाजार एवं भाटापारा डॉ. अनीश शेखर, पुलिस आर्ब्जवर नजमुल होड़ा भी उपस्थित रहे। स्पोर्टस स्टेडियम में कलेक्टर-एसपी सहित सभी आला अधिकारियों ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान एवं महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है में शामिल होकर हस्ताक्षर कर सभी का प्रेरित किए। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार के द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही पं. चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही आकर्षण सुवा नृत्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिए।



■ जिले के 7 सौ से अधिक स्थानों में सवा लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

इस मौके पर जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग टिकवेन्द्र जाटवर, एनआइसी सत्यनारायण प्रधान, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी, उप संचालक पंचायत सुरेश कंवर, सहायक परियोजना अधिकारी के के साहू सहित सभी जनपद सीईओ, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वामी आत्मानंद स्कूल के स्टॉफएवं स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने दी बधाई-कलेक्टर चंदन कुमार ने उक्त आयोजन को बेहद सफल बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। उन्होनें कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लायी। आप सभी ने बहुत मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किए। आगे भी भविष्य में इस तरह मेहनत कर समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करें। गौररतलब है कि पूर्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को 3 विभिन्न वर्गों में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड्स से सम्मानित हो चुका हैं। इस तरह अब जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा 5 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स बना लिए है। पूर्व में 11 जून 2022 को आयोजित सर्वाधिक व्यक्तियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई हेतु पुरूस्कार प्रदान किया गया है। जिसमे कुल 52 हजार 693 लोग एक साथ एक समय में शामिल हुए थे। इसी तरह हेलमेट जागरूकता के लिए 1 जुलाई 2022 को नियमित हेलमेट पहनने वालो का सबसे बड़ा सम्मान समारोह जिले के विभिन्न स्थानों में किया गया। जिसमें 5 हजार 204 लोगो का सम्मान करने हेतु गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही हेलमेट जागरूकता के लिए सबसे बड़ी रैली का आयोजन जिसमे एक स्थान पर 272 तथा जिले में विभिन्न स्थानों में कुल 7 हजार 263 लोग शामिल हुए जिसकों भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स बनाने का पुरुस्कार प्रदान किया गया था।

# नक्सल मुठभेड़ में घायल जवानों से मिलने पहुंची रीना बाबासाहेब कंगाले

**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल और नारायणा अस्पताल पहुंचकर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल सुरक्षा बलों के जवानों से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान जवानों के स्वास्थ्य में सुधार के बारे में जानकारी ली।

गौरतलब है कि सुकमा और बीजापुर जिले में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल सुरक्षा बलों के दो जवानों का रामकृष्ण केयर अस्पताल में और चार जवानों का नारायणा अस्पताल में इलाज चल रहा है। इन जवानों को 7 नवंबर को जगदलपुर से एयर एम्बुलेंस द्वारा रायपुर लाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस. गंगवार, विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा, विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टूटेजा और सीएपीएफ (ष्द्गठ्ठह्लद्ध्य, ह्द्बद्गस्र क्कश्द्यद्बष्द्ग स्नश्रह्ष्द्ग) के नोडल अधिकारी महानिरीक्षक साकेत कुमारसंयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश महादेव क्षीरसागर भी मुलाकात के समय मौजूद थे।

**NECC**

| 09.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.35 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 95 | 195 |

डिलीवरी 550 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

देशबन्धु | रायपुर, गुरुवार, 9 नवंबर 2023 3

प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

## संपादकीय

### चुनाव प्रचार में मुद्दों पर बात हो

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान मंगलवार को सम्पन्न हो गया जिसके अंतर्गत बस्तर सम्भाग की 10 और दुर्ग सम्भाग की 10 सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है और इन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कौन करेंगे, यह 3 दिसम्बर को ही पता चल पायेगा।

बहरहाल, एक ओर जब इन 20 सीटों के लिये मतदान जारी था, तब प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी राज्य के सूरजपुर में आम सभा कर रहे थे। कायदे से तो उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिये और नैतिक मानदंड स्थापित करते हुए मंगलवार का दिन छोड़ना चाहिये था ताकि 20 सीटों पर मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। कहने को तो कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भी बालोद व कुरूद में सभाएं लीं लेकिन आचार संहिता के पालन में उदाहरण पेश करने की जिम्मेदारी व नैतिक कर्तव्य पीएम का है क्योंकि वे कार्यपालिका प्रमुख हैं। हालांकि जब से मोदी ने यह पद सम्भाला है, वे अनवरत चुनावी प्रचार में रत रहते हैं- चाहे चुनाव हों या न हों। इस तरह के कई खराब उदाहरण वे पेश कर चुके हैं कि किसी राज्य के एक हिस्से में चुनाव हो रहे होते हैं और मोदी दूसरे क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करते पाये जाते हैं। जहां कई चरणों में चुनाव होते हैं, वहां अक्सर यह स्थिति देखने को मिलती है। उन्हें इस बाबत अपनी आलोचना की कोई फिक्र नहीं होती और न ही उनकी अंतरात्मा उन्हें ऐसा करने से रोकती है।

उनके भाषणों की बात करें तो वे ज्यादातर मुद्दाविहीन होते हैं। विषयवस्तु में केवल विपक्ष को वंशवाद व भ्रष्टाचार के नाम पर गरियाने और उन पर घिसे-पिटे आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं होता। अपने भाषणों में वे अपने पद की प्रतिष्ठा व मर्यादा का बिलकुल ध्यान नहीं रखते। विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों में वे जब जाते हैं तो वहां की सरकार पर आधारहीन आरोप लगाने में कोई आगा-पीछा नहीं देखते। उन्हें इस बात से भी मतलब नहीं रहता कि जो बात वे कह रहे हैं उसकी पुष्टि के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत करें। छत्तीसगढ़ की ही बात करें तो मोदी यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ केवल भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। इन दिनों वे सट्टेबाजी वाले एप महादेव का बारम्बार उल्लेख कर बतला रहे हैं कि उसके लाभार्थी भूपेश बघेल ही हैं। उनकी देखा-देखी भाजपा के अन्य केन्द्रीय तथा स्थानीय नेता भी बतला रहे हैं कि महादेव सट्टा के 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बघेल को मिली है इसलिये वे इसे बचा रहे हैं। मोदी कभी उन्हें जेल में डालने की बात करते हैं तो अन्य आरोप लगा रहे हैं। सभी को जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करना ज़रूरी है।

### उल्टा पुल्टा

पुत्र (पिता से)- पापा मैं इतना बड़ा कब हो जाऊंगा कि मम्मी से बिना पूछे घर से बाहर जा सकूं।

पिता (ठंडी सांस लेते हुए)- बेटा, इतना बड़ा तो अभी मैं भी नही हुआ हूं।

# स्ट्रांग रूम में मतदान सामग्री की गई सीलिंग

## प्रेक्षक एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया सीलिंग



**जगदलपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान सम्पन्न होने के पश्चात इव्हीएम, बैलेट यूनिट और व्हीव्हीपेट सहित अन्य मतदान सामग्रियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और तीनों प्रेक्षक सुब्रत गुप्ता, आरएच ठाकरे, सुदेश कुमार मोखटा और जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. की उपस्थिति में शासकीय आदर्श महाविद्यालय में स्थित स्ट्रांग रूम में सीलिंग की कार्यवाही की गई। मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराने के उपरांत सभी मतदान दल रात्रि 12 बजे तक वापस जगदलपुर पहुंच गए थे। मतदान सामग्री जमा करने की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर की मतदान सामग्री को प्रात: नारायणपुर जिले के लिए रवाना किया गया। इसी प्रकार सुकमा जिले से जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मत पेटियां प्राप्त होने पर मौका मिलान कर सीलिंग की कार्यवाही को किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी नंद कुमार चैबे, ओम प्रकाश वर्मा, भरत कौशिक, वरिष्ठ कौषालय अधिकारी संजय सोनवानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अधिक मतदान कांग्रेस पर जनता के भरोसे का संकेत : रेखचंद जैन



**बस्तर की सभी सीटों पर लहराएगा कांग्रेस का परचम**

**जगदलपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को विधानसभा के पहले चरण में भारी मतदान को जगदलपुर के निवर्तमान विधायक रेखचंद जैन ने कांग्रेस की रीतियों-नीतियों पर जनता का भरोसा बताया है। उन्होने कहा है कि पिछले पांच साल में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने जिन जनोपयोगी योजनाओं को चलाया है और कर्ज माफी, धान के लिए 3200 रुपये का न्यूनतम समर्थन मूल्य, केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा, गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी आदि घोषणाओं ने जनता को अत्यधिक लुभाया है। जनता ने यह देखा है कि पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार 2018 में की गई घोषणाओं की पूर्ति के लिए पुरजोर प्रयासरत रही है। जनता ने भाजपा के 15 साल के कुशासन को देखा है और पांच साल के कांग्रेस के सुशासन को भी। कर्जमाफी पर भाजपा के द्वारा किसानों की दशा न सुधरने का जो अनर्गल प्रलाप किया उसे किसानों ने पसंद नहीं किया। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य आज देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में दिया जा रहा है। वर्तमान में जहां भाजपा ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया है, वहीं कांग्रेस ने इस बार 3200 रुपये देने की बात कही है। इससे किसानों व उनके परिजनों में हर्ष है। कांग्रेस के कर्जमाफी की नकल करने की भाजपाई कोशिशों को भी जनता ने रिजेक्ट कर दिया है। निवर्तमान विधायक के अनुसार इसी कारण कांग्रेस बस्तर की सभी 12 सीटों पर फिर से जीत का परचम लहरायेगी।

श्री जैन ने कहा है कि जनता को भ्रमित करने भाजपा अपनी जीत के उटपटांग आंकड़े पेश कर रही है। इन आंकड़ों से जनता को भ्रमित करने का भाजपाई प्रयास सफल नहीं होगा। श्री जैन ने भाजपा के झूठे व खोखले वायदों पर ध्यान न देने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया है।

# लालबाग मैदान में लगेंगे फटाका दुकान

**जगदलपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष के भाँति इस वर्ष भी दिपावली पर्व 2023 हेतु अस्थायी फुटकर व्यवसायियों से फटाका दुकान लालबाग मैदान में शौचालय के पिछे (सनसीटी गेट) की ओर स्थल पर लगाये जाने हेतु अस्थायी प्लाट आवंटित किया जावेगा। इस संबंध में 9 नवंबर को समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक फटाका व्यवसायियों से जीवित फटाका लाईसेंस, आधार कार्ड की मूल प्रति एवं छाया प्रति के साथ स्वयं उपस्थित होकर आबंटन प्रक्रिया में निर्धारित शुल्क जमाकर भाग ले सकेंगे। व्यवसायियों का नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय जगदलपुर के जीवित फटाका लाईसेंस सूची में नाम अंकित होने पर ही भाग ले सकेंगे। उसी दिवस 3ः00 बजे से लॉट्री पद्धति से फटाका दुकान हेतु अस्थायी प्लाट आबंटन किया जायेगा। फटाका व्यापारी लाइसेंस, आधार कार्ड की छाया प्रति जमा कराकर उपरोक्त आबंटन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

# अनीता राज कवि लोक साहित्य स्त्रोत सम्मान से सम्मानित



**जगदलपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। कवि लोक साहित्य परिषद के अखिल भारतीय सम्मेलन में स्थानीय साहित्यकार सुश्री अनिता राज को उनके लिखे किताब मेरे विदेश यात्रा को लेकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में पूरे भारत से चार सौ साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं भेजी थी जिसमें उपन्यास कहानी कविता ग़ज़ल एवं मेरी किताब मेरे विदेश यात्रा थी। 106 साहित्यकारों की रचनाओं का चयन किया गया। उसमें मेरी किताब मेरे विदेश यात्रा का चयन कर मुझको कवि लोक साहित्य स्त्रोत से मेरा सम्मान किया गया।

# अति संवेदनशील बूथ तक पहुंचे केन्द्रीय आब्जर्वर



**मोटर सायकल से गुमियापाल तक की यात्रा, उपायुक्त और तहसीलदार के साथ जवान भी मौजूद**

**दंतेवाड़ा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य ऑब्जर्वर अनुराग पटेल ने दंतेवाड़ा विधानसभा नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र गुमियापाल पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया।

रास्ता अति संवेदनशील रहा है। यहां पहली बार कोई केंद्रीय ऑब्जर्वर मोटरसाइकिल से पहुंचे हैं। यह क्षेत्र नक्सलियों से प्रभावित है। यहां पर अभी तक बहुत सी ऐसी सुविधाएं हैं जो सामान्य व्यक्ति को बहुत मुश्किल से नसीब होती है फिर भी केंद्रीय ऑब्जर्वर बहुत ही बहादुरी से पोलिंग बूथ तक मोटरसाइकिल से पहुंचे। उनके साथ मे उपायुक्त डॉ. आनंद जी सिंह, एसडीएम विवेक चन्द्रा, केन्द्रीय बल, टीआई श्री साहू, पुलिस टीम मौजूद रहे। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्थित पोलिंग बूथ पर पहुंच कर मतदान के समय मतदाताओ का प्रवेश एवं निकासी बताते हुए एवं अन्य व्यवस्थाओ के बारे मे जानकारी दी।

इसी तरह सामान्य ऑब्जर्वर श्री पटेल ने नक्सलियों के गढ़ मेड़पाल , अरनपुर पोलिंग बूथ का भी निरीक्षण। रास्ता घनघोर जंगल के साथ अति संवेदनशील है। यहां पर कई बार जवान के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो चुकी है और विस्फोटक सामान भी बरामद हुआ है ।पहली बार कोई केंद्रीय ऑब्जर्वर नक्सलियों के गढ़ में पहुंचे हैं। उनके साथ उपायुक्त डॉक्टर आनंद जी सिंह एवं तहसीलदार कुआंकोंडा, थाना प्रभारी अरनपुर भी रहे। आज भी लोग यहां जाने से बहुत डरते हैं, फिर भी केंद्रीय ऑब्जर्वर बहुत ही बहादुरी से अरनपुर पोलिंग बूथ तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पहुंचे।

# दंतेवाड़ा में जीता लोकतंत्र 69.88 प्रतिशत मतदान



**■ शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कलेक्टर ने माना आभार**

**दंतेवाड़ा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार ने विधानसभा आम निर्वाचन के तहत सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र निष्पक्ष और निर्विघ्न संपन्न हुए, मतदान को लेकर पुलिस तथा सुरक्षा बल के अधिकारियों-जवानों सहित इस चुनौतीपूर्ण कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, मतदान दलों, मीडिया प्रतिनिधियों और मतदाताओं के अलावा प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से अपनी सहभागिता निभाने वाले सभी लोगों को हार्दिक धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

कलेक्टर श्री नंदनवार ने इस बारे में सभी के आभार व्यक्त करते कहा है, कि शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र निष्पक्ष और निर्विघ्न मतदान के पश्चात मतदान दलों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह सुनियोजित तरीके से काम किया। सुरक्षा बलों की रणनीतिक तैनाती और तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान दलों की सुरक्षित एवं सुगम वापसी सुनिश्चित हो सकी। इस दिशा में मतदान प्रक्रिया में लगे पुलिस एवं सुरक्षा बलों और मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा नोडल अधिकारियों आदि ने अहम भूमिका निभायी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नंदनवार ने इस हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में पुन: सहयोग की अपेक्षा की है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा में कुल 69.88 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।

# बस्तर में बंपर वोटिंग, लोगों को इंतजार किसके सर सजेगा ताज

**जगदलपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पहले चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। नक्सलियों की छिटपुट घटनाओं के बीच निर्वाचन आयोग, स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों के जवानों की मेहनत के चलते एक बार फिर बस्तर में रिकॉर्ड मतदान देखा गया। बस्तर जिले में कुल 80.79 प्रतिशत मतदान हुआ। जगदलपुर विधानसभा में 78.02 प्रतिशत चित्रकोट में 80.36 प्रतिशत और बस्तर विधानसभा में सबसे ज्यादा 84.65 प्रतिशत मतदान हुआ। इन इलाकों में मतदान के बाद देर रात तक मतदान दल वापस लौटे जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

**ईवीएम मशीन में कैद हुई किस्मत**

बंपर वोटिंग कर के बस्तर की जनता ने प्रत्याशियों की किस्मत को ईवीएम मशीन में कैद कर दिया अब सबको 3 दिसंबर का इंतजार है। मंगलवार को चुनाव के दिन बस्तर जिले के तीनों विधानसभाओं में मतदाताओं की भीड़ उमड़ रही थी, साथ ही बस्तर के संवेदनशील इलाकों में भी बिना किसी खोफ के ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान मीडिया कर्मी मतदाताओं से टोह लेते देखे गए। जगदलपुर में भाजपा वहीं बस्तर और चित्रकोट विधानसभा में कांग्रेस मजबूत नजर आई। जिला प्रशासन के द्वारा जगदलपुर विधानसभा के चांदामेटा चित्रकोट विधानसभा के बोदली और कलेपाल में पहली बार मतदान केंद्र बनाए गए थे यह इलाके संवेदनशील माने जाते है। जिला प्रशासन मतदान दलों और सुरक्षा बलों के जवानों की मेहनत का असर यहां देखने को मिला। ग्रामीणों ने लोकतंत्र पर विश्वास जताया और मतदान किया।



**जगदलपुर। बस्तर जिले में देर रात तक मतदान सामग्री जमा करने की कार्यवाही किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. मतदान कर्मियों से चर्चा कर उनका हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर सीईओ ज़िला पंचायत प्रकाश सर्वे, संयुक्त कालेक्टर मनोज बंजारे भी उपस्थित थे।**

# भाजपा के लिए वोटिंग करा रही थी बाहर से आई केन्द्रीय फोर्स

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश सहित कई पदाधिकारियों का बड़ा आरोप



**■ बाहर से आयी केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल पर दुर्व्यवहार का भी आरोप**

**■ मतदाताओं को मतदान से वंचित करने और गाली-गलौज की शिकायत**

**■ भाजपा ने कहा हार से घबरायी कांग्रेस, जवानों पर फोड़ रही ठिकरा**

दंतेवाड़ा, 8 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा में 69.88 प्रतिशत मतदान के बाद कयास लग रहे हैं। मतदान खत्म होने के बाद जिले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। कांग्रेस ने आज पत्रकार वार्ता में जिले में चुनाव के लिए आयी बीएसएफ, सीआईएसएफ और सीआरपीएफ पर मतदाताओं से दुर्व्यवहार तथा भाजपा के पक्ष में मतदान करने का बड़ा आरोप लगाया है।

मतदान केन्द्रों की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम, पदाधिकारी मनीष भट्टाचार्य और सलीम रजा उस्मानी ने कहा कि यह सब कुछ केन्द्र सरकार के इशारे पर हुआ है, ताकि भाजपा को फायदा पहुंचाया जा सके। वहीं भाजपा ने इन आरोपों पर कहा है कि कांग्रेस अपनी हार जानकर जवानों पर अनर्गल आरोप लगा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री गौतम सहित इन पदाधिकारियों ने कहा कि इन हथकंडों के बावजूद कांग्रेस, दंतेवाड़ा विधानसभा का चुनाव भारी मतों के अंतर से जीत रही है। अकेले कुआकोंडा ब्लाक में ही बड़ी लीड मिलेगी।

श्री गौतम ने बताया कि बाहर से आयी सीआरपीएफ और बीएसएफ तथा सीआईएसएफ के जवान मतदाताओं को डराते-धमकाते रहे। टिकनपाल में तो फोर्स के रवैये से ग्रामीणों में काफी आक्रोश रहा। सीआरपीएफ डीआईजी से उन्होंने जब बात की तो मामला संभला। फोर्स द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायत टिकनपाल के ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखित में की है। तोयलंका मतदान केन्द्र में तो बीएसएफ का जवान बूथ के भीतर घूस कर ईव्हीएम में भाजपा के लिए वोटिंग कर रहा था। मतदान का जायजा लेने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी छविन्द्र कर्मा ने उस जवान को खुद बाहर निकाला। इसी तरह भांसी, चोलनार, बेड़मा, अरनपुर, बारसूर तथा कटेकल्याण क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रो में ग्रामीणों को फोर्स ने मतदान से वंचित कर दिया।

कांग्रेसी समर्थन वाले गांवों में ही मतदान के दौरान फोर्स की ऐसी मनमानी चलती रही, जो कई आशंकाओ को जन्म देती है। ग्रामीणों के साथ गाली-गलौच और दुर्व्यवहार किया जाना बेहद गलत है। एक ओर नक्सलियों के चुनाव फरमान के बहिष्कार के बावजूद ग्रामीण लोकतंत्र पर आस्था जताते मतदान के लिए मतदान केन्द्रों तक पहुंच रहे थे तो फोर्स ने उनकी हौसला अफजाई करने की जगह उनके साथ दुर्व्यवहार किया, यह बड़ी अजीब बात है। कई बूथों को 2 से ढाई बजे ही बंद करा दिया गया। तुमरीगुंडा और हांदावाड़ा इसी तरह के मतदान केन्द्र थे, जहां मतदाताओं को मतदान से वंचित किया गया।

श्री गौतम ने बताया कि बाहर से आयी फोर्स का यह रवैय्या केन्द्र सरकार के इशारे पर हुआ ताकि भाजपा को यहां फायदा पहुंचाया जा सके। किरन्दुल-बचेली के मतदान केन्द्र में भी सीआईएसएफ ने इसी तरह की गड़बड़ी की। कई मतदान केन्द्रो में सेल्फी प्वाइंट अंदर था और फोर्स मतदाताओं से उनका मोबाइल बाहर जमा करवा रहे थे। कई जगह बीएलओ को भी बाहर कर दिया गया। जिला अध्यक्ष श्री गौतम ने स्थानीय स्तर पर पहले से तैनात सीआरपीएफ और अन्य जवानो की सराहना की। प्रशासन को बेहतर मतदान संपन्न कराने के लिए धन्यवाद भी दिया, लेकिन बाहर की फोर्स की जमकर आलोचना की।

इधर कांग्रेस के इन आरोपों पर भाजपा ने भी चुटकी लेने में देर नहीं की। भाजपा महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जारी बयान में कहा है कि हार की आशंका से घबरायी कांग्रेस हार का पूरा ठीकरा फोर्स पर फोड़ रही है। जवान, मतदान में मतदाताओं की सुरक्षा के लिए पहुंचे थे। उन्होंने अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभायी। कांग्रेसी, अपनी नाकामी छिपाने के लिए फोर्स की आड़ ले रहे हैं। जवानों को दंतेवाड़ा में शानदार मतदान के लिए धन्यवाद देना छोड़ उनकी आलोचना करना कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस के ये आरोप उनकी खींझ और पराजित मानसिकता का बड़ा प्रमाण है।

# छग देश में अपनी पहचान बना रही है : प्रियंका




**कुरूद**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के चुनावी दौरे में धमतरी जिले के कुरूद की चुनावी सभा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा और मोदी सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि अगर आपको लगे कि प्रियंका गांधी बहुत सारी चीज बोली लेकिन हमें यह जमीन पर नहीं दिख दिख रहा है तो मत दीजिएगा वोट।

उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की सरकार ने गोबर खरीद कर दिखा दिया। यहां के किसानों का धान अच्छे कीमत पर खरीद कर दिखा दिया, यहां के गरीबों के जेब में पैसा डालकर दिखा दिया। वहीं उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार देश की संपत्तियों को निजी हाथों में बेच रही है।

प्रियंका गांधी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनमें एक बुरी आदत डल गई है कि चुनाव आते ही उनसे खोकली घोषणाएं हो जाती हैं। चुनाव की तैयारी में लोगों को लड़ाया आता है, धर्म की बात शुरू हो जाती है, जब धर्म की बात आती है तो हम सब हिंदुस्तानी हैं हम सबको बाते लग जाती है। आपको उकसाते हैं आपके जज्बातों को उभरते हैं और इसके आधार पर आपका वोट लेते हैं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सबसे कम बेरोजगारी दर छत्तीसगढ़ में है। छत्तीसगढ़ को सबसे ज्यादा धान खरीदी के दाम से जोड़कर देखा जा रहा है।

**महिला आरक्षण बिल जो 10 साल लागू ही नहीं होगा** - भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि यह ऐसा महिला आरक्षण बिल लेकर आए हैं जिससे पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई, फिर पता चला कि यह 10 साल तक तो लागू ही नहीं होगा। यह आरक्षण तो 10 साल तक महिलाओं को दिखेगा ही नहीं। उन्होंने कहा कि जब मोदी जी कहते हैं कि मैं ओबीसी हूं और ओबीसी की बात करते हैं तो वह जातिगत जनगणना की बात क्यों नहीं कहते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कर रही है कि गिनो देश में कितने ओबीसी हैं, देश में कितने दलित हैं, कितने आदिवासी हैं देश में कितने जनजाति के लोग हैं। जब गिनोगे की ही नहीं तो मदद कैसे करोगे।

**अदानी पर जमकर क्या प्रहार** - प्रियंका गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस देश की संपत्ति यह लोग अपने बड़े-बड़े उद्योगपतियों और दोस्तों को दे रहे हैं यह उनकी संपत्ति नहीं है जिनको जिनको वे लोग बेच रहे हैं कौड़ियों के दम पर। आज जितनी बड़ी-बड़ी सरकारी कंपनियां है। उन्होंने कहा कि रेलवे, बी एच ई एल, एच ए एल, सबको देख लीजिए आज किसके हाथों में हैं। यह कल तक आपके हाथों में थी, कल तक आप कहते थे कि हमें इन कंपनियों में नौकरी लगवाइए, क्योंकि हमें सुरक्षा चाहिए सरकारी जॉब चाहिए। आज किसके हाथों में हैं देश के बंदरगाह, हवाई अड्डे किसके हाथों में है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास सरकारी कर्मचारियों की पेंशन के लिए पैसे नहीं है। उनसे कहिए कि उन उद्योगपतियों के खर्चे माफ करना बंद कर दीजिए, किसानों के कर्ज माफ करें और पेंशन दें। उनकी हिम्मत नहीं है। आपकी संपत्ति बेची जा रही है। भाजपा सरकार जहां-जहां हैं वहां-वहां गरीबों से किसानों से मजदूरों से मिडिल क्लास से संपत्ति छीनी जा रही है और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को दे दी जा रही है।

प्रियंका गांधी ने कहा आज दुनिया भर के जितने भी आदिवासी लोग हैं वे छत्तीसगढ़ को गर्व से देखते हैं। आज बस्तर का नाम हिंसात से नहीं जुड़ा है आज बस्तर का नाम मिलेट्स से जुड़ गया है, रागी से जुड़ गया है, यहां की रागी दुनिया की बड़ी-बड़ी दुकानों में बिक रही है मेरे घर में भी मैं खाती हूं आपकी उगी हुई रागी। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए लोगों से सूझबूझ से काम लेने की बात कही।

कुरूद में यह चुनावी सभा अटल बिहारी वाजपई इंदौर स्टेडियम में आयोजित की गई। आ प्रियंका गांधी जैसी बड़े नेता के हिसाब से यहां के मैदान में माइक की व्यवस्था में कुछ कमी नजर आई। वहीं कांग्रेस के कुछ पुराने क्षेत्रीय बड़े नेता नदारत दिखे। लेकिन जनता में प्रियंका गांधी को लेकर उत्साह नजर आया।

# स्काउट गाइड ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का दिया गया संदेश



**गरियाबंद**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्काउट गाइड द्वारा जिला मुख्यायल में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में स्काउट गाइड के सदस्य स्कूली बच्चों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से बच्चों ने लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

मतदाता जागरूकता रैली जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला आयुक्त गाइड श्रीमती रेखा शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, जिला सचिव रोमन लाल साहू, जिला संगठन आयुक्त स्काउट आशीष कुमार साहू एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती सीमा साहू के नेतृत्व में जिला स्तर पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के उपरांत स्काउट गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

उक्त कार्यक्रम सेजस प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र ठाकुर प्रभारी प्राचार्य बलदाऊ ध्रुव, मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू टेक्निकल प्रभारी चौतन्य यदु जिला भोजन प्रभारी प्रेमलाल साहू विकास खंड सचिव लूकेश्वर प्रधान सरस्वती शिशु मंदिर के स्काउट प्रभारी गोविंद किशोर सिन्हा, कन्या शाला प्रभारी गाइड प्रभारी वर्षा पटेल, प्रभारी किरण कुमार सारथी एवं अन्य विद्यालय स्काउट गाइड के साथ आए प्रभारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



**फिंगेश्वर। आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में आज मतदाताओं को जागरूक करने हेतु एवं अपने मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाकर वोटिंग के लिए प्रेरित किया।**

# शहीद परिवार को श्री सीमेंट प्लांट खपराडीह ने प्रदत्त की 336 बैग सीमेंट




**बलौदाबाजार**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। श्री सीमेंट प्लांट खपराडीह द्वारा बस्तर में शहीद हुये सिपाही जी. डी. वरुण कुमार तिवारी पिता सुरेश कुमार तिवारी मुल निवासी लोनाखार का पुरा, पोस्ट दहियाबान प्रयागराज उत्तरप्रदेश शहीद वरुण कुमार छत्तीसगढ़ के बस्तर में अपनी ड्यूटी के दरम्यान नक्सली हमला से शहीद हो गए थे। उनका परिवार भिलाई स्थित वैशाली नगर में निवासरत है। शहीद परिवार को मकान बनाने हेतु श्री सीमेंट, प्रोजेक्ट नमन के तहत 336 बैग सीमेंट निः शुल्क प्रदान किया गया।

इस अवसर पर श्री सीमेंट के क्लस्टर हेड (ईस्ट) मनोज श्रीवास्तव ने शहीद परिवार से आये उनके पिता सुरेश कुमार तिवारी को शहादत हुए वरुण कुमार तिवारी के प्रति अपना श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश के लिए शहीद हुए वरुण की शहादत को देश कभी नहीं भूलेगा। कार्यक्रम में सी.एस.आर. विभाग से अशोक कुमार वर्मा, टिकेन्द्र उपाध्याय एवं बिरेन्द्र बघेल उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रचा बसा है सुआ गीत

**आरंग क्षेत्र में मची सुआ नृत्य की धूम**

**आरंग**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। इन दिनों अंचल के गांव-गांव में सुआ नृत्य की धूम मची है। दीपावली का पर्व पास आते ही बालिकाएं व महिलाएं घर घर, गली गली में समूह में पहुंचकर सुआ गीत के साथ नृत्य करती है। जिसमें अनेक धार्मिक और सामाजिक संदेश परक गीत गाकर गोल घेरा में तालियों की थपोलियों बजाकर नृत्य करती है। जिसमें कुछ बालिकाएं गीत गाती है जिसे शेष बालिकाएं दोहराती हुए नाचती है।वही सुआ नृत्य के पश्चात एक बालिकाएं सुआ के लिए अन्न धन मांगती है।अन्न धन मिलने पर आशीर्वाद स्वरुप आशीष देती है।जानकार बताते हैं सुआ नृत्य की परंपरा कब से चली आ रही है इसकी कोई लिखित साक्ष्य नहीं है। सुआ एक शाकाहारी पक्षी है जो हू बहू मनुष्य की आवाज निकाल सकती है। कुछ लोगों का कहना है पहले युवतियां अपनी मन की बातों को सुआ पक्षी के सामने प्रकट करती रही होंगी जो आगे चलकर गीत और बाद में नृत्य का रूप ली होंगी। सुआ नृत्य समूह में किया जाता है जिसमें किसी भी प्रकार के वाद्ययंत्रों की आवश्यकता नहीं होती।सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रचा बसा है। दीपावली, तीजा, छेरछेरा, शरद पूर्णिमा पर सुआ नृत्य विशेष रूप से की जाती है। पर अब विभिन्न अवसरों पर सुआ नृत्य होने लगी है। गांव गांव में सुआ नृत्य प्रतियोगिता आयोजित होने लगी है।वही नगर के पीपला फाउंडेशन द्वारा निर्मित महान् दानी राजा मोरध्वज की महिमा पर आधारित गीत को भी बालिकाएं गाकर सुआ नृत्य करने लगी है। सती मंदिर पारा आरंग की सुआ दल नगर में प्रतिदिन गली मोहल्ले में सुआ नृत्य कर रही है।इस टीम की संचालिका चुन्नी यादव बताती है उनकी टीम हर वर्ष दीपावली के पूर्व नगर के गली मोहल्ले में सुआ नृत्य करती है।



# नवा रायपुर में बाइक रैली के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश





**आरंग**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र पूरे एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरंग कुमार सिंह लहरे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता की दिशा में नवाचार करते हुए बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें जागरूकता नारों के साथ बाइक रैली नवागांव से राखी एवं नया रायपुर मंत्रालय चौक में समाप्त हुई एवं 100त्न मतदान के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे ने कहा की आगामी लोकतंत्र का त्यौहार 17 नवंबर को है जिसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। बाइक रैली के माध्यम से भी यही संदेश दिया जा रहा है की की जैसे बाइक गतिशीलता का प्रतीक है वैसे ही हमें भी मतदान के लिए गतिशीलता दिखाकर हैप्पी वोटिंग करनी चाहिए।

इस अवसर पर चौक चौक में निष्पक्ष लोकतांत्रिक मतदान की शपथ भी करवाई गई तथा 200 से भी अधिक बाइक सवारों की सहभागिता उल्लेखनी रही एवं इस कार्यक्रम में स्वीप टीम आरंग अनुभाग की भी उपस्थित रही।इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी अनिल चंद्राकर, ग्राम पंचायत नवागांव ख के सरपंच सुजीत कुमार गिधौड़े, राखी के सरपंच गायत्री जोईधा साहू, कयाबांधा के सरपंच छन्नुराम कोसले, सभी सचिव, रोजगार सहायक जनपद पंचायत के तकनीकी सहायक, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता उपस्थित रहे।

# निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर चार अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस

**48 घण्टे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिये गये निर्देश**

**गरियाबंद**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन - 2023 के अंतर्गत व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने के कारण चार अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 54 राजिम से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अभ्यर्थी भुनेश्वर निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी संतोष कुमार साहू, निर्दलीय अभ्यर्थी गणेश सोनी एवं निर्दलीय अभ्यर्थी संतु ध्रुव शामिल है। रिटर्निंग ऑफिसर राजिम ने बताया कि 06 नवम्बर को समस्त अभ्यर्थियों को अपना निर्वाचन व्यय लेखा, समस्त बिल - व्हाउचर, संबंधित दस्तावेज एवं बैंक पासबुक सहित व्यय प्रेक्षक - व्यय लेखा दल के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। निर्धारित तिथि को चार अभ्यर्थियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया। जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 (1) के प्रतिकूल है। इस संबंध में अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निर्देश दिये गये है। अन्यथा भारतीय दंड संहिता 1860 के धारा 171 (1) के प्रावधानों के अनुसार एफआईआर दायर किया जायेगा एवं निर्वाचन अभियान के लिए प्रचार वाहनों की अनुमति वापस ले ली जायेगी।

उक्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि स्वयं या निर्वाचन अभिकर्ता को आगामी द्वितीय निरीक्षण हेतु प्रस्तावित तिथि 10 नवम्बर 2023 को अपना निर्वाचन व्यय लेखा, समस्त बिल-व्हाउचर, संबंधित दस्तावेज एवं बैंक पासबुक सहित व्यय प्रेक्षक - व्यय लेखा दल के समक्ष अनिवार्यतः उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# आरंग के चौक-चौराहे, गलियों में रैली व सुआ नृत्य के माध्यम से युवाओं ने दिया जागरूकता का संदेश




**आरंग**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को जिला कलेक्टर रायपुर डा.सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आरंग डॉ.अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में स्वीप टीम के द्वारा युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। एक तरफ शासकीय बद्री प्रसाद लोधी कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय के युवा विद्यार्थियों ने रैली की शक्ल में जागरूकता नारो के साथ जहां आगामी 17 नवंबर पर 100त्न मतदान के लिए प्रेरित करते हुए रैली निकाली और चौक चौराहों पर सुवा नृत्य करते हुए शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी शिक्षक गण महेंद्र पटेल अरविंद वैष्णव एवं सीमा भांडेकर ने प्रथम बार मतदान का प्रयोग करने जा रहे 18 वर्षीय युवाओं प्रांजलि वैष्णव, सिद्धि शर्मा, साक्षी पटेल, मोहन सेन, पूजा साहू, यशस्वी पटेल से उनके विचार जाने। इस अवसर पर युवाओं में लोकतंत्र के प्रति गजब का उत्साह दिखाई दिया।उन्होंने कविताओं एवं नारो के माध्यम से प्रलोभन रहित हैप्पी वोटिंग का संदेश दिया।इस अवसर पर कालेज प्राचार्य के.एन शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र घृतलाहरे, प्रोफेसर गण डा उपेंद्र साहू, ज्ञानेश शुक्ला, भुनेश्वर साहू, विभा सतपथी एवम एनएसएस के विद्यार्थियों सहित लगभग 300 युवाओं की सहभागिता रही।

# पहली बार घर से ही मतदान में शामिल हुए दिव्यांग और वृद्ध मतदाता

**102 वर्षीय बुजुर्ग सकून बाई, 96 वर्षीय रामकली वैष्णव ने उत्साह से किया मतदान, जताई खुशी**



**होम वोटिंग की सुविधा से जिले के वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं ने घर से किया मतदान**

**गरियाबंद**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण मतदान के लिए जिले के दिव्यांग जनो और वृध्दजनो ने मंगलवार को घर से ही अपना मतदान किया। ग्राम घोघर की 102 वर्षीय बुजुर्ग सूकुन बाई और ग्राम बेलटुकरी की 96 वर्षीय रामकली वैष्णव में उत्साह से मतदान किया और इस सुविधा को लेकर खुशी भी जताई। इसके अलावा दो अन्य वृध्द और दिव्यांग ने घर बैठे ही मतदान किया।

जानकारी के मुताबिक जिले के दो विधानसभा में कुल 24 दिव्यांग एवं वृध्दजनो मतदाताओ ने मतदान किया। जिसमें राजिम और बिन्द्रानवागढ़ दोनो विधानसभा में ऐसे 14-14 मतदाता शामिल है। राजिम विधानसभा में तीन दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक के 11 वृध्द मतदाताओ ने तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में चार दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक के 10 वृध्द मतदाताओ ने घर बैठे ही मतदान किया।

ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए विशेष पहल करते हुए दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसी के तहत मंगलवार को जिले में विशेष मतदान दल द्वारा ऐसे चिन्हित मतदाताओं के घर जाकर मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया कराई गई। जिले के दोनों विधानसभाओं में होम वोटिंग की व्यवस्थाओं के तहत विशेष मतदान दल ने 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान कराया। होम वोटिंग की सुविधा मिलने से जिले के वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं ने उत्सास के साथ घर से ही मतदान किया। घर में ही मतदान करने की सुविधा मिलने पर मतदाताओं ने खुशी जताई। साथ ही अन्य लोगों को अपने - अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

एसडीएम गरियाबंद भूपेन्द्र साहू ने बताया कि ग्राम घोघरे निवासी 102 वर्षीय सकून बाई ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया और भारत निर्वाचन आयोग का धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा पर उन्होंने कहा कि आज उन्हें इस बात की खुशी हो रही है कि उन्हें मतदान केन्द्र जाकर न तो इंतजार करना पड़ा और न ही लाईन में खड़े में रहने की बाध्यता रही। इसी प्रकार ग्राम बेलटुकरी निवासी 96 वर्षीय श्रीमती रामकली वैष्णव ने भी घर से मतदान किया। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था के कारण चलने-फिरने के कारण मतदान केन्द्र पहुंचने में दिक्कत थी।

## निधन

### राम भरोसे



**जगदलपुर**, 8 नवंबर। शहर के शांति नगर वार्ड स्थित होटल रीखा के बगल गली निवासी पंडित राम भरोसे दुबे (82) का निधन मगंलवार की रात साढ़े 9 बजे मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में उपचार के दौरान हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार को उनकी अन्तयेष्टि प्रवीरवार्ड स्थित खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजन, सर्व ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष संजीव शर्मा, भाजपा प्रत्याशी किरण देव, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक सम्मलित हुए। वे भाजपा के कर्मठ सदस्य पंडित उदय दुबे के पिता व पंडित किरण शुक्ला के श्वशुर थे।

# विस निर्वाचन के पहले चरण में कोंडागांव जिले में हुआ सर्वाधिक 82 प्रतिशत मतदान

**कोण्डागांव,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु प्रथम चरण के मतदान का आयोजन मंगलवार को छत्तीसगढ़ के 11 जिलों की 20 विधानसभाओं हेतु किया गया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अंतरिम आंकड़ों अनुसार सभी 11 जिलों में कोण्डागांव जिले में सर्वाधिक मतदान हुआ। जिसके अनुसार कोण्डागांव जिले में कुल 81.76 प्रतिशत मतदान रहा और जिले के विधानसभा क्षेत्रो की अंतिम रिपोर्ट अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 82त्न हो गया है। जिसमें केशकाल विधानसभा में 81.74 प्रतिशत एवं कोण्डागांव विधानसभा में 82.28 प्रतिशत मतदान हुआ हैं।

**अंदरूनी क्षेत्रों में 38 नए मतदान केंद्र स्थापित होने से लोगों में दिखा उत्साह**

जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 38 नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना की गई थी। जिसमें चेमा, कुधुर, मथनीबेड़ा, मेडपाल, रांधना -2, भगदेवा, हरवेल, किबईबालेंगा-2 आदि जैसे अतिसंवेदनशील एवं सुदूर वनांचलों में बसे ग्रामों में भी मतदान केंद्रों की स्थापना हुई थी। इन ग्रामों में लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिला किसी ने जीवन में पहली बार ही मतदान किया तो किसी ने मतदान केंद्रों के गाँव में खुलने पर खुशी जताई। लोगों में नवीन मतदान केंद्रों को लेकर जिज्ञासा चरम पर थी। जिसके अच्छे परिणाम भी मिले। जहां अंदरूनी इलाकों में मतदान का प्रतिशत तो कहीं कहीं शहरों से भी अधिक देखने को मिला।

**जिले के मतदाता जागरूकता अभियान की चुनाव आयोग के विशेष दल ने भी की थी सराहना**

जिले में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने



**नए मतदान केंद्र व व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान से मतदाताओं में दिखा उत्साह**

के लिए वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया था। जिसके तहत मतदाता जागरूकता रथ, स्वीप गरबा, स्वीप मैराथन, ईवीएम प्रदर्शन, मतदाता संकल्प कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, जागरूकता रैली, दीवार लेखन, मेहंदी रंगोली चित्रकला गायन आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसका व्यापक परिणाम रहा कि मतदाताओं की संख्या में वृद्धि नज़र आई। जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री रीना बाबा साहेब कंगाले के साथ विधानसभा निर्वाचन हेतु आये विशेष प्रेक्षकों के दल ने भी सराहना की थी।

**जिले में नियुक्त सामान्य प्रेक्षकों एवं व्यय प्रेक्षक ने भी की थी प्रसंशा**

जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक बालाजी दिगम्बर मंजूले, एस डी मांढरे, व्यय प्रेक्षक डॉ दिनेश कुमार जांगिड़ भी मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। जहां से उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान की मंच से प्रशंसा की है।

**नवीन मतदाताओं में दिखा विशेष उत्साह**

इस बार नवीन युवा मतदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जहां इस बार जिले में 18-19 आयुवर्ग के 18878 मतदाता थे और ऐसे मतदाता जिन्हें की पहली बार विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान करने का अवसर मिला (18-22 आयुवर्ग) उनकी संख्या कुल 49000 है । जिससे युवाओं की भागीदारी बढ़ी हुई नजर आई। जिसके संबंध में प्रथम बार मतदान करने वाली कोण्डागांव की पायल समद्दार ने कहा कि उन्होंने पहली बार मतदान किया जिसके लिए वह बहुत उत्साहित थी। उन्होंने युवा वर्ग के साथ पूरे जिले के विकास एवं लोकतंत्र के विकास में सहयोग हेतु अपने मताधिकार का प्रयोग किया है जिसे वे बहुत खुश हैं। उन्होंने सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली।

# जब गांव में बना मतदान केन्द्र, तब बढ़ा मतदाताओं का उत्साह

**कोण्डागांव,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में सुदूर वनांचल तक लोगों में मतदान के प्रति उत्साह दिखाई दिया। युवाओं से लेकर बुजुर्ग और दिव्यांग भी मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करने के लिए उत्साहित दिखे। महिलाएं भी मतदान करने के लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों में पहुंचीं। कोण्डागांव जिले के संवदेनशील क्षेत्र चेमा में मतदान केन्द्र बनने से मतदाताओं का उत्साह दुगुना हो गया है। पहले यहां के मतदाता तोतर में मतदान करने जाते थे, जो चेमा से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर है। तोतर और चेमा के बीच भंवरडीह नदी मतदाताओं के बीच एक बाधा बन जाती थी।



चेमा में बने नए मतदान केन्द्र में मतदान करने पहुंची गागरी बताती है, कि पहले जब तोतर में मतदान करने जाना होता था, तब वह घर का काम-काज करने के बाद खाना बनाती थी और उस बने हुए खाने को लेकर वोट डालने तोतर जाती थी। यही स्थिति लगभग चेमा के सभी मतदाताओं की थी। उन्हें तोतर में मतदान के लिए लंबी लाईनों में लगना पड़ता था, इसलिए वे भोजन भी साथ लेकर जाते थे। भंवरडीह नदी को पार करना भी आसान काम नहीं था। किसी भी दुर्घटना की आशंका रहती थी। लेकिन अब चेमा में मतदान केन्द्र बनने से मतदाताओं की सभी चिंताएं खत्म हो गई हैं। यहां 427 मतदाताओं के लिए नया केन्द्र बनाया गया, जिसमें 209 पुरुष और 218 महिला मतदाता हैं। चेमा के बक्सुराम मांझी ने बताया कि मतदान के दिन वे सिर्फ पशुओं को चारा खिलाकर ही सुबह-सुबह खाली पेट मतदान केन्द्र के लिए निकल जाया करते थे, ताकि उन्हें लंबी लाईनों में न लगना पड़े। पैदल नदी पार कर मतदान केन्द्र पहुंचते तक मतदाताओं की लाईन लग जाती थी और अपनी मतदान की बारी का इंतजार करना पड़ता था। इन लाईनों से बचने के लिए कुछ ग्रामीण मतदान करने नहीं जा पाते थे, लेकिन चेमा में मतदान केन्द्र की स्थापना से अब पूरे ग्रामीण उत्साह के साथ यहां मतदान करने आ रहे हैं।

**नदी भी नहीं रोक पा रही ग्रामीणों का उत्साह**

माड़ क्षेत्र में बसे नक्सल अतिसंवेदनशील गांव कुधूर में नदी भी मतदाताओं का उत्साह नहीं रोक पा रही है। भंवरडीह नदी के दोनों ओर बसे कुधूर में आठ पारे हैं। इनमें कुलेनार, तरईपारा, गुमियापाल और उहूपाल नदी के उत्तरी छोर पर बसे हैं, जबकि मांझानार, बस्तरपारा, डोंगरीगुड़ा और कपाटभाटा नदी के दक्षिणी छोर पर बसे हैं। नदी के उत्तरी छोर पर मतदान केन्द्र बनाया गया है और यहां मांझानार, बस्तरपारा, डोंगरीगुड़ा और कपाटभाटा के ग्रामीण घुटनों तक भरी नदी को पैदल पार कर मतदान केन्द्र पहुंचे। यहां नदी पार कर मतदान करने पहुंची रेमाय ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है, इसलिए हम यहां वोट देने पहुंचे हैं। ग्रामीणों ने गांव में नदी पर बन रहे पुल पर खुशी जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में वोट डालने के लिए नदी की धारा बाधा नहीं बनेगी और वे यहां आसानी से आ सकेंगे।

# मतदाता सहायक के रूप में रासेयो के स्वयंसेवकों ने किया सराहनीय कार्य

**कोण्डागांव,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन कोण्डागांव एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर दीपक सोनी, डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान, जिला संगठक रासेयो शशिभूषण कन्नौजे तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा दिये गए दिशा निर्देशानुशार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में राष्ट्रीय सेवा योजना, भारतीय स्काउड गाईड, एनसीसी के स्वयंसेवको की ड्यूटी मतदाता सहायक के रूप में लगाई गई थी। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने बताया कि स्वयंसेवको को पोलिंग बूथ पर जो कर्तव्य दिया गया था उसे उन्होंने निर्बाध रूप से बड़े ही सहजता के साथ पालन किया तथा चुनाव सम्पन कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वयंसेवको ने जिला प्रशासन तथा मतदान दल के साथ कंधों से कंधा मिलाकर मतदाता सहायक के रूप में कार्य किया तथा शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाया। मतदाता सहायक के रूप में स्वयंसेवक दिव्यांगजनो, गर्भवती महिला, दुधमुँहे बच्चों की माँ तथा वृद्ध मतदाता को पहली प्राथमिकता के साथ मतदान करने में सहयोग की तथा दिव्यांगजनो मतदाता को व्हील चेयर के माध्यम से मतदान कक्ष तक पहुंचाने का काम किया। सभी स्वयंसेवकों को बधाई व शुभकामनाएं के साथ मतदाता सहायक के रूप में कार्य करने हेतु पीठासीन अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कराया गया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शा. गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्ड के कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई के नेतृत्व में वरिष्ठ स्वयंसेवक तिलक दास, मुकेश पोयाम, गायत्री पोर्ते, देवेंद्र सेठिया, अजीत कुमार , देवेश तथा स्वयंसेवक प्रियंका सोरी, बिंदिया नेताम, मुकेश, टिकेंद्र, ओमप्रकाश, दिशा, मोतीन, सूर्यप्रकाश, जयलाल, मनेश, अमीना, ममिता, पुनऊ राम, धनसाय,मोनिका, रयतू, तुलाराम, परमेश्वर, डोलेश्वरी, संजय, मंजी, मानसा एवं साथी स्वयंसेवक ने सराहनीय कार्य किया।

# चारामा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**चारामा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत मंगलवार 07 नवंबर को भानुप्रतापपुर विधानसभा के लिए चारामा तहसील के कुल 105 मतदान केंद्रों में सुबह 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक मतदान संपन्न हुआ। चारामा तहसील में कुल 80प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमे 58 प्रतिशत महिला और 58 प्रतिशत पुरुषों ने मत किया। 84111 कुल मतदाताओं में 40878 पुरुष और 43233 महिला मतदाताओं में 23740 पुरुष और 25447 महिला मतदाताओं ने मतदान किया।कई बूथों मैं देर शाम तक मतदान चलता रहा। सुबह 7 बजे से ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों के द्वारा पूर्ण तैयारी के साथ मतदान करवाना शुरू किया,तहसील अंतर्गत 105 मतदान केंद्रों में 09 संगवारी बूथ, 01 दिव्यांग बूथ तारसगांव,को बनाया गया था।प्रत्याशियों के साथ-साथ



मतदाता भी सुबह-सुबह मतदान करने मतदान केंद्रों में पहुंचे,कई मतदाता भी उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया,और सेल्फी जोन हम साथ साथ हैं में फोटो खींचकर सोशल मीडिया में डालकर सभी से मतदान करने की अपील भी की। और सभी केंद्रों में सुबह से शांति पूर्वक मतदान हुआ।मतदान केंद्रों के बाहर 100 मीटर दूर तक मतदाताओं की भीड़ देखी गई।मतदान को संपन्न कराने में जिला अधिकारी के मार्ग दर्शन में एसडीएम राकेश गोलछा,रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार उमाशंकर जायसवाल, प्रशिक्षु तहसीलदार हर्षलता वर्मा, नायब तहसीलदार मिशा भार्गव,मास्टर ट्रेनर केजू राम सिन्हा,मोहन जायसवाल ,थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता, बीइओ केशव सिन्हा,भावना नरेटी सहित सभी ओब्जारवर,पीठासीन अधिकारी, तहसील के सभी कर्मचारी ,पुलिस कर्मचारी और बूथ केंद्रों में एनसीसी एनएसएस, ग्रामीणों का भी सहयोग रहा। मतदान खत्म होने के बाद पूरी रिपोर्टिंग के बाद सभी मतदान कर्मी मतदान पेटी के साथ पुलिस की सुरक्षा में नाथियानवा गांव मतदान पेटी संग्रहण केन्द्र में सुरक्षित जमा किया गया।इसी के साथ मैदान में खड़े 14 प्रत्याशी के भाग्य का फैसला भी ईवीएम में कैद हो गया। जो 3 दिसंबर को मत गड़ना पर स्पष्ट होगा। वही इस बंपर वोटिंग का लोगों के द्वारा भी अपने ढंग से प्रतिक्रिया दी जा रही हैं।नए मतदाताओं ने उत्साह से मतदान में भाग लिया।

# बेमौसम बारिश से धान खरीदी प्रभावित, एक केन्द्र में ही केवल 88 क्विंटल खरीदी

**दंतेवाड़ा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। बेमौसम बारिश की वजह से धान की खरीदी पर काफी असर पड़ रहा है। एक नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है, पर जिले में अभी नकुलनार समिति को छोड़ कर कहीं भी किसान धान बेचने केंद्रों तक नही पहुंचे हैं। नकुलनार समिति में 88 क्विंटल खरीदी हो चुकी है। शेष 13 केंद्रों में कोई भी किसान टोकन कटवाने नही पहुंच रहा है। जिले में अभी ज्यादातर किसानों ने धान की कटाई का कार्य पूरा नही किया है, देरी की वजह बारिश बन रही है। दंतेवाड़ा में अलग-अलग क्षेत्रो में पिछले चार दिन से बारिश हो रही है। अरनपुर और दंतेवाड़ा में दो दिन पहले अच्छी बारिश हुई।

# खुरसुला में शराब कोचिया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 8 नवंबर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती विनिदिता पाल. अनुभागीय विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में दिनांक 08,11,23 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खुरसुला में रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब हाथ भठ्ठी का बिक्री करने रखे, रंगे हांथ पकड़ा गया। आरोपी महेशराम सारथी पिता मयाराम सारथी उम्र 58 वर्ष साकिन खुरसूला थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 700 ? को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में स्द्ध शिव कुमार धारी ह्यद्ब विमला मनहर ।ह्रष्ट छत्रपति जोल्हे .आर,कमल कुर्रे एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# आईटीबीपी व अन्य सुरक्षा बलों की चौकसी से संपन्न हुआ भयमुक्त मतदान



**कोण्डागांव,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान सम्पन्न हुआ। जिसमें सुरक्षा बलों पर धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान करवाने की चुनौती थी, ताकि देश के इस महापर्व में राज्य की जनता अपने मताधिकार का प्रयोग आजादी से कर सके। इसी के चलते डीआईजी सामरिक क्षेत्रीय मुख?यालय (भुवनेश ?वर) आईटीबीपी कोण्डागांव राणा युद्धवीर सिंह को चुनाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया और उनके अधीन आईटीबीपी तथा अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की लगभग 40 कंपनियां तैनात की गईद्य श्री सिंह के नेतृत्व में शांतिपूर्वक चुनाव कराने के लिए गत एक महीने से कोण्डागांव और नारायणपुर जिलों में सुरक्षा बलों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की गईं और मंगलवार को दोनों जिलों में पूरी मुस्तैदी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रथम चरण का मतदान संपन्न करवाया गया। इस बीच किसी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं मिली। मतदान के दौरान आईटीबीपी और अन्य सुरक्षा बलों के जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए असहाय, बुजुर्ग और बीमार लोगों को वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक पहुंचाने में मदद की और जरूरत पड़ने पर लोगों को प्राथमिक उपचार भी दिया गया।

# मतदाता मित्रों ने विस आमचुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई

**भानुप्रतापपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर विधानसभा आमचुनाव 2023 के लिए 7 नवंबर को मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रास, स्काउट गाइड के स्वयंसेवक, कैडेट, वालंटियर्स को मतदाता मित्र के रूप में नियुक्त कर दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी दी गई। निर्देशों का पालन करते हुए मतदाता मित्र प्रात: 7 बजे से मतदान केंद्र पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन में जुटे रहे। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर संस्था प्रमुख एवं रासेयो संरक्षक डॉ. रश्मि सिंह ने आमचुनाव में निस्वार्थ सेवा एवं सहयोग प्रदान करने वाले समस्त मतदाता मित्र को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है! स्वीप नोडल अधिकारी रितेश कुमार नाग, सहायक स्वीप नोडल अधिकारी टुपेश कोसमा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने गोदग्राम कराठी, मुल्ला, चौगेल, कन्हारगाँव, नारायणपुर मतदान केंद्रों में



मतदाता मित्र के रूप में अपनी भूमिका निभाई! महादलनायक राजकुमार कुलदीप, अमृतलाल कुमेटी, जतिन सिंह ध्रुव, सशिता नेताम, संतो कोमरा, चंद्रशेखर ताम्रकार, अंजू पुरामे, चंदना रॉय, अवनी श्रीवास्तव, तनवीर सेमले, खिलेश्वरी भूसाखरे, मोनिका साहू, नम्रता यादव, अजय उसेण्डी, राहुल नेताम, पूरनसिंह कोमरा ने मतदाता मित्र के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई।

# प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) में शामिल हुए सामान्य प्रेक्षक तापस राय

**बिलाईगढ़,** 8 नवंबर(देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी तथा राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों के सामने कलेक्टोरेट सभाकक्ष सारंगढ़ में प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) किया गया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने राजनीतिक दलों को जानकारी दी कि प्रथम रेन्डमाइजेशन में मेरे (जिला निर्वाचन अधिकारी) के आधिपत्य से वोटिंग मशीनों को 40-40 के हिसाब से दोनों विधानसभा को आबंटित किया गया था, जिसका 20 मेरे आधिपत्य में शेष है। प्रथम रेन्डमाइजेशन में एलाट मशीनों का द्वितीय रेन्डमाइजेशन में मतदान केन्द्रवार आबंटित किया गया। कमिशनिंग के दौरान इन मशीनों में चुनाव चिन्ह इंस्टाल के दौरान कुछ मशीनों (बीयू, सीयू, व्हीव्हीपैट) में तकनीकी कारण (एरर) से रिजेक्ट किया गया। इनके स्थान पर रिजर्व में रखे गए मशीनों में चुनाव चिन्ह इंस्टाल किया गया है। अब इन रिजर्व में रखे मशीनों का स्थान रिक्त है, जिसके लिए यह प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) का आयोजन आपके समक्ष किया गया।

जनरल आब्जर्वर श्री तापस राय ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को कहा कि यदि उन मशीन, जिसमें टाइम सेट नहीं हो पाया, उससे वोटिंग करेंगे तो वोटिंग का समय और मशीन का समय सेट नहीं होने से मतदान कार्य बाधित होगा, इसलिए उन मशीनों को बदला गया है। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रश्न करने पर जवाब में रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने कहा कि जो मशीन, निर्वाचन नियमों के तहत तकनीकी रूप से सही नही पाए गए, उनको हटाया गया है, रिजर्व में रखे अन्य मशीनों को उन मशीनों के बदले में चेक कर रखा गया। अब रिजर्व में खाली हुए मशीनों के स्थान को जिला निर्वाचन अधिकारी के आधिपत्य में रखे हुए मशीनों से भरने के लिए यह प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) किया गया है।

जनरल आब्जर्वर श्री तापस राय, कलेक्टर एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम को खोला गया और मशीनों का एंट्री कर दोनों रिटर्निंग अधिकारी को सौंपा गया। इसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम को बंद किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में पूर्व लिखित अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रतिबंधित

**बिलाईगढ़,** 8 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने रोगियों, वृद्धाओं, दिव्यांगजनों, विद्यार्थियों की पढ़ाई आदि की बाधा एवं परित्रास तथा लोक परिशांति को ध्यान में रखते हुए जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की सीमा के अंतर्गत पूर्व लिखित अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है। इस आशय का आदेश 7 नवंबर 2023 को जारी किया गया है। माननीय उच्चतम न्यायालय तथा छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं मल्टीटोन हॉर्न-प्रेशर हॉर्न के साथ-साथ डीजे के विरूद्ध जप्तीकरण की कार्यवाही किए जाने तथा सम्यक जांच के लिए अधिकारियों की दल गठित की गई है। गठित दल अपने-अपने थाना क्षेत्र में आवश्यक कार्यवाही करेंगे। कोई भी नागरिक इन दलों से संपर्क कर शिकायत कर सकता है।

**गठित दल में अधिकारी-कर्मचारी और उनके मोबाइल नंबर**

सारंगढ़ क्षेत्र के लिए दल- इस दल में श्रीमती मोनिका वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, सारंगढ़, मो. नं. 9329341984, सुश्री नेत्रप्रभा सिदार , तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सारंगढ़ मो. नं.-8602547239, थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली, सारंगढ़, श्रीमती देवमती सिदार राजस्व निरीक्षक, सारंगढ़ 9406220150, श्री उमेश कुमार पटेल, पटवारी सारंगढ़ 9522442999 शामिल है।

बरमकेला क्षेत्र के लिए दल- इस दल में श्री आयुष तिवारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरमकेला मो. नं.-9617296226, थाना प्रभारी, बरमकेला एवं डोंगरीपाली, श्रीमती देवमती सिदार राजस्व निरीक्षक,

**गठित दल से संपर्क कर कोई भी नागरिक कर सकता है शिकायत**

सारंगढ़ 7389523742, श्री लालसाय सिदार, पटवारी बरमकेला 9131122994 शामिल है। सरिया क्षेत्र के लिए दल -इस दल में श्री शनि पैंकरा तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरमकेला मो. नं. - 9827464329, थाना प्रभारी, सरिया, श्री प्रहलाद सिदार, राजस्व निरीक्षक, सरिया 9424192620, श्री संजीव त्रिपाठी, पटवारी सरिया 9589864242 शामिल है।

कोसीर क्षेत्र के लिए दल-इस दल में श्रीमती रूपाली मेश्राम नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोसीर मो. नं.- 6260520007, थाना प्रभारी कोसीर, श्री दिपक कुमार पटेल राजस्व निरीक्षक 8085644448, श्री शिवकुमार देवांगन, पटवारी कोसीर 9479059080 शामिल है।

बिलाईगढ़ क्षेत्र के लिए दल-इस दल में श्रीमती स्निग्धा तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बिलाईगढ़- 7987283205 श्री कमलेश सिदार तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलाईगढ़ मो. 6264902812, थाना प्रभारी बिलाईगढ़, सत्यनारायण ध्रुव, राजस्व निरीक्षक 9009134268, श्री प्रमोद कुमार टाण्डे, पटवारी बिलाईगढ़ 9977439346 शामिल है।

भटगांव क्षेत्र के लिए दल-इस दल में श्री अरपन कुर्रे नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव मो. नं-9754213789, थाना प्रभारी भटगांव एवं सलिहा, श्री जीवन साहू राजस्व निरीक्षक गोविन्दवन 94255-23977,श्री गणेश राम साहू, पटवारी भटगांव 8889721399 शामिल है।

सरसींवा क्षेत्र के लिए दल - इस दल में श्री बंदेराम भगत, नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसीवां मो. नं-9406476109, थाना प्रभारी सरसीवां, श्री राजेन्द्र कुमार कुर्रे राजस्व निरीक्षक सरसींवा 9691233932, श्री संतोष कुमार पाण्डेय, पटवारी सरसीवां 9425228926 शामिल है।

संपादकीय

## चुनाव प्रचार में मुद्दों पर बात हो

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान मंगलवार को सम्पन्न हो गया जिसके अंतर्गत बस्तर सम्भाग की 1` और दुर्ग सम्भाग की 1` सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है और इन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कौन करेंगे, यह 3 दिसम्बर को ही पता चल पायेगा।*

*बहरहाल, एक ओर जब इन 2` सीटों के लिये मतदान जारी था, तब प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी राज्य के सूरजपुर में आम सभा कर रहे थे। कायदे से तो उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिये और नैतिक मानदंड स्थापित करते हुए मंगलवार का दिन छोड़ना चाहिये था ताकि 2` सीटों पर मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। कहने को तो कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भी बालोद व कुरुद में सभाएं लीं लेकिन आचार संहिता के पालन में उदाहरण पेश करने की जिम्मेदारी व नैतिक कर्तव्य पीएम का है क्योंकि वे कार्यपालिका प्रमुख हैं। हालांकि जब से मोदी ने यह पद सम्भाला है, वे अनवरत चुनावी प्रचार में रत रहते हैं- चाहे चुनाव हों या न हों। इस तरह के कई खराब उदाहरण वे पेश कर चुके हैं कि किसी राज्य के एक हिस्से में चुनाव हो रहे होते हैं और मोदी दूसरे क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करते पाये जाते हैं। जहां कई चरणों में चुनाव होते हैं, वहां अक्सर यह स्थिति देखने को मिलती है। उन्हें इस बाबत अपनी आलोचना की कोई फिक्र नहीं होती और न ही उनकी अंतरात्मा उन्हें ऐसा करने से रोकती है।*

*उनके भाषणों की बात करें तो वे ज्यादातर मुद्दाविहीन होते हैं। विषयवस्तु में केवल विपक्ष को वंशवाद व भ्रष्टाचार के नाम पर गरियाने और उन पर घिसे-पिटे आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं होता। अपने भाषणों में वे अपने पद की प्रतिष्ठा व मर्यादा का बिलकुल ध्यान नहीं रखते। विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों में वे जब जाते हैं तो वहां की सरकार पर आधारहीन आरोप लगाने में कोई आगा-पीछा नहीं देखते। उन्हें इस बात से भी मतलब नहीं रहता कि जो बात वे कह रहे हैं उसकी पुष्टि के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत करें। छत्तीसगढ़ की ही बात करें तो मोदी यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ केवल भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। इन दिनों वे सट्टेबाजी वाले एप महादेव का बारम्बार उल्लेख कर बतला रहे हैं कि उसके लाभार्थी भूपेश बघेल ही हैं। उनकी देखा-देखी भाजपा के अन्य केन्द्रीय तथा स्थानीय नेता भी बतला रहे हैं कि महादेव सट्टा के 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बघेल को मिली है इसलिये वे इसे बचा रहे हैं। मोदी कभी उन्हें जेल में डालने की बात करते हैं तो अन्य आरोप लगा रहे हैं। सभी को जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करना ज़रूरी है।*

उल्टा पुल्टा

**पति ने पत्नी से कहा:** मेरा फोन आये तो कहना में घर पर नहीं हूँ।
अचानक फोन की घंटी बजी
**पत्नी ने फोन उठाकर कहा:** वो अभी घर पर हैं।
**पत्नी के फोन रखते ही पति खीजते हुए बोला:** तुमसे मना किया था फिर भी क्यों बताया कि मैं घर पर हूँ?
**पत्नी बोली:** आपने अपने फोन के लिए मना किया था, वह फोन तो मेरे लिए आया था।

# प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन चुनाव में पहली बार होगा मतदान

## परमानंद जैन व बसंत भृगु ने अध्यक्ष के लिए भरा नामांकन

**रायपुर**, 8 नवंबर (देशबन्धु)।प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन जमा करने का सिलसिला शुरू हो गया है।बुधवार को परमानंद जैन व बसंत भृगु ने नामांकन जमा किया। अंतिम दिन पूर्व अध्यक्ष योगेश अग्रवाल नामांकन दाखिल करेंगे।प्रदेश के 2290 राइस मिलर 26 नवंबर को मतदान के जरिए अपने अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। राज्य बनने के बाद पहली बार मतदान के जरिए राइस मिलर्स एसोसिएशन का चुनाव होने जा रहा है।

चुनाव सिर्फ अध्यक्ष पद का हो रहा है।इसके लिए आज परमानंद जैन ने प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।परमानंद जैन पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन में प्रदेश प्रवक्ता पद पर थे। वर्तमान में कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में सलाहकार तथा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व संभाल



रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन 10 नवंबर तक लिए जाएंगे।नाम वापसी 15 तक लिए जा सकते है। चुनाव चिन्ह का आवंटन 16 नवंबर को किया जाएगा। मतदान की रविवार 26 नवंबर को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर ,देवेंद्र नगर, रायपुर में होगा।मतगणना भी उसी दिन होगी। अध्यक्ष पद निर्वाचन की घोषणा उसी दिन किया जाएगा।

नामांकन जमा करने के बाद परमानंद जैन ने कहा राइस मिल में आज सबसे बड़ी समस्या कस्टम मिलिंग फंड को लेकर है। इसमें सभी राइस मिलर तकलीफ में है। अध्यक्ष बनने पर शासन प्रशासन के बीच सेतु का काम कर समस्या का निराकरण करेंगे। राज्य हो या केंद्र दोनों शासन प्रशासन से मिलकर राइस मिलों को आ रही समस्याओं का निराकरण किया जाएगा नामांकन फार्म जमा करने के समय उनके साथ मुरली अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल ,प्रमोद तायल ,विनोद शर्मा, संस्कार अग्रवाल ,आयुष अग्रवाल उपस्थित थे।

## कर्मचारियों को देना चाहते हैं केंद्र के समान डीए : भूपेश

**रायपुर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान डीए देने की बात कही है।इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से विधिवत अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि हमने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस बात की मांग की थी कि दिवाली के पहले राज्य सरकार के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तरह डीए के देने के लिए पत्र लिखा था।यदि निर्वाचन आयोग से अनुमति मिलने के बाद इसकी घोषणा हो जाती है, तो यह राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ी खुशी की बात है।

**पहले चरण का एक्जिट पोल साहेब ने आज सुबह ही बता दिया**-ईडी की कार्रवाई को लेकर भूपेश बघेल कहा मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा, लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया।

सुबह-सुबह मेरे नामांकन के दौरान मेरे साथ उपस्थित एवं मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे सुरेश धिंगानी के यहां ई डी को भेज दिया है।पाटन विधानसभा की जनता को डराने की ये कोशिश वैसी ही विफलता मिलेगी, जैसे कल 20 सीटों पर मतदान में भाजपा को मिली है। छत्तीसगढ़ियों को कमजोर और कायर मत समझो साहेब।अपना चावल खाते हैं, वो भी पूरे स्वाभिमान से।

## बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान की घर पहुंच सुविधा

### कलेक्टर के साथ मतदान दल पहुँचा तात्यापारा की श्रीमती सुमन के घर

**रायपुर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने स्वयं तात्यापारा निवासी 83 वर्ष की बुजुर्ग मतदाता श्रीमती सुमन कमाईसदार के घर पहुंचकर उनसे गुप्त मतदान कराया। विधानसभा निर्वाचन-2023 से भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान की घर पहुंच सुविधा शुरू की है। रायपुर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसकी कमान खुद संभाल रखी है।

आज से रायपुर जिले में मतदान की घर पहुंच सुविधा शुरू हो गई है। डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने तात्यापारा निवासी सुमन कमाईसदार के घर पहुंचकर उनसे मतदान कराया। इस दौरान पूरा मतदान दल कलेक्टर के साथ मौजूद था। मतदाता की पहचान से लेकर गुप्त मतदान की सभी प्रक्रियाओं का कलेक्टर के समक्ष पालन





■ 83 वर्षीय बुजुर्ग ने घर पर पोस्टल वैलेट से किया गुप्त मतदान

किया गया और 83 वर्षीय श्रीमती सुमन ने अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने के लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से वोट डाला। श्रीमती सुमन घुटने की तकलीफ के कारण चलने-फिरने में बहुत समर्थ नहीं है। 83 वर्ष की बुजुर्गीयत के कारण लम्बे समय तक मतदान की लाईन में खड़े रहने की भी तकलीफ घर पर मतदान की सुविधा से श्रीमती सुमन को नहीं उठानी पड़ी है। बुजुर्ग महिला मतदाता के परिजन भी आयोग की इस पहल की मुक्त कंठ प्रशंसा कर रहें है। बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में लगी लम्बी लाईनों में खड़े होने पर जिन तकलीफों का सामना करना पड़ता है उनसे परेशान होकर ऐसे मतदाता अपने मताधिकार को उपयोग करने से कतराते है। अब निर्वाचन आयोग ने घर पहुंच मतदान की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा से ऐसे सभी मतदाताओं को अपने संवैधानिक और मूल अधिकार का उपयोग करने में बहुत आसानी हो गई है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की आज बैकुंठपुर व कटघोरा में सभा



**रायपुर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरूवार 9 नवंबर को चुनाव प्रचार के लिये छत्तीसगढ़ आ रहे है।

श्री खड़गे विशेष विमान से 9 नवंबर गुरूवार को सुबह 11.50 बजे रायपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे हेलीकाप्टर द्वारा रायपुर से शिवपुर चर्चा बैकुंठपुर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 1.10 बजे रेलवे ग्राउंड शिवपुर चर्चा बैकुंठपुर में आमसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.20 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बैकुंठपुर से ग्राम-बाकी मोंगरा, कटघोरा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3 बजे ग्राम-बाकीमोंगरा, कटघोरा में आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 4.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा ग्राम-बाकीमोंगरा, कटघोरा से रायपुर के लिये रवाना होंगे। शाम 5.10 बजे विशेष विमान सेवा द्वारा रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

## पन्द्रह साल बेहाल, कांग्रेस के पाँच साल में जनता खुशहाल : विकास

**रायपुर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। जनवंदन यात्रा के दौरान बुधवार को भी विकास उपाध्याय लोगों के बीच पहुँचे।उमड़ी भीड़ का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आपका प्यार ही मेरी ताकत है। श्री उपाध्याय ने कहा कि 15 सालों में भाजपा जो नहीं कर पायी उसे कांग्रेस ने 5 सालों में किया और आगे भी जनता के हित में काम करेंगे। श्री उपाध्याय ने कहा कि इस सरकार में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स, मेडिकल मोबाईल यूनिट, पट्टा वितरण जैसे मूलभूत काम हमने किये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही 200 यूनिट बिजली फ्री, स्कूलों का अपग्रेडेशन, गरीबों को आवास के लिए एक लाख, श्रद्धांजलि योजना, 500 रूपये सिलेण्डर पर सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की सरकार कांग्रेस ही है, जिसे हमने काम करके साबित किया है।



जनवंदन यात्रा के दौरान विकास उपाध्याय रामकुण्ड, समता कॉलोनी पहुँचे जहाँ उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्वामी आत्मानंद वार्ड में जैसे ही वे पहुँचे मातायें, बहनें खुशी से झूमने लगीं, उन्हें देखकर खुद को रोक नहीं पाये।

## भाजपा व ईडी के षड्यंत्रों के खिलाफ पहले चरण में जनता ने किया मतदान : कांग्रेस

**रायपुर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा और ईडी के षड्यंत्रों के खिलाफ पहले चरण की जनता ने मतदान किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद यह साफ हो गया कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सहित भाजपा सभी 20 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हार रही है। पहले चरण के मतदान के साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा के तमाम षडयंत्रो और मुख्यमंत्री के छवि खराब करने के प्रयासों के विरोध में भाजपा के खिलाफ मतदान किया है।

श्री शुक्ला ने कहा कि जनता ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के वायदों 3200 रू. में धान खरीदी हर किसान के कर्जामाफी के वायदे के साथ घरेलू गैस में 500 की सब्सिडी दिये जाने के निर्णय के साथ खड़ी है। भाजपा ने पूरा चुनाव प्रचार नकरात्मक और मुख्यमंत्री की छवि खराब करने पर केन्द्रित रखा था।



इसके विपरीत कांग्रेस ने अपने पिछले पांच साल के काम को आधार बनाकर अपना चुनाव प्रचार मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी और छत्तीसगढ़िया छवि पर केन्द्रित रखा है। भाजपा ने मुख्यमंत्री पर जो झूठा और मनगढ़ंत आरोप लगाया प्रदेश की जनता ने उसको अपना अपमान समझा तथा छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री पर व्यक्तिगत प्रहार को जनता ने अपना अपमान समझा इसीलिये जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया है।

कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीबी रेखा के नीचे वालो को 10 लाख तक तथा अन्य सभी वर्ग के लोगो को 5 लाख तक ईलाज की मुफ्त सुविधा दी जायेगी। बड़ी बीमारियों में कांग्रेस की सरकार बनने पर 25 लाख तक ईलाज बिना किसी भेदभाव के सभी को मिलेगा। इससे प्रदेश के हर वर्ग के लोगो का शिक्षा पर होने वाला खर्च बचेगा। छत्तीसगढ़ देश का अकेला ऐसा प्रदेश होगा जहां मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा आईटीआई की शिक्षा भी मुफ्त होगी। यह वायदे मुख्यमंत्री की छवि कांग्रेस की जीत का बड़ा आधार बनेंगे।

विस चुनाव 2̀23

## प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में 78 प्रतिशत मतदान

**रायपुर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में 78 प्रतिशत मतदान हुआ।

विधानसभावार मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े इस प्रकार है- पंडरिया-75.27 प्रतिशत, कवर्धा-81.24, खैरागढ़-82.67, डोंगरगढ़-81.93, राजनांदगांव-79.12, डोगरगांव-84.1, खुज्जी-82.43, मोहला-मानपुर-79.38, अंतागढ़-79.79, भानुप्रतापपुर-81, कांकेर-81.14, केशकाल-81.89, कोण्डगांव-82.37, नारायणपुर-75.06, बस्तर-84.67, जगदलपुर-78.47, चित्रकोट-81.76, दंतेवाड़ा-69.88, बीजापुर-48.37, कोंटा-63.14 प्रतिशत।

## भूपेश ने खेल और युवाओं के साथ किया खेल : साव

### भाजपा संवारेगी छत्तीसगढ़ के युवाओं का भविष्य

**रायपुर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रदेश की प्रतिभासम्पन्न युवा शक्ति के साथ कदम-कदम पर किए गए छलावे को लेकर कांग्रेस की भूपेश सरकार पर जमकर निशाना साधा है। श्री साव ने कहा कि बेरोजगारी भत्ते से लेकर रोजगार तक, प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर खेल के मैदान तक हर जगह युवाओं के साथ छल-कपट की जो मिसाल कांग्रेस सरकार ने पेश की है, उससे युवाओं में गहन आक्रोश नजर आ रहा है और मतदान के प्रथम चरण में इसका साफ संकेत मिल रहा है। श्री साव ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा का सम्मान कर उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का संकल्प भाजपा ने लिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 15 वर्षों के कार्यकाल में युवाओं के सर्वतोमुखी विकास के लिए काफी कार्य हुए थे। भाजपा शासनकाल में अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए 27 जिलों में लाइवलीहुड कॉलेज शुरू किए।छत्तीसगढ़ कौशल के अधिकारज्को मौलिक प्रावधान के साथ च्छत्तीसगढ़ युवाओं के कौशल विकास का अधिकार अधिनियम पारित करने वाला 2013 में देश का पहला राज्य बना। भाजपा के कार्यकाल में कई खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू और पूरी की गई। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रयासों से छत्तीसगढ़ में आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के अंतर्गत 2023 तक छत्तीसगढ़ में कुल 85,083 कर्मचारियों के साथ 2,949 प्रतिष्ठान लाभान्वित हुए हैं। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के तहत कुल 56,028 ग्रामीण युवा लाभान्वित हुए हैं। सन 2023 तक प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना के तहत कुल 82,560 युवाओं को रोजगार मिला



था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने पाँच साल के शासनकाल में युवाओं के साथ धोखाधड़ी करके उन्हें केवल ठगने का काम किया है। कांग्रेस ने पीएससी घोटाला कर छत्तीसगढ़ के योग्य उम्मीदवारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। भाजपा सरकार ने राज्य में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए काम किया था, वहीं कांग्रेस सरकार के उदासीन रवैया अपनाने के कारण स्टेडियमों की हालत बदतर हो गई है। भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप शुरू की थी और कांग्रेस ने इसे बंद कर दिया है। श्री साव ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प है कि भाजपा की सरकार दो वर्षों में प्रदेश के 1 लाख शासकीय पदों पर भर्ती सुनिश्चित करेगी। इसी तरह नगरनार स्टील प्लांट में 1 लाख पदों पर स्थानीय युवाओं को अवसर प्रदान करने के अलावा भाजपा च्छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजनाज्के तहत प्रदेश में युवाओं को 50त्न सब्सिडी के साथ ब्याजमुक्त ऋण प्रदान करेंगे, जिससे 6 लाख रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।

## जनता समझ चुकी है कि भूपेश बघेल मतलब 508 : रविकिशन

### कांग्रेस सरकार के संरक्षण में महादेव एप ने जन्म लिया और फला-फूला है, 72 फीसदी वोटिंग बता रही है कि जनता में भूपेश सरकार के प्रति बेहद आक्रोश

**रायपुर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने कहा है कि आज आप गूगल में टाइप कीजिए 508, जवाब आएगा- भूपेश बघेल। जनता समझ चुकी है कि भूपेश बघेल मतलब 508।महादेव एप के सूत्रधार ने खुलासा कर दिया है कि उसने भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपए दिए। महादेव एप के सूत्रधार शुभम सोनी के सनसनीखेज खुलासे की चर्चा करते हुए सीधे तौर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला बोलते हुए भाजपा सांसद रविकिशन ने कहा कि महादेव एप के तार सीधे मुख्यमंत्री और उनके नजदीकियों से जुड़े हैं।

भाजपा सांसद रविकिशन ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में प्रदेश की भूपेश सरकार के शराब, कोयला समेत तमाम घोटालों की चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के इन घोटालों की बदनामी तो बॉलीवुड में भी पहुँच गई है। रेल से रायपुर आते समय पिल्म निर्माता ने फोन पर उनसे (श्री रविकिशन से) कहा कि हमें अब लंबे समय तक कहानियों की जरूरत नहीं पड़ेगी क्यों छत्तीसगढ़ की सरकार ने घपलों-घोटालों की ढेरों कहानियाँ हमारे पास पहुँच गई है। च्लबरा राजाज् शीर्षक से बनी एक वेब सीरीज के कुछ अंशों का प्रदर्शन कर भाजपा सांसद ने कहा कि एक फिल्म निर्माता ने इस पर सीरीज बनाई है जो छत्तीसगढ़ में काफी देखी जा रही है। श्री रविकिशन ने कहा कि अब हमारा स्पष्ट कहना है कि यह जो शुरुआती 5,000 करोड़ रुपए का महादेव एप घोटाला है जिसके जरिये छत्तीसगढ़ की जनता को लूटा गया है और इतना ही नहीं शुभम को दुबई भेजकर सट्टे का कारोबार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। यह स्पष्ट हो चुका है कि सत्ता के संरक्षण में महादेव एप ने जन्म लिया और फला-फूला है। भाजपा सांसद ने कहा, च्मैं बाबा की नगरी गोरखपुर से बाबा का स्पष्ट संदेश लेकर आया हूँ कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश के पैसा लूटने वालों के खिलाफ भाजपा का बुलडोजर चलेगा।ज



भाजपा सांसद रविकिशन ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पाँच साल के शासनकाल में छत्तीसगढ़ को लूटकर बर्बाद कर दिया, नोच डाला। छत्तीसगढ़िया के भोलेपन के साथ विश्वासघात किया है। भाजपा के 15 वर्षों के शासनकाल में छत्तीसगढ़ जिस ऊँचाई पर पहुँचा था, कांग्रेस की सरकार ने पाँच साल में उससे कहीं ज्यादा नीचे गिरा दिया। श्री रविकिशन ने भाजपा के घोषणा पत्र च्मोदी की गारंटीज् की चर्चा करते हुए कहा कि इस गारंटी को लेकर हमने संकल्प लिया है कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही पहले कैबिनेट बैठक में 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए राशि आवंटित करेंगे। यहां के मुख्यमंत्री ने उसे प्रधानमंत्री आवास योजना को आम गरीब लोगों तक इसलिए नहीं पहुंचने दिया क्योंकि उसमें प्रधानमंत्री शब्द जुड़ा था यह वही मुख्यमंत्री है जो गांधी परिवार की वंदना में करोड़ों रुपए प्रदेश का फूंक चूका है। 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ के घर में नल से सीधे पीने पानी की उपलब्धता करवाएंगे। इसी तरह हम छत्तीसगढ़ में महतारी को नारी को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रत्येक महिला को ?1000 महीना मतलब साल का 12000 यानी 5 साल में ?60000 सीधा उनके खाते में वित्तीय सहायता देंगे। अगर घर में तीन महिला भी होंगी चार महिला भी होंगी तो प्रत्येक महिला को 1000 रुपया मोदी सरकार की गारंटी है। ?500 में गरीब परिवोर की महिलाओं को सिलेंडर दिया जाएगा, भले उसकी कीमत चाहे जो हो।

भाजपा सांसद रविकिशन ने कहा कि देश की आदिशक्ति को सशक्त करने के लिए हमने राज्यसभा और लोकसभा में बिल लाकर महिलाओं को 33त्न आरक्षण सुनिश्चित किया।शीघ्र विधानसभा में और लोकसभा में महिलाएं अपने निर्णय लेकर देश का नेतृत्व करती दिखेंगी। यह भाजपा की विकासवादी सोच का परिचायक है और मोदी जी की गारंटी है। श्री रविकिशन ने दावा किया कि 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में चहुँओर कमल खिलेगा, भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण के मतदान के प्रतिशत का हवाला देते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि कल की वोटिंग बता दे रही है कि जनता में भूपेश सरकार के प्रति कितना आक्रोश है! अब अपनी हार होते देखकर मुख्यमंत्री बघेल समेत तमाम कांग्रेस नेता ऊलजलूल बयान देकर राजनीतिक मर्यादा लांघ रहे हैं, प्रदेश की जनता, मातृशक्ति, युवाओं, गरीब, आदिवासी और किसान समेत सभी वर्ग का खुला अपमान करने पर उतर आई है।पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल और क्रिएटिव टीम के उज्ज्वल दीपक भी उपस्थित थे।

# साइबर सेल में बढ़ी काल फारवर्ड फ्राड की शिकायतें

**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। साइबर ठगी के नए.नए तरीकों से आम लोगों के खाते खाली हो रहे हैं। ठगों के नए.नए तरीके पुलिस के लिए भी चुनौती साबित हो रहे हैं। शहर में अब काल फारवर्ड फ्राड की शिकायतें ज्यादा आने लगी हैं। यह नए तरीके का आनलाइन फ्राड है। इसमें टेलीकाम कंपनी के नाम से रिवेरीफिकेशन या कोरियर कंपनी से पार्सल आने के नाम पर काल करते हैं। इसके बाद शार्टकोड के साथ मोबाइल नंबर मांगते हैं। इससे काल डायवर्ट कर लेते हैं। फिर उसी नंबर से वाट्सएप इंस्टाल करके इसका दुरुपयोग करते हैं। इस तरह के कई मामले पुलिस के पास पहुंचने लगे हैं। इसे देखते हुए रायपुर पुलिस ने अलर्ट जारी कर दिया है।



## डेटा चोरी कर की जा रही ठगी, पुलिस ने किया अलर्ट

**डेटा चोरी की आशंका**

काल फारवर्ड फ्राड स्कैम की घटना अधिकांश उन लोगों के साथ हो रही हैए जिन्होंने कोरियर के जरिए सामान मंगाया है। इसमें किसी बड़ी कोरियर कंपनी के वेंडर का डेटा चोरी होने की आशंका है। इससे साइबर ठगों को कोरियर कंपनी के ग्राहकों का बल्क में नंबर मिल गया होगा। इसके बाद उन मोबाइल नंबर धारकों को लगातार काल करके ठगा जा रहा है। लोगों को बरगलाने के लिए टेलीकाम कंपनी के नाम से भी अलग.अलग नंबर से काल कर रहे हैं।

**ऐसे कर रहे हैं फ्राड**

साइबर ठग किसी टेलीकाम कंपनी या कोरियर कंपनी के नाम से लोगों को फोन करते हैं। उन्हें मोबाइल नंबर का रिवेरीफिकेशन कराने के लिए कहते हैं। इसके लिए एक शार्ट कोड के साथ मोबाइल नंबर मांगते हैं। इसे भेजते ही काल फारवर्ड हो जाता है। बाद में इस नंबर पर दूसरा वाट्सएप डाउनलोड कर लेते हैं। फिर इससे जुड़े लोगों को मैसेज भेजकर रकम मांगनाए पैसा ट्रांसफर कराने जैसी हरकतें करते हैं। इसी तरह कोरियर कंपनी वाला बनकर काल करते हैं। ट्रेकिंग कोड में गड़बड़ी बताते हैं। इसे सुधारने के लिए शार्ट कोड के साथ मोबाइल नंबर मांगते हैं और यह मिलते ही उसे काल डायवर्ट में ले लेते हैं। इसके बाद उन्हीं नंबर पर वाट्सएप इंस्टाल कर लेते हैं और उससे जुड़े लोगों को मैसेज भेजकर ठगी करते हैं।

# कक्षा नौवीं से बाहरवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा तिथियों में बदलाव

## अब सात दिसंबर से शुरू होगी परीक्षा



**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के सरकारी स्कूलों में अर्द्धवार्षिक छमाही परीक्षाएं सात से 15 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने परीक्षा से संबंधित समय.सारणी जारी कर दी है। पहले स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 22 नवंबर से होनी थी। लेकिन प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के कारण स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित है। स्कूलों के अधिकतर शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी लगी है। 22 नवंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का विरोध भी किया गया। जिले में 17 नवंबर को मतदान होना है। मतदान के तुरंत बाद परीक्षाएं शुरू होने से छात्रों की अच्छी तैयारी नहीं होगी। इस वजह से डीईओ कार्यालय की तरफपरीक्षा तिथियों पर फेरबदल किया गया है। प्रयोग के तौर पर रायपुर जिले में मासिक परीक्षाएं हो रही हैं। इन परीक्षाओं के लिए पेपर भी डीईओ कार्यालय की तरफ से सभी स्कूलों को सेंट्रलाइज भेजा जा रहा है।

**ब्लू प्रिंट के आधार पर बनाए गए प्रश्नपत्र:** डीईओ हिमांशु भारतीय ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की तरफसे जारी होने वाले ब्लू प्रिंट के आधार पर अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र तैयार किए जा रहे हैं। परीक्षाओं के बाद छात्रों को भी नंबर बताए जाएंगे। साथ ही कापी भी दिखाई जाएगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणाम का विश्लेषण किया जाएगा। छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। जिस विषय में छात्र कमजोर होंगेए अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर अच्छी तैयारी करवाई जाएगीए ताकि बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा परिणाम ला सकें।

**हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के पेपर होंगे अलग-अलग:** जिले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी चल रहे हैं। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अलग.अलग समय में परीक्षाएं होंगी। दोनों के लिए प्रश्नपत्र सेंट्रलाइज भेजे जाएंगे। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं सुबह आठ से 11 बजे तक होगी वहीं स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल और अन्य हाईस्कूल  हायर सेकंडरी हिंदी माध्यम स्कूलों में परीक्षाएं दोपहर 12 से तीन बजे तक होगी।

# सूने मकान का ताला टूटा, 3 युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। प्रार्थिया शबनम ईकबाल ने थाना पंडरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अवंति गार्डन कालोनी दलदल सिवनी पंडरी रायपुर में रहती है तथा गृहणी है। प्रार्थिया के पति शौकत इकबाल एल आई सी आफिस पंडरी रायपुर में सीनियर ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 6नवबंर की  सुबह लगभग 07:00 बजे प्रार्थिया अपने पति को उपचार हेतु रामकृष्ण अस्पताल पचपेडी नाका रायपुर में भर्ती कर घर वापस आयी फिर  शाम 04.00 बजे अपने घर को ताला बंद कर सामने का दोनों लाईट चालू कर रामकृष्ण अस्पताल पचपेडी नाका चली गयी तथा रात में अस्पताल में ही रूकी। दूसरे दिन सुबह प्रार्थिया के घर काम करने वाली नौकरानी ने प्रार्थिया के मोबाईल फोन में फोन कर बताया कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है तथा घर में चोरी हो गया है जिस पर प्रार्थिया घर आकर देखी तो उसके मकान के दरवाजा में लगे ताला को कोई अज्ञात आरोपी किसी राड से तोड कर घर अंदर प्रवेश कर घर में रखें तीनों आलमारी का ताला खोलकर आलमारी में रखे कपडों व सामान को बाहर फेंककर आलमारी में रखे नगदी रकम व सोने चांदी के जेवरात को चोरी कर ले गया था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पंडरी में  धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।



चोरी की घटना को थाना प्रभारी पंडरी को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी पंडरी के नेतृत्व में थाना पंडरी पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थिया एवं उसकी नौकरानी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे।

इसी दौरान अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी पंडरी निवासी अमीर खान  करण ताण्डी एवं विधि के साथ संघर्षरत एक बालक के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा अमीर खान करण ताण्डी एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर तीनों से चोरी की घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों के द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की संपूर्ण मशरूका सोने.चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 1,00,000҅. रूपये जप्त कर प्रकरण में धारा 34 भादवि जोड़ी जाकर तीनों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# जुआ खेलते 12 जुआरी गिरफ्तार



**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। कल रात थाना गोलबाजार पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि शास्त्री मार्केट स्थित सब्जी मार्केट चबूतरा में बैठकर सार्वजनिक स्थान में कुछ लोग रूपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। थाना प्रभारी गोलबाजार के नेतृत्व में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान में जाकर देखने पर पाया गया कि कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर ताशपत्ती से जुआ खेलते कुल 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 15,230 रूपये एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना गोलबाजार में धारा 3;2 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# रेलवे स्टेशन से पकड़ाया 2.40 लाख का गांजा



## आरपीएफ सेटलमेंट पोस्ट ने की कार्रवाई

**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। सेटलमेंट पोस्ट की आरपीएफने रायपुर रेलवे स्टेशन से करीब 2.40 लाख रूपए का गांजा पकड़ा है आरपीएफने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है जानकारी के मुताबिक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रेलवे रेसुब सेटलमेंट पोस्ट रायपुर के उप निरीक्षक एके चौरसिया आरक्षक बीएस ठाकुर समेत अन्य रेलवे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 02,03 के बिलासपुर छोर फुट ओवर ब्रीज के नीचे पोल नं 05 के पास एक व्यक्ति को अपने साथ रखे मेहरून रंग एवं बैगनी रंग के ट्राली बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना नाम व पता आमिर पिता.इस्माईल उम्र.22 वर्ष, साकिन.नई बस्ती मोहल्ला उपरौस कसबा मौदहा, थाना.मौदहा, जिला.हमीरपुर उ.प्र बताया तब उससे पूछताछ करने पर उसने दोनो ट्रोली बैग में मादक पदार्थ गांजा होना बताया ट्राली बैग में रखे 2 पैकेटों का कुल वजन 12 किग्रा अनुमानित कीमत 2,40,000  दो लाख चालीस हजार रूपये मात्र  का मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसके संबंध में उपरोक्त व्यक्ति से पूछताछ करने पर उक्त गांजा को खरियार रोड रेलवे स्टेशन से रायपुर तक ले आना बताया आरपीएफने जी आरपी रायपुर को आरोपी और जब्त गांजा सुपुर्द किया जहां आरोपी के खिलाफ  धारा 20बी एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## राजधानी में पोर्टेबिलिटी बनी मुसीबत

# सरकारी दुकानों में एक माह का राशन दो दिन में ही खत्म

**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। वन नेशन वन कार्ड की सुविधा राशन दुकान संचालकों सहित हितग्राहियों के लिए भी परेशानी का सबब बनती दिखाई दे रही है। पोर्टेबिलिटी सुविधा के तहत कोई भी कार्डधारक किसी भी दुकान से राशन ले सकता है। शासन के निर्देश पर दुकान संचालक भी हितग्राहियों को राशन का वितरण कर रहे हैं। लेकिन इसकी वजह से कुछ दुकान संचालकों को दिया गया एक माह का राशन मात्र दो दिनों में ही खत्म हो जा रहा है। इतना ही नहीं, दूसरे कार्डधारकों को राशन देने के बाद अतिरिक्त आवंटन की मांग करने पर भी दुकान संचालकों को राशन नहीं दिया जा रहा है। साथ ही 75 प्रतिशत वितरण के बाद ही राशन का आवंटन देने की बात कही जा रही हैए लेकिन सारा सिस्टम आनलाइन होने के बावजूद और राशन खत्म होने के बाद भी माड्यूल में राशन शेष दिखा रहा है जिसे महीने की 10 तारीख के बाद अपडेट करने की बात कही जा रही है। इसकी वजह से हितग्राही राशन दुकान तो जा रहे हैंए लेकिन वहां राशन नहीं होने की वजह से वितरण नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से हितग्राहियों को राशन के लिए दो से तीन बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वन नेशन वन कार्ड के तहत केंद्र सरकार की ओर से हितग्राहियों को किसी भी जिले या राज्य में जाकर राशन लेने की सुविधा दी गई है। इसके तहत किसी भी वार्ड या क्षेत्र का हितग्राही किसी भी सरकारी राशन दुकान में जाकर राशन ले सकता है। इसे पोर्टेबिलिटी कहा जाता है।



**प्रदेशभर में सर्वाधिक पोर्टेबिलिटी रायपुर में:** खाद्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेशभर में सर्वाधिक पोर्टेबिलिटी रायपुर जिले में ही हुई है। आंकड़ों के हिसाब से रायपुर में 58,035 कार्डधारकों द्वारा 98312 ट्रांजेक्शन किए गए हैं। वहींए सबसे कम पोर्टेबिलिटी के आंकड़े सरगुजा जिले के हैं। यहां 179 कार्डधारकों द्वारा 303 ट्रांजेक्शन किए गए हैं।

### इसलिए आ रही है दिक्कतें

रायपुर शहर में नई राशन दुकानें खुलने के बाद कार्डों को भी नई दुकानों में ट्रांसफर किया गया है। लेकिन हितग्राही जिस दुकान में कार्ड अटैच है वहां से राशन लेने के बजाय पुरानी दुकान से ही राशन ले रहा है। इसकी वजह से एक दुकान का स्टाक घट जा रहा हैए जबकि दूसरी दुकान का स्टाक खत्म नहीं हो रहा है।

### 75 प्रतिशत वितरण पर ही आवंटन

राशन दुकानों के लिए नान नागरिक आपूर्ति निगमद्ध द्वारा बनाए गए नियमानुसार दुकान संचालक द्वारा 75 प्रतिशत राशन का वितरण करने के बाद ही अतिरिक्त नया आवंटन जारी किया जाएगा। लेकिन दुकानों में स्टाक खत्म होने के बाद माड्यूल तुरंत अपडेट नहीं होने की वजह से नए स्टाक के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

### अतिरिक्त आवंटन की मांग

रायपुर के खाद्य नियंत्रक केसी थारवानी ने बताया कि इस तरह की दिक्कतें सामने आ रही हैं। इसके लिए पत्राचार किया गया है और 75 की जगह 50 प्रतिशत वितरण के बाद अतिरिक्त आवंटन जारी करने की मांग की गई है। लेकिन राशन से कोई वंचित नहीं हो रहा है।

# सूने मकान में चोरी, गार्डन के पास से बाइक पार

**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। अवति गार्डन कालोनी के सूने मकान में चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर मकान से 55 हजार के सोनाए चांदी के जेवर को चोरी कर ले गया। मोवा पुलिस ने 457 380 का अपराध दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक सबनम इकबाल ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। सबनम ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम को उसका परिवार घर से बाहर गए हुए थे जहां मकान में ताला लगाकर वहा से चले गए थे। इस दौरान कोई अज्ञात चोर सूने मकान का फायदा उठा कर मकान का ताला तोड़ कर कमरे के अंदर रखे आलमारी से सोनाए चांदी के जेवर और नगदी को चोर कर ले गया था। सबनम ने बताया कि दूसरे दिन जब वे घर आए तो देखा की मकान में लगा ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर जाकर देखा तो घर का सामान फैला पड़ा था। आलमारी में रखे जेवर भी नहीं था। आसपास पूछताछ करने पर भी कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ457,380 का अपराध दर्ज किया है। वहीं आसपड़ोस में पूछताछ कर अज्ञात चोर की पतासाजी की आ रही है। इथर सिविल लाइन इलाके में खालसा स्कूल के पास आक्सीजन गार्डन के बाहर रखी बाइक चोरी हो गई अज्ञात चोर बाइक का ताला तोड़ उसे चोरी कर ले गया। इसकी रिपोर्ट शिवाली नगर निवासी सुमनराज विशाल ने थाना में की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 379 का अपराध दर्ज किया है।

## निर्माणधीन मकान में घुसे चोरों ने गार्ड से की मारपीट जुर्म दर्ज

रायपुर, 8 नवंबर (देशबन्धु)। ल विहार के निर्माणाधीन मकान में चोरी करने की नियत से घुसे चोर ने मकान में केयर टेकर का काम करने वाले कर्मचारी से मारपीट कर भागे। नेहरू यादव ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम टेमरी में रहता है  जो कमल विहार के सेक्टर.5 में मयंक तिवारी के निर्माणाधीन मकान में देखरेख का काम करता है। जो मंगलवार शाम को वहीं मकान में था। इसी दौरान पास की बस्ती में रहने वाला जीतेंद्र देवार और उसके साथी चोरी करने की नियत से निर्माणाधीन मकान में घुस गए और इधर.उधर कबाड़ का सामान देखने लगे। इसे देख नेहरू यादव ने वहा क्या कर रहे हो यहाँ से बाहर निकलो कहने पर जीतेंद्र देवार और उसके साथी ने नेहरू देवार के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर वही पास पड़े ईट से मारकर घायल कर वहां से फरार हो गए। इसकी शिकायत नेहरू ने टिकरापारा थाना में की पुलिस ने जीतेंद्र देवार और उसके साक्षियों के खिलाफधारा 294 506 323, 34 का अपराध दर्ज कर कार्रवाई की।

## पश्चिमी विक्षोभ के चलते बदली हवा की दिशा

# ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ने लगी ठंड

**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा बदल गई है। इसके चलते हवा में नमी की मात्रा भी अधिक है। मौसम विभाग का कहना है कि इसके प्रभाव से आने वाले पांच दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। मंगलवार को प्रदेश में सबसे ठंडा कोरिया रहाए वहां के कृषि विज्ञान केंद्र में न्यूनतम तापमान 12०9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि नवंबर के तीसरे सप्ताह से ठंड और ज्यादा बढ़ने वाली है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के ऊपर स्थित है  जिसके पूर्व की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके चलते हवा में नमी की मात्रा में वृद्धि की संभावना है। रायपुर का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19०3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहा।

### रात में बढ़ने लगी ठंड

ठंडी हवाओं के आने के कारण देर रात ठंड बढ़ने लगी है। विशेषकर ग्रामीण व आउटर क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव ज्यादा है। सुबह ठंडी हवा चलने लगी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा ठंड पड़ने की उम्मीद है।

### गर्म कपड़ों के स्टाल शुरू

मोतीबाग, टिकरापारा, संतोषीनगर, आमापारा सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों गर्म कपड़ों का स्टाल लगने लगे हैं। ग्राहकों को लुभाने के लिए 20 प्रतिशत छूट भी दी जा रही है। वहीं, कपड़ा संस्थानों में भी गर्म कपड़ों का स्टाक आना शुरू हो गया है। इस वर्ष कारोबारी सोच.समझकर स्टाक मंगा रहे हैंए क्योंकि पिछले वर्ष ठंड कम पड़ी थी और कारोबार में जबरदस्त गिरावट आई थी।



# बच्चों ने वृद्धजनों संग साझा की दीपवाली की खुशियां



## आदर्श विद्यालय के छात्रों ने किया कुलदीप निगम वृद्धाश्रम का भ्रमण

**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य के प्रथम कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प में आदर्श विद्यालय इंग्लिश मीडियम स्कूल देवेन्द्र नगर के 250 छात्रों का समूह दीपावली त्यौहार की खुशियां साझा करने पहुंचा। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के लिए दैनिक उपयोग में आने वाले खाद्य सामग्री ,चांवल ,आटा ,तेल, दाल ,शक्कर ,गुड़,चायपत्ती ,नमक, साबुन,बॉडी लोसन,फल एवँ मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही 7वीं क्लास की बालिका कुमारी चेतना दीपक पंजवानी का जन्मदिन भी बुजुर्गों के साथ केक काटकर मनाया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल गृह बालक में निवासरत विशेष बच्चों को भी खाद्य सामग्रीए चॉकलेट वेफर्स केक का वितरण कर बच्चों के साथ म्यूज़िक में डाँस करके सेलिब्रेट किया गया। आदर्श विद्यालय की बालिकाओं द्वारा दोंनो ही संस्थाओं में बहुत ही सुंदर.सुंदर रांगोली डालकर पूरे परिसर को सजाया और दिप प्रज्वलित किया। इस पूरे आयोजन हेतु आदर्श विद्यालय की प्राचार्या सुमन शानबाग की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदर्श विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल के के उन्नीकृष्णन नायर जितेश ठाकुर संतोष सामन्त राय माया नायर स्मिता नायर मंजू अनिता दास आशा पिल्लइ संगीता शर्मा कविता सेन दीप्ति सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर कुलदीप निगम वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र निगम ए सचिव बिमल घोषाल पारूल चक्रवर्ती लीला यादव बाल गृह की वार्डन स्वेता एवँ सभी स्टाफउपस्थित रहे।

संपादकीय

## चुनाव प्रचार में मुद्दों पर बात हो

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान मंगलवार को सम्पन्न हो गया जिसके अंतर्गत बस्तर सम्भाग की 10 और दुर्ग सम्भाग की 10 सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है और इन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कौन करेंगे, यह 3 दिसम्बर को ही पता चल पायेगा।*

*बहरहाल, एक ओर जब इन 20 सीटों के लिये मतदान जारी था, तब प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी राज्य के सूरजपुर में आम सभा कर रहे थे। कायदे से तो उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिये और नैतिक मानदंड स्थापित करते हुए मंगलवार का दिन छोड़ना चाहिये था ताकि 20 सीटों पर मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। कहने को तो कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भी बालोद व कुरूद में सभाएं लीं लेकिन आचार संहिता के पालन में उदाहरण पेश करने की जिम्मेदारी व नैतिक कर्तव्य पीएम का है क्योंकि वे कार्यपालिका प्रमुख हैं। हालांकि जब से मोदी ने यह पद सम्भाला है, वे अनवरत चुनावी प्रचार में रत रहते हैं- चाहे चुनाव हों या न हों। इस तरह के कई खराब उदाहरण वे पेश कर चुके हैं कि किसी राज्य के एक हिस्से में चुनाव हो रहे होते हैं और मोदी दूसरे क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करते पाये जाते हैं। जहां कई चरणों में चुनाव होते हैं, वहां अक्सर यह स्थिति देखने को मिलती है। उन्हें इस बाबत अपनी आलोचना की कोई फिक्र नहीं होती और न ही उनकी अंतरात्मा उन्हें ऐसा करने से रोकती है।*

*उनके भाषणों की बात करें तो वे ज्यादातर मुद्दाविहीन होते हैं। विषयवस्तु में केवल विपक्ष को वंशवाद व भ्रष्टाचार के नाम पर गरियाने और उन पर घिसे-पिटे आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं होता। अपने भाषणों में वे अपने पद की प्रतिष्ठा व मर्यादा का बिलकुल ध्यान नहीं रखते। विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों में वे जब जाते हैं तो वहां की सरकार पर आधारहीन आरोप लगाने में कोई आगा-पीछा नहीं देखते। उन्हें इस बात से भी मतलब नहीं रहता कि जो बात वे कह रहे हैं उसकी पुष्टि के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत करें। छत्तीसगढ़ की ही बात करें तो मोदी यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ केवल भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। इन दिनों वे सट्टेबाजी वाले एप महादेव का बारम्बार उल्लेख कर बतला रहे हैं कि उसके लाभार्थी भूपेश बघेल ही हैं। उनकी देखा-देखी भाजपा के अन्य केन्द्रीय तथा स्थानीय नेता भी बतला रहे हैं कि महादेव सट्टा के 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बघेल को मिली है इसलिये वे इसे बचा रहे हैं। मोदी कभी उन्हें जेल में डालने की बात करते हैं तो अन्य आरोप लगा रहे हैं। सभी को जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करना ज़रूरी है।*

उल्टा पुल्टा

**पति ने पत्नी से कहा:** मेरा फोन आये तो कहना में घर पर नहीं हूँ।
अचानक फोन की घंटी बजी
**पत्नी ने फोन उठाकर कहा:** वो अभी घर पर हैं।
**पत्नी के फोन रखते ही पति खीजते हुए बोला:** तुमसे मना किया था फिर भी क्यों बताया कि मैं घर पर हूँ?
**पत्नी बोली:** आपने अपने फोन के लिए मना किया था, वह फोन तो मेरे लिए आया था।

# शत प्रतिशत मतदान के संकल्प के साथ जागरूकता रैली




**दुर्ग**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिये मतदाताओं को प्रेरित करने विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक, धार्मिक व शैक्षिक संगठनों द्वारा रैली व अन्य कार्यक्रम किये जा रहे है। इसके तहत रैली के अलावा नुक्कड़ नाटक शपथ दिलाने, वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही है। इसके लिये मिडिल स्कूल से लेकर कालेज स्तर तक के छात्र छात्राओं को काफी सक्रिय किया जा रहा है। नगर निगम दुर्ग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने आज रैली निकाली गई।

**नगर निगम :** नगर निगम द्वारा आज शत प्रतिशत मतदान के लिये मतदाताओं को प्रेरित करने के लिये मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। नगर निगम की इस रैली में शामिल लोगों ने प्रत्येक घरों व दूकानों में जाकर मतदाताओं से आग्रह किया कि वे सारे व्यक्तिगत कार्य छोड़ कर मतदान करने जरूर जायें। मतदाता जागरूकता रैली नगर निगम कार्यालय से निकलकर सिविल लाईन, आदर्श स्कूल, होते हुए चौपाटी से गुजरकर न्यू बस स्टैंड, गांधी प्रतिमा से उतई चौक से होते हुए नगर निगम पहुंचकर रैली विसर्जित की गई। इस रैली में शामिल लोगों ने सिविल लाईन बस स्टैंड व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर रूककर लोगों को मतदान के लाभ बताते हुए मतदान करने की अपील की। यह रैली जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा एवं नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर निकाली गई। मतदाताओं को उनके अधिकार व कर्तव्यों से अवगत कराया गया। रैली में शामिल लोगों ने मतदाताओं से 17 नवंबर को अपने निकटतम बूथ में जाकर मतदान करते हुए आसपास के घर परिवारों के लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित करने पर जोर दिया गया। रैली में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, मुक्तेश कान्हा, कुनाल राहूल पार्वती, पंडित गीता सोनी, विनीत वर्मा, रेखा कुर्रे, सहित अनेक लोग शामिल हुए।

**आज शाम मशाल रैली :** सामाजिक संस्था अजेय भारत द्वारा विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर 9 नवंबर को शाम साढ़े 5 बजे मशाल रैली निकाली जायेगी। रैली प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी भवन केलाबाड़ी के पास से निकलकर कसारीडीह चौक, कन्हैयापुरी चौक, महाराजा चौक होते हुए आदर्श नगर पहुंचकर संपन्न होगी। अजेय भारत संगठन के संजय डहरवाल ने आम लोगों से मशाल रैली में शामिल होने की अपील की है। रैली के बाद भजन संध्या भी आयोजित की जायेगी।

## मतदान उपरांत ईवीएम मशीनों की वापसी शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी

**दुर्ग।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु आकस्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सेक्टर अधिकारियों को प्रदाय की गई ई.वी.एम. वीवीपीएटी मशीन्स एवं सामग्री की थैलियों को जिले के रिसीविंग सेंटर श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में रिसीव किया जाएगा। इसके तत्काल पश्चात उक्त मशीनों एवं सामग्री की थैलियों को जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित ई.वी.एम. वीवीपीएटी वेयरहाउस में स्थानांतरित किया जाएगा। जिला कार्यालय के ई.वी.एम. वेयरहाउस में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम के मानक अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान दिवस को मतदान के पश्चात् श्रेणी ''ए'' अर्थात् ''मत डाली गई ई.वी.एम. मशीन '', श्रेणी ''बी'' अर्थात् नॉन फंक्शनल पोल्ड ई.वी.एम. मशीन (वास्तविक मतदान के दौरान बदली हुई) उक्त दोनों श्रेणी की मशीनों को रिसीविंग सेंटर श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई के स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार अलग-अलग कमरों में रखा जाएगा। इसके अलावा श्रेणी ''सी'' नान फंक्शनल अनपोल्ड (मॉक पोल के दौरान बदली हुई) ई.वी.एम. एवं श्रेणी ''डी'' अप्रयुक्त रिजर्व ई.वी.एम. मशीन उक्त दोनों ''सी'' एवं ''डी'' श्रेणी की मशीन्स को पोल्ड ई.वी.एम. स्ट्रांग रूम से अलग परिसर में रखा जाना है। जिसके लिए जिला कार्यालय द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ई.वी.एम. वीवीपीएटी वेयरहाउस का चयन किया गया है। रिसीविंग सेंटर शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई से जिला कार्यालय के कलेक्ट्रेट स्थित ई.वी.एम. वेयरहाउस तक उक्त ''सी'' एवं ''डी'' श्रेणी की मशीनों के परिवहन के दौरान एवं जिला कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित ई.वी.एम. वेयरहाउस में इन मशीन्स की सीलिंग के दौरान राजनीतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष अथवा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।





**दुर्ग।** मतदान दलों को सामग्री वितरण का कार्य मानस भवन साइंस कालेज दुर्ग से होगा। यहां प्रशिक्षण व सामग्री वितरण हेतु तैय्यारी शुरू हो गई।

## पूर्व पार्षद अजय दुबे को जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। अस्पताल वार्ड के पूर्व पार्षद अजय दुबे को गत रात्रि गिरफ्तारी के बाद आज पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें न्यायालयीन आदेश के अनुसार रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। अजय दुबे के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी अजय दुबे के विरूद्ध लिपिका साहू, संध्या यादव, शंकरलाल कोडनानी द्वारा गाली गलौच, अवैध वसूल करने व तरह तरह से धमकी चमकी देने मोबाईल पर अश्लील मैसेज करने इत्यादि की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने सभी आरोपों की जांच एवं विवेचना के बाद अजय दुबे को गिरफ्तारी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से आज उसे जेल भेज दिया गया।

## मोहम्मद अकबर बनाये गये दुर्ग जिले में कांग्रेस के समन्वयक

**दुर्ग,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दुर्ग जिले में चुनावी मोर्चेबंदी तेज करते हुए प्रदेश शासन के मंत्री मोहम्मद अकबर को दुर्ग जिले का समन्वयक नियुक्त किया गया है। वे दुर्ग जिले के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभा क्षेत्रों मे चुनाव प्रचार को गति देने के लिये समन्वयक स्थापित कर काम करेगें।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने इस संबंध में जारी परिपत्र में कहा है कि जिला समन्वयक मोहम्मद अकबर जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में जाकर वहां पार्टी के अधीकृत प्रत्याशियों से संपर्क व समन्वय बनाकर चुनाव प्रचार प्रसार को गति प्रदान करते हुए पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई करेगें। ज्ञातव्य है कि मंत्री मोहम्मद अकबर कवर्धा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी भी है। कवर्धा में मतदान संपन्न होने के बाद उन्हें दुर्ग जिले की जिम्मेदारी दी गई है।

# वादे जो किये थे निभाया है, आगे भी निभाते रहेंगे : ताम्रध्वज

**दुर्ग**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने आज भी विभिन्न ग्रामों में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो वादे किये थे उन्हें पूरी तरह निभाया और आगे भी निभायेगें। कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को अपने विकास का हिस्सा बनाया है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार लोगों के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। श्री साहू ने आज ग्राम विनायकपुर, अंडा, जंजगीरी, मतवारी, रिसामा, मातरोडीह, कातरो, चिरपोटी, मचांदुर, खोपली, काशीडीह और घुघसीडीह में जनसंपर्क किया।



श्री साहू ने सभी जगह कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र के प्रमुख बिंदुओं किसानों की कर्जमाफी, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धानखरीदी, 2 सौ यूनिट बिजली फ्री, केजी से पीजी तक पढ़ाई नि:शुल्क, गैस सिलेण्डर में 5 सौ रूपये की सब्सीडी इत्यादि की चर्चा की। अपने पांच वर्ष के शासनकाल की उपलब्धियों की चर्चा की। श्री साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कराये गये विकास कार्यो की भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि अगले कार्यकाल में भी क्षेत्र के विकास की गति को आगे बढ़ाया जायेगा।

श्री साहू के साथ इन चुनावी जनसंपर्क में जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख सहित अनेक पंच, सरपंच, कांग्रेस पदाधिकारी व कांग्रेसजन शामिल रहें।

## हेमचंद विवि की कुश्ती टीम रोहतक रवाना

**दुर्ग,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि. महिला कुश्ती टीम उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में शामिल होने रोहतक के लिये आज रवाना हो गई। वहां पर ये टीम 9 एवं 10 नवंबर को महर्षि दयानंद वि.वि. द्वारा आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होंगी।



इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाली चारों खिलाड़ी दुर्ग शहर की है। ये खिलाड़ी सेठ रतन सुराना महा. से जया शोरी एवं रीनानाथ तथा शासकीय विज्ञान महा. दुर्ग की केतन्य साहू व ग्रेसी पटेल है। इस टीम की कोच लक्ष्मी यादव एवं मैनेजर लाडली खिलाड़ी है। यह जानकारी देते हुए संचायक शासकीय शिक्षा विभाग डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि इन सभी खिलाड़ियों ने रोहतक रवाना होने से पूर्व कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा व कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप से मुलाकात कर बधाइयां व शुभकामनाएं ग्रहण की।

## विवि में दस दिवस के अंदर 18 हजार उत्तरपुस्तिका मूल्यांकित

**दुर्ग,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में पूरक परीक्षा 2023 के केन्द्रीय मूल्यांकन आरंभ होने के 10 दिवस के अंदर लगभग 18 हजार उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित हो चुकी है तथा शेष उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन जारी है। यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, एवं उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने संयुक्त रूप से बताया कि वि.वि. की पूरक परीक्षाएं 5 नवंबर से 19 नवंबर तक विधानसभा चुनाव एवं दीपावली अवकाश के कारण स्थगित रखी गई है। 5 नवंबर के पूर्व आयोजित पूरक परीक्षाओं की लगभग 32 हजार उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन हेतु वि.वि. पहुंच चुकी है तथा शेष उत्तरपुस्तिकाओं का प्राप्त होने का क्रम जारी है।



वर्तमान में लगभग 30 मूल्यांकन कर्ता प्राध्यापक उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन कर रहे है। पूरक परीक्षा केन्द्रीय मूल्यांकन कार्य आरंभ होने के 10 दिवस के अंदर पूरक परीक्षा 2023 के दो परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये। कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने वि.वि. के परीक्षा विभाग को यह निर्देशित किया है कि केन्द्रीय मूल्यांकन कार्य में तेजी लाते हुए छात्रहित में शीघ्र से शीघ्र परीक्षा परिणाम घोषित करने के प्रयास किये जाये। वि.वि. ने एमफिल क्लिनिकल साइकोलॉजी भाग प्रथम के परीक्षा परिणाम घोषित किये इसका परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत् रहा। द्वितीय परीक्षा परिणाम में बीए बीएड भाग 02 में शत-प्रतिशत् विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

## ज़िले की तीनों विस सीटों के ईवीएम-वीवीपैड की कमीशनिंग प्रक्रिया पूरी हुई

**बेमेतरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन2023 के लिए तीनों विधानसभ क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के बीते 6 नवंबर सोमवार को सामान्य प्रेक्षक अभिशेक कृष्णा, कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन पी.एस.एल्मा और अभ्यर्थी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम, वीवीपैड की कमीशनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ शुरू हुई। जो तीसरे दिन आज बुधवार को पूरी हुई। ईवीएम की कमीशनिंग का कार्य ज़िला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी सामग्री एवं मतगणना स्थल पर पूरी सुरक्षा के बीच चल रहा था।



कमीशनिंग की प्रक्रिया सुबह 9 से शुरू होकर देर रात तक चली। तब जाकर तीन दिन में पूरी हुई। प्रक्रिया के दौरान पूरे समय कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा नज़र बनाये हुए रहे। कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के पेयजल से लेकर चाय, भोजन की व्यवस्था का भी ध्यान रखा। इस दौरान आने वाली तकनीकी या अन्य समस्याओं को भी अपने अनुभव से समाधान करते रहे।

कमीशनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ से लेकर कमीशनिंग की प्रक्रिया के दौरान अपर कलेक्टर एवं नोडल (निर्वाचन) डॉ. अनिल बाजपेयी, तीनों विधानसभाओं साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर विश्वास राव मस्क साजा, सुश्री रुचि सिंह बेमेतरा और भूपेन्द्र जोशी नवागढ़ और निर्वाचन, उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री उमशंकर बंदे और जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों उपस्थित रहे। ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए कमीशनिंग 250 से अधिक कर्मी काम पर लगे हुए थे। कार्य के लिए 82 टेबल लगायी गयी। एक टेबल पर तीन कर्मी कमीशनिंग में लगे थे। ईवीएम, वीवीपैड मशीन सुरक्षित लाने-लेजाने के लिए अलग से ग्राम कोतवारों की भी ड्यूटी लगायी गयी थी।

# गाली-गलौज का मामला तुल पकड़ा, भाजपा के बाद कांग्रेस ने लिखाई नामजद रिपोर्ट

**गुण्डरदेही**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। । कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा गाली गलौज व मारपीट मामले मे नया मोड़ आया है भाजपा व कांग्रेस ने एक-दूसरे के खिलाफ थाना मे एफआईआर दर्ज करवाई है कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपने उपर लगाए गए आरोप को गलत व निराधार बताया है कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने बताया कि 6 नवंबर को करीबन 12 बजे रात में कांग्रेस कार्यालय अर्जुन्दा में बैठे थे तभी गुण्डरदेही विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू व कार्यकर्ताओं द्वारा क्रिस्टा गाड़ी सीजी 12 एएस 8730 से आकर कांग्रेस कार्यालय के सामने शराब के नशे मे मां बहन की गाली गलौज करते हुए भाग गए उसके बाद हम लोग आर्टिका वाहन में प्रवीण चंदेल अनुभव शर्मा फरहान खान नोमेश चंद्राकर व शिवम गजेंद्र उनका पीछा किया करीबन ड़ेढ़ बजे ग्राम भाठागांव बी मे दोषण साहू के घर के बाहर ढ़ालेंद्र सार्वा गुलशन साहू व उनके साथी द्वारा हम लोगो को मां बहन की अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी हाथ मुक्का से मारपीट किया भाजपा कार्यकर्ता हाथ मे लाठी डंडा व अन्य औजार भी रखे हुए थे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने आगे बताया कि कांग्रेस कार्यालय अर्जुन्दा के पास इनोवा क्रिस्टा गाड़ी नंबर सीजी 12 एएस 8730 जो कि विगत 5 दिनों से सुबह से देर रात तक कांग्रेस कार्यालय के पास संदिग्ध अवस्था में लगातार घुम रहा था 6 नवंबर को भी रात्रि 12 बजे के आसपास पुन: अर्जुन्दा कांग्रेस कार्यालय के सामने आकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शराब के नशे में भाजपा प्रत्याशी व उनके साथी अभद्र गाली-गलौज दे रहे थे गाली-गलौज सुनकर हम सभी कार्यकर्ता कार्यालय से बाहर आए उसके बाद क्या कर लोगे कहकर सभी कार से भाग गए हम लोग भी कार का पीछा करते-करते भाठागांव बी में भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू के परिजन दोषण साहू के घर पहुंचे हमारे द्वारा बहुत ही नम्रता से प्रत्याशी वीरेंद्र साहू व उनके साथी को पूछा कि क्यो गाली-गलौज कर भाग रहे थे इतने मे ढ़ालेंद्र सार्वा गुलशन साहू एवं अन्य लोगो ने हम लोगो से मारपीट व गाली-गलौज किया तलवार व बंदूक निकालकर जान से मारने की धमकी दी हम लोग जान बचा कर वहा से वापस अर्जुन्दा पहुंचे उसके बाद अगले दिन मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ गुण्डरदेही थाना पहुंचकर आरोपी ढ़ालेंद्र सार्वा गुलशन साहू व अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई इधर गुण्डरदेही पुलिस ने आरोपी ढ़ालेंद्र सार्वा गुलशन साहू व अन्य साथियो के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 का अपराध कायम किया है



**भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू की सोची-समझी साजिश**

इधर कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया की भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू की सोची-समझी साजिश थी वह हार की डर से इस तरह का कृत्य किया जा रहा है क्षेत्र की जनता उनके व्यवहार को जानती है उनके विधायकी कार्यालय मे क्या-क्या कांड हुआ जनता सब जानती है कांग्रेस के प्रत्याशी कुंवर सिंह निषाद को बदनाम करने की साजिश भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू व उनके साथी के द्वारा किया जा रहा है

# गंडई नगर में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

## नगर में 81 प्रतिशत के लगभग मतदान



**गंडई,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गंदई नगर शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है। अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नगर के 11 बूथों में लगभग 81 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। सभी उम्मीदवारों का चुनावी भाग्य आज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो गया है।

गंडई ने आज लोकतंत्र का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया। वोट डालने के लिए मतदाता सुबह से ही कतार में खड़े थे। युवा, बुर्जुग, महिलाएं और समाज के सभी वर्ग के लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया। नगर के 11 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। विधानसभा चुनाव के पहले चरण में जिला जेसीजी के गंदई नगर में संगवारी मतदान केंद्र को गुब्बारों और रंगोली से आकर्षक सजाया गया। बुजुर्गों और दिव्यांगो का विशेष ध्यान रखा गया है। नए मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साहित नजर आए है।

जिला जेसीजी पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि लगभग 5000 पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार सुबह मतदान शुरू हुआ। गंडई क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए गश्त भी किया जा रहा है। इस बीच कुछ मतदाताओं को मोबाइल संबंधी असुविधाओं को लेकर शिकायत भी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडई नगर में कुल 11 बूथ है तथा मतदाताओं की संख्या 9543 है। जिसमें से 7767 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार नगर पंचायत गंडई लगभग 81 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व मिला बोनस

**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक यूनियन कार्यालय में रखी गई। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों ने स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रयासों से भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा निरंतर की गई कार्रवाई के उपरांत इस बार अधिकांश विभागों में उत्पादन एवं रखरखाव और सफाई का संचालन करने वाले कंपनियों एवं ठेकेदारों द्वारा अधिकांश विभागों में दीपावली के पूर्व बोनस का वितरण किया गया। जिसमें कोकोवन, सेंटरिंग प्लांट ब्लास्ट फर्नेस ओएचपी एवं रेल मिल प्लेट मिल, स्टोर एवं अन्य विभागों के अधिकांश ठेकेदारों द्वारा बोनस श्रमिकों के खातों में डाल दिया गया है और कुछ विभागों के जहां अभी नहीं मिला है कोको वन ब्लास्ट फर्नेस जल प्रबंधन विभाग ओ एच पीए टाउनशिप के कुछ ठेकेदार अभी नहीं दिए हैं लेकिन दीपावली पूर्व बोनस डालने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कुछ विभागों में अभी भी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। जो ठेकेदार दीपावली के बाद 30 नवंबर तक देंगे बोल रहे हैं उसकी सूचना प्राप्त कर प्रबंधन को उपलब्ध कराई जा रही है ताकि भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी श्रमिकों को दीपावली पूर्व बोनस प्राप्त हो सके एवं सभी श्रमिकों को दीपावली पूर्व वेतन भी वितरित करने के लिए यूनियन संयंत्र प्रबंधन से चर्चा कर दिलवाने का प्रयास कर रही है भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग एवं ठेका प्रकोष्ठ के महाप्रबंधक जे एन ठाकुर एवं उप महाप्रबंधक विकास चंद्र एवं ठेका प्रकोष्ठ विभाग भी, सभी कंपनी एवं ठेकेदारों से यह सुनिश्चित करवा रही है कि दीपावली पूर्व वेतन एवं बोनस वितरित हो जाए जिससे श्रमिकों के परिवार अच्छे से दीपावली मना सके। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा की यूनियन की मांग को उच्च प्रबंधन ने सकारात्मक लेते हुए दीपावली पुर्व बोनस दिलवाने को सुनिश्चित किया और आगे भी श्रमिकों की समस्या जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया है एवं बहुत सी समस्याओं का सुधार भी हो रहा है। जिससे श्रमिकों में सुरक्षा की भावना पैदा हुई है एवं उनका मनोबल भी बड़ा है जहां पर बोनस वितरण नहीं होगी इसकी सूचना यूनियन ऑफिस जाकर जरूर बताएं ताकि उसे पर कार्रवाई करके बोनस वितरण कराया जा सके। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह, आर दिनेश, मनोहर लाल, सुरेश, श्याम, कुवर, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, गुलाब दास, रिखीराम साहू, जयराम ध्रुव, संतोष ठाकुर, कान्हा इंद्रमणि, जय कुमार, सुरेश कुमार टंडन, कामता प्रसाद, बलराम वर्मा कुलेश्वर कुमार एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।



# फेरो स्क्रैप द्वारा रिसाली में सतर्कता निबंध प्रतियोगिता

**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार फेरो स्क्रैप निगम द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रिसाली में जगजीत सिंह धीर प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य एवं प्रभाकर सिंह ठाकुर उप-महाप्रबधंक सतर्कता, शिवदत कुमार चौबे, वरिष्ठ प्रबंधक के विशेष आतिथ्य में सतर्कता निबंध लेखन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विशेष अतिथि प्रभाकर सिंह ठाकुर ने बताया कि सतर्कता जागरूकता क्यों आवश्यक है, और इसे अभियान के रूप में घर, परिवार, समाज से प्रारंभ कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन सुनिश्चित करे। तो भ्रष्टाचार जड़ से समूल नाश हो सकता है। विशेष अतिथि शिवदत्त कुमार चौबे ने कहा कि-भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति विधार्थियों में जागरूकता लाने के उददेश्य से विद्यालय में ऐसे आयोजन किए जाते हैं, जीवन में नैतिक मूल्य सर्वोपरि है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए हमें दृढ़ संकल्प होकर भ्रष्टाचार के खिलाफजन आंदोलन को अनवतर एक अभियान के रूप में मुख्य अतिथि जगजीत सिंह धीर ने कहा कि समस्या है तो उसका समाधान भी है। सभी नैतिम मूल्यों का पालन करते हुए कार्य करें तो निश्चय ही हम अपने देश को समृद्ध और सशक्त बना सकते हैं। निर्णायक मंडल में सुश्री पारस सिंह, पुष्पा सिंह, सुषमा सिंह, पलविंदर कौर, रश्मि चंद्राकर, संजय देशमुख ने महती भूमिका का निर्वहन किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम-माधवी यादव, द्वितीय-राघिका साहू, तृतीय-ऋषभ, सांत्वना-अमृतांश को मुख्य अतिथि जगजीत सिंह एवं कार्यक्रम विशेष अतिथि प्रभाकर सिंह ठाकुर, शिवदत कुमार चौबे के द्वारा से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मेनुका श्रीवास्तव एवं धन्यवाद राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने किया।

# जिले में डेंगू का कोई प्रकरण नही मिला

**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 8 नवम्बर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या 2 है। संभावित डेंगू मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मॉस्किटों सोर्स रिक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाईए चरोदाए रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।

# विधायक की विभिन्न वार्डों में पहुंची विकास यात्रा



## जनसम्पर्क में सहयोग का दावा

**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक और कांग्रेस के प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा निकाल रहे है। इसी के साथ ही अब विधायक श्री यादव आम सभा भी ले रहे हैं। विधायक श्री यादव ने हुडको, सेक्टर 1, सेक्टर 4, सेक्टर 3, सेक्टर 6, में विश्वास यात्रा निकाली। इसके अलावा काली मंदिर के पास वार्ड 49 खुर्सीपार, वार्ड 38 शास्त्री मार्केट, वार्ड 51 राजेंद्र प्रसाद नगर, वार्ड 43 बापू नगर में आम सभा ली। जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और जीत का अशीर्वाद दिए। जनता ने श्री यादव पर पूरा विश्वास जताया और अपना भारी समर्थन दिया। सिर्फ यही नहीं हुडको के लोगों ने विधायक श्री यादव का स्वागत किया। पुष्प भेंट किए और कई जगह पर पुष्प वर्षा भी की गई। इस दौरान विधायक श्री यादव डोर टू डोर जनसंपर्क किए। लोगों से मिले, सभी परिवार का हालचाल पूछा। बड़े बजुर्गों को प्रमाण किए। युवाओं से हाथ मिला, और गले मिलकर अभिवादन किए। हजारों की संख्या में युवाओं की टीम भी विश्वास यात्रा में पूरे विश्वास के साथ घूम रही है। कई जगह पर विधायक का लोगों ने स्वागत किया। पुष्प अर्पित किए और विजय तिलक लगाकर आरती उतार कर माताओं और बहनों ने विधायक श्री यादव को जीत का आशीर्वाद दिए। इसके बाद जब आम सभा हुई। जहां विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म। आप सभी का प्रेम और विश्वास ही मेरी असली पूंजी है। हमेशा से भिलाई की जनता का प्रेम और आशीर्वाद मुझे मिलते रहा है और मुझे पूरी उम्मीद है कि आगे भी यह प्रेम और विश्वास बना रहेगा। आप लोगों ने मुझे सेवा का मौका दिया। हमने और हमारी कांग्रेस की सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में चहुमुखी विकास हुआ है। हमारी सरकारी ने हर परिवार का राशन र्ड बनाया। हर जरूरमत को पट्टा योजना का लाभ दिए। पूरे प्रदेश में बिजली बिल हाफ की योजना लागू किए। खेल को बढ़ावा देने और खुर्सीपार के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और खेल सुविधा देने राजीवगांधी स्टेडियम, नेशनल स्तर का इंडोर स्टेडियम बनवाएं। हुडकों में भी बड़ा खेल मैदान बनवाएं है। सिर्फ यही नहीं हर वार्ड में बैंडमिटन कोर्ट बनाया गया। गरीब परिवार जो अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में नहीं पढ़ा पा रहे थे, उनके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू किए। ऐसे कई विकास कार्य भिलाई में हुए। भिलाई विधायक पद के कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी देवेन्द्र यादव ने बताया कि आज भिलाई की जनता उनके द्वारा किये गये विकास कार्यो से जनता काफी संतुष्ट है। उन्होने के कहा कि भिलाई आने वाले समय में विकास को लेकर प्रदेश में सबसे सुन्दर सिटी के रुप में पहचानी जायेगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि उनकी विकास यात्रा में लोग स्वयं शामिल होकर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य कर रहे।

# प्रकाश लेंगे आज आमसभा

**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश अंबेडकर पूर्व सांसद 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे प्रियदर्शी स्कूल मुरूम खदान गधा चौक के पास एक विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। प्रकाश आंबेडकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अधिकृत उम्मीदवार अजहर अली के समर्थन में यह विशाल सभा को संबोधित करेंगे। प्रकाश आंबेडकर अकोला महाराष्ट्र से दो बार लोकसभा सांसद एवं एक बार राज्यसभा सांसद रहे हैं बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ राज्य में उनके समर्थक है। वह इस 2023 के विधानसभा चुनाव में राज्य में पांच विधानसभा सीटों पर चुनाव लडवा रहे हैं। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की स्थापना संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर ने की थी जो पूरे भारत में राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेती है। प्रकाश आंबेडकर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के पौत्र हैं।

# मतदान के प्रति जागरूक करने निगम का निरंतर अभियान

**भिलाईनगर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के नागरिक अभियान में जुड़ रहे हैए इसी के तहत आज टाउनशिप क्षेत्र में महिलाओं ने निर्वाचन विषय पर रंगोली बनाकर 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित किए। मतदान हमारा अधिकार है और स्वच्छ लोकतंत्र के लिए मतदान करना हर मतदाता का नैतिक कर्त्तव्य भी है इसलिए देश के प्रति अपना कर्तव्य को निभाते हुए मतदान करने का संकल्प लिए। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम द्वारा जोन 5 क्षेत्र के सेक्टर 6 स्थित बांके बिहारी डोम शेड में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हुई और जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन विषयो को लेकर रंगोली उकेरे जिसमे आकर्षण का केंद्र चुनई चिरई रहा । महिलाओं ने रंगोली से अलग अलग संदेश दे रहे थे। किसी ने रंगोली से चुनावी मुहर तो किसी ने वोटिंग मशीन की प्रतिकृति उकेरे। कुछ महिलाओं ने सामूहिक रूप से रंगोली बना कर बताया आई एम प्राउड वोटर, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे भी रंगोली से लिखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर 17 नवंबर को स्वंय तथा अपने घर परिवार और अन्य नागरिकों को भी अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिए। भिलाई निगम क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर भिलाई निगम का द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 9 नवंबर को घड़ी चौक सुपेला में दीपो श्रृंखला सजा कर 17 नवम्बर को शत प्रतिशत मतदान का संदेश देंगे और दिपोत्सव मनाया जाएगा।

# किशोर-किशोरी स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी



**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुगदा विकास खंड पाटन में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य एस के देवांगन ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 सेक्टर सुपरवाइजर सैय्यद असलम एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास ओर नान मेडिकल आसिटेट जे डी मानिकपुरी की टीम ने कक्षा 11वी 12वी के छात्र छात्राओं को किशोर एंव किशोरी स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्रदान किया। एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास ने बताया कि एक आयु के बाद लड़कियों को माहवारी आना स्वाभाविक प्रक्रिया है। इस दौरान स्वच्छता कैसे रखना चाहिए सेनेटरी नेपकिन का उपयोग का महत्व एंव अत्याधिक रक्तश्राव होने पर अपने मां, बड़ी बहन, भाभी ओर दादी से चर्चा कर चिकित्सा अधिकारी को सम्पर्क करना चाहिए। वहीं सेक्टर सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि किशोर किशोरियों के हार्मोन्स परिर्वतन होने की आयु है शरीर स्वस्थ रहने से पढ़ाई में ध्यान लगता है छात्र छात्राओं को उर्जावान व गति शील रहने शाला में वितरण विप्स आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का उपयोग करके एनीमिया खून की बचाव करें। योग करें, खान.पान अच्छा रखें, तंबाकू ओर नशा से दूर रहने की हमेशा अपनी जीवनशैली में आदत डालें, क्योंकि विभिन्न बीमारियों की जड़ तंबाकू ओर नशा है। व्याख्याता सी एल शर्मा ओर व्याख्याता ओ पी शुक्ला ने छात्रों को कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार ओर स्वास्थ्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण बिंदु है इस अवसर पर छात्र छात्राओं के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया। जिसमें प्रथम स्थान शिवानी पंडित, द्वितीय पुरस्कार सीमा जोशी एंव तृतीय पुरस्कार लक्की साहू रह। प्रभारी प्राचार्य एस के देवांगन ने कहा ऐसे कार्यक्रम से छात्र छात्राओं का मानसिक विकास स्वास्थ्य के प्रति सचगतआ ओर मनोबल बढ़ता है कार्यक्रम में हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर कुगदा के देवेन्द्र राजपूत, आर विश्वास श्रीमती पी शर्मा उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदेश के कांग्रेस सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई

## कॉग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील भी की



**कुम्हारी,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार के पक्ष में मतदान हेतु लोक कलाकारों द्वारा कुम्हारी के विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की वर्तमान योजना एवं भविष्य की नवीन योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही अधिक से अधिक तादाद में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की भी अपील की गई। इस नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में वार्डवासी सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस बीच राजेश्वर सोनकर, राकेश ठाकुर, किरण चंद्राकर, प्रशांत शुक्ला, अश्वनी साहू, मनीष बंछोर, पुरषोत्तम तिवारी, नरसिंह चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, नरेश सागरवासी, ललित सिंह राजपूत, लेखराम साहू, देवानंद साहू एवं दिलीप साहू ने संबोधित किया।

# मशाल रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक




**भिलाईनगर,** 7 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी 17 नवम्बर को विधानसभा चुनाव के दिन हर मतदाता अपने नैतिक कर्तव्य को निभाते अनिवार्य रूप से मतदान करने को लेकर जागरूकता हेतु मशाल रैली निकाली। चुनाव के दिन शत प्रतिशत मतदान के लिए सैंकड़ों की संख्या समूह की महिलाए निगम के कर्मचारी एकत्र हुए और नारा लगाते हुए मतदान के प्रति जागरूक किये। भिलाई विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम द्वारा जोन-1 में अवंति बाई चौक से वैशालीनगर रोड और जोन-4 में पावर हाउस मार्केट में मशाल रैली निकाला गया। कार्यक्रम में हाथो में मोबाइल टॉर्च और तखती लेकर अनिवार्य रूप से मतदान करते हुए लोकतंत्र को मतबूत करने में अपना सहयोग करने हेतु मतदान हमारा नैतिक कर्तव्य है हम निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर 17 नवंबर को मतदान करने के लिए जागरूक किये। भिलाई निगम क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर निगम का द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# त्यौहार को लेकर पुलिस ने बनाई व्यवस्था

**भिलाईनगर**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। यातायात से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्प नंबर 9479192029 पर संपर्क कर सकते है। राम गोपाल गर्ग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एवं सतीष ठाकुर, सदानंद विध्यराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में आगामी दीपावली धनतेरस त्योहार के दौरान मार्केट क्षेत्र में होने वाली भीड़ को देखते हुए दुर्ग भिलाई को 4 जोन क्षेत्र में विभाजित किया गया है। जिसमें प्रत्येक मार्केट क्षेत्र का एक बीट प्रभारी होगा जो अपने मोटरसाइकिल से लगातार अपने बीट क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुए यातायात व्यवस्था को सरल एवं सुरक्षित बनाने का कार्य करेगा। जिससे मार्केट क्षेत्र में जाम की समस्या उत्पन्न ना हो। यातायात पुलिस द्वारा मार्केट में सामान खरीदी करने आने वाले आम जनता एवं व्यापारियों व स्टॉफ के लिए वाहन पार्किग की व्यवस्था निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है। जिसमें पावर हाउस मार्केट की व्यवस्था जवाहर मार्केट के व्यापारी एवं कर्मचारी अपने वाहन लाल मैदान में खडा करेगें। मार्केट में सामान खरीदने करने आने वाले आम जनता के लिए चार पहिया वाहन ओव्हर ब्रिज के नीचे एवं दो पहिया वाहन मार्केट पार्किग में वाहन खडा कराने की व्यवस्था होगी। मार्केट में त्योहार के दौरान जो पसरा लगाते है जैसे फूल, दीया, मोमबत्ती आदि लगाते है उनके लिए सर्विस रोड में जगदम्बा स्वीट्स से हनुमान मंदिर तक पसरा लगाने स्थान आरक्षित रहेगा। सर्कुलर मार्केट लिंक रोड से आने वाले आम जनता अपने वाहन शासकीय स्कूल पानी टंकी मैदान में खडा करेगें। इसी प्रकार नंदनी रोड एवं शीतला मंदिर क्षेत्र से आने वाले आम जनता अपने वाहन छावनी थाना के पीछे पुलिस मैदान में वाहन खडा करेगें। इंदिरा मार्केट दुर्ग की व्यवस्था व्यापारी अपने वाहन तथा अपने संस्थान में काम करने वाले स्टॉफ की गाडी पुलिस लाईन, महात्मा गांधी स्कूल, एवं मारवाडी स्कूल के मैदान में खडा करेगें। आम जनता जो खरीददारी करने मार्केट आयेगे उनके वाहन पार्किग के लिए सीएसपी कार्यालय परिसर, पशु चिकित्सालय के सामने एवं शनिचरी बाजार के पास रिक्त भूमि में अपने वाहन खडा करेगें। 10 नवंबर से निम्न मार्ग पर चार पहिया वाहन प्रवेश निषेध कर स्टापर लगाकर वाहन डायर्वड किया जावेगा। आकाश गंगा मार्केट की व्यवस्था दुपहिया वाहन से खरीदी करने आने वाले आम नागरिक चार पहिया वाहन से आने वाले आम नागरिक अपने वाहन सर्कस मैदान दक्षिण गंगोत्री में खडा करेगें। सुपेला मार्केट में त्योहार के दौरान जो पसरा लगाते है। सिविक सेन्टर मार्केट की व्यवस्था मार्केट के व्यापारी एवं कर्मचारियों तथा आम जनता के लिए सुलभ शौचालय के पीछे पार्किग स्थल में वाहनों की पार्किग की जावेगी। सेक्टर-6 ए मार्केट की व्यवस्था मार्केट के व्यापारी एवं कर्मचारियों तथा आम जनता के लिए सड़क नंबर 31 पुराना लाल मैदान में पार्किग व्यवस्था की जावेगी। त्यौहार के दौरान लगने वाले पसरा एवं पार्किग में समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं मार्किग की जावेगी।'



# इंडोर हैंडबॉल में छत्तीसगढ़ को मिला कांस्य पदक

**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। 37वीं राष्ट्रीय खेल गोवा म आयोजित इंडोर हैंडबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की पुरुष हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। आज 8 नवंबर को प्रात: 8.30 कांस्य पदक के लिए छत्तीसगढ़ का मुकाबला राजस्थान के साथ खेला गया। जिसमे छत्तीसगढ़ ने मध्यांतर तक 14-11 गोलों की बढ़त हासिल करते हुए राजस्थान को राजस्थान को 32-26 से पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया। छत्तीसगढ़ की ओर से सबसे ज्यादा 10 गोल मोहम्मद आमिर ने किया। इनके अलावा बासा महेश ने 7 गोल, एस.ब्रिटैन सिंह ने 7 गोल, मिथुन ने 3 गोल, व्ही बीनू एवं प्रवीण ने 2-2 गोल तथा फिरोज़ अहमद खान ने 1 गोल किये। छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के महासचिव समीर खान ने 37वी राष्ट्रीय खेल में राज्य की पुरुष हैंडबॉल टीम के खिलाड़ियों एवं अधिकारियो को कांस्य पदक जीतने की बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ की ओर से टीम में शामिल प्रत्येक खिलाड़ियों एवं अधिकारियो को रुपये 5000 नगद राशि देने की घोषणा की है। पुरुष हैंडबॉल टीम के 37 वी राष्ट्रीय खेल में कांस्य पदक जीतने पर छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के महासचिव देवेंद्र यादव, पूर्व महासचिव राजीव मेहता, हैंडबॉल एसोसिएशन, इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आनंदेश्वर पांडेय, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बशीर अहमद खान, मोहन लाल, विनोद चंद्राकर, जी. सुरेश पिल्लई, अरुण सिंघानिया, अभिमन्यु मिश्रा, इमरान अली, वीरेंदर सिंह भाटिया, डी.सुरेश क्रिस्टोफर, आशीष यादव, जितेन्द्र तिवारी, एस.के.डी. मिश्रा ने बधाई दी है।

## कवर्धा की जनता ने लड़ा मुक्तिसंग्राम, जीत तय : विजय शर्मा

**कवर्धा।** विजय शर्मा ने निर्वाचन उपरांत कहा यह पुरा चुनाव कवर्धा के लिए मुक्ति संग्राम था जिसे जनता ने लड़ा ,जन आंदोलन की तरह गाँव गाँव से लोगो ने भय, भ्रष्टाचार और दबाव की राजनीति से मुक्त कराने के लिए मतदान किया है ।



# एसपी ने देवकर नाका/चेक पोस्ट का निरीक्षण कर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**बेमेतरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए लगातार बाहर से आने-वाले बलों की रुकने की व्यवस्था व चेक पोस्ट एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। जिसके तहत आज दिनांक 08.11.2023 को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत नवकेशा चौक देवकर स्थित नाका/चेक पोस्ट का निरीक्षण कर वहां पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही मतदान केन्द्र स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कुल देवकर एवं शासकीय पू.मा.शाला सहसपुर का निरीक्षण किया। उन्होने साफ-सफाई, पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यकताओं को पूरा करने एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने तथा मतदान केन्द्रो में तैनात किये जाने वाले बलों के मुलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखने के निर्देश दिए। साथ ही बाहर से आने वाले पुलिस बल की रुकने की व्यवस्था हेतु अंबेडकर भवन (सर्व समाज मांगलिक भवन) देवकर का निरीक्षण किया। साफ-सफाई, पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक यशवंत जंघेल, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी देवकर आर. सी. तिवारी, नवकेशा चौक देवकर नाका/चेक पोस्ट स्स्ञ निगरानी टीम अधिकारी निलेश साहू ग्रामीण कृषि विस्तारक अधिकारी एवं अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।



**मतदान केन्द्रों एवं स्ट्रांग रूम किया निरीक्षण एवं दिए**

7.11.2023 को विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने मंडी परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम सुरक्षाएवं विधान सभावार मतपेटी वितरण एवं मतगणना के दौरान लगने वाले सावधानियों के बारे में चर्चा कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही मतदान केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी, शासकीय कन्या शाला बेमेतरा एवं नवीन शासकीय प्राथमिक शाला सिरवा बांधा रोड स्कुल का निरीक्षण किया। उन्होने साफ-सफाई, पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यकताओं को पूरा करने एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा एवं अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

# कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्विघ्न व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया

**राजनांदगांव,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की चारों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया। स्काउट-गाईड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाई गई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं हो पाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्वसहायता समूह, सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनका कार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## डॉ. रमन ने मतदाताओं, प्रशासन, सुरक्षा में लगे जवानों, मीडिया व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया



**राजनांदगांव,** 8 नवंबर। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डा रमन सिंह ने कल संपन्न विधानसभा चुनाव में पार्टी के सभी देवतुल्य निष्ठावान कार्यकर्ताओ, सुरक्षा बल के जवानों, निर्वाचन अधिकारियो, जिला प्रशासन , पुलिस प्रशासन , मीडिया से जुड़े व्यक्तियों और विशेष कर विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओ जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न करने में अहम भूमिका का निर्वहन करते हुए बढ़ - चढ़कर भाग लिया । उन सबके प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री सिंह ने सभी मतदाताओं को यह विश्वास दिलाया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगांव के विकास के लिए समर्पित होकर देश के प्रधानमंत्री *मोदी जी की गारंटी* के साथ ही भाजपा की अंत्योदय की विचारधारा पर चलकर च्च सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास च्च से संकल्पित होकर छत्तीसगढ़ राज्य को देश के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने हेतु सतत प्रयास करूंगा।

# गंडई पुलिस ने छापा मारकर दो लाख का फटाका जप्त किया



**गंडई पंडरिया,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। गंडई पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से अपने दुकान में फटाका छुपाकर रखने वालो के उपर कार्यवाही कर कुल 21 कार्टुन में भरे लगभग 02 लाख रूपये के फटाका को जप्त किया है। साथ ही आरोपीयों के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत् कार्यवाही किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनाक 8 नवंबर को गंडई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अवैध रूप से फटाका बिक्री करने के मकसद से अपने दुकान/गोदाम में फटाका छुपाकर रखा है। गंडई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गंडई थाना प्रभार निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना गंडई स्टाफ द्वारा दुकान/गोदाम में जाकर रेड कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में संतोष छबिलानी पिता स्व. ईदनदास छबिलानी उम्र 45 साल साकिन वार्ड नं. 10 कुम्हारपारा गंडई एवं प्रमोद जायसवाल पिता स्व. प्रकाश चंद जायसवाल उम्र 40 साल साकिन वार्ड क्र. 07 गंडई। आरोपियों के कब्जे से कुल 21 कार्टुन में भरे लगभग 02 लाख रूपये के फटाका मिला फटाका रखने के सबंध में वैद्य दस्तावेज नही होने से दुकान में मिले 21 कार्टुन फटाका को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 286 भादवि 9(ख) 1(ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत् कार्यवाही किया गया है।

# लालबाग पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9 लीटर शराब जप्त की

**राजनांदगांव,** 8 नवंबर। लालबाग पुलिस ने अवैध शराब की धरपकड़ करते हुए शहर के निकट ग्राम बरखा मोड़ पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय के समीप अवैध शराब की बिक्री कर रहे आरोपी को धर दबोचा है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के अभियान के तहत 08 नवंबर बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में थाना स्टाफ व पेट्रोलिंग पार्टी को ग्राम पेण्ड्री की ओर रवाना किया गया था तो मुखबीर की सूचना पर पाया गया कि अटल आवास पेण्ड्री निवासी शेख रमजान पिता शेख रहीम ग्राम बरगा मोंड़ यात्री प्रतिक्षालय के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है । जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस द्वारा



आरोपी शेख रमजान पिता शेख रहीम ( 21 साल) ब्लाक नं 15 अटल आवास पेण्ड्री के पास सफेद रंग की बोरी में रखे 50 पौवा देशी प्लेन शराब, कीमत 4000 रूपये तथा शराब बिकी की रकम 300 रूपये जब्त किया ? गया ।आरोपी के विरूद्ध थाना लालबाग मे धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी । उक्त

कार्यवाही में लालबाग थाना प्रभारी श्री गौतम सहित प्रधान आरक्षक, किशोर यादव,आरक्षक राकेश ध्रुव फागु साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# डोंगरगढ़ विधानसभा में कुल 81.93 फीसदी मतदान

**डोंगरगढ़,** 8 नवंबर। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के लिए अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। मतदान में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। मतदान की प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी हुई। मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव में किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दिवस को चारों विधानसभाओं में कुल 81.86 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 80.92 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 82.79 प्रतिशत महिला मतदाता एवं 16.67 प्रतिशत अन्य मतदाता ने मतदान किया। कुल 6 लाख 67 हजार 515 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 3 लाख 29 हजार 2 पुरूष मतदाता, 3 लाख 38 हजार 512 महिला मतदाता एवं 1 अन्य मतदाता शामिल है इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) * में 81.93 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 81.23 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 82.64 प्रतिशत महिला मतदाता ने मतदान किया। कुल 1 लाख 71 हजार 861 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 85 हजार 813 पुरूष मतदाता एवं 86 हजार 48 महिला मतदाता शामिल है।

## निधन

### राम भरोसे



**जगदलपुर,** 8 नवंबर। शहर के शांति नगर वार्ड स्थित होटल रीखा के बगल गली निवासी पंडित राम भरोसे दुबे (82) का निधन मगंलवार की रात साढ़े 9 बजे मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में उपचार के दौरान हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार को उनकी अन्तयेष्टि प्रवीरवार्ड स्थित खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजन,सर्व ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष संजीव शर्मा, भाजपा प्रत्याशी किरण देव,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता,बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक सम्मलित हुए। वे भाजपा के कर्मठ सदस्य पंडित उदय दुबे के पिता व पंडित किरण शुक्ला के श्वशुर थे।

### स्नेहलता साहू



**सरायपाली,** 8 नवम्बर। ग्राम तोरेसिहा निवासी स्नेहलता साहू (97) का आकस्मिक निधन 7 नवंबर मंगलवार को हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम तोरेसिहा में किया गया। वे कोलता समाज के संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू, कृषक ईश्वर साहू की माता व सेवानिवृत्त खेल शिक्षक आरएस साहू की सास पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के सदस्य नरेंद्र साहू आरएस पब्लिक स्कूल के संचालक महेंद्र साहू कोलता समाज झिलमिला शाखा सभा के सुरेंद्र साहू की नानी थी अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिक जन सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

# विस चुनाव के मद्देनजर बेमेतरा पुलिस टीम की अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

**बेमेतरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 07.11.2023 को थाना बेरला क्षेत्र में स्नस्स्ञ निगरानी टीम को सूचना मिला की ग्राम बुचीडीह निवासी बरसाती लाल पवार अपने घर मकान में अवैध रूप से हाथ भट्ठी गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री कर रहा है कि सूचना के अधार पर स्नस्स्ञ निगरानी टीम थाना बेरला स्टाफ व गवाहो के साथ मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जिस पर थाना बेरला में अवैध रूप से हाथ भट्ठी गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी बरसाती लाल पवार पिता रतनू पवार उम्र 53 साल साकिन बुचीडीह थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जप्त 47 लीटर गुड से निर्मित कच्ची शराब कीमती 9,400/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, स्नस्स्ञ निगरानी टीम अधिकारी उप अभियंता राहुल भगत, प्रधान आरक्षक दिनेश मंण्डावी, आरक्षक सुरेन्द्र जांगडे, भुषण मारकंडेय, दिनेश निषाद, तुकाराम निषाद एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

इसी क्रम में दिनांक 07.11.2023 को थाना बेरला में अवैध रूप से हाथ भट्ठी गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी सनत मिर्झा पिता शिवकुमार मिर्झा उम्र 30 साल साकिन सरदा के विरूद्ध 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। कुल जप्त 03 लीटर गुड से निर्मित कच्ची शराब कीमती 600/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।



इसी क्रम में दिनांक 07.11.2023 को थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी बीर सिंह पिता स्वं. गनपत बंजारे उम्र 56 साल साकिन ढारा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। 15 पौवा देशी शराब (2700द्बद्य), किमती 1,650/- रूपये व बिक्री रकम 300/- रूपये, कुल जुमला 1,950/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

इसी क्रम में दिनांक 07.11.2023 को थाना बेमेतरा, खम्हरिया एवं बेरला क्षेत्रांतर्गत बांधा के पास स्ट्रीट लाईट के नीचे विद्यानगर बेमेतरा, ग्राम अगरीखुर्द एवं दुध डेयरी के पास बिजली पोल के नीचे मावलीभाठा में आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना बेमेतरा, खम्हरिया एवं बेरला पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। थाना थाना बेमेतरा, खम्हरिया एवं बेरला में कुल जुआ का 03 प्रकरण दर्ज कर 16 जुआडियानो 1. दिनेश वर्मा उम्र 41 साल 2. मलेश वर्मा उम्र 40 साल साकिनान वार्ड नं. 02 विद्यानगर बेमेतरा 3. गोविंदा तापडिया उम्र 34 साल साकिन वार्ड नं. 16 गस्ती चौक बेमेतरा जिला बेमेतरा, 4. रोहित चंद्राकर उम्र 32 साल 5. टेकराम देवांगन उम्र 28 साल 6. दशरथ निषाद उम्र 40 साल 7. सियाराम निषाद उम्र 32 साल 8. प्रेमलाल निषाद उम्र 24 साल 9. दिनेश निषाद उम्र 28 साल साकीनान अगरीखुर्द थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा, 10. शोभित यादव उम्र 23 साल 11. प्रेमलाल देवांगन उम्र 25 साल 12. अजय साहू उम्र 25 साल 13. प्रदीप कुमार वर्मा उम्र 21 साल 14. बेनू साहू उम्र 42 साल 15. लक्की ठाकुर उम्र 21 साल 16. धनेश साहू उम्र 20 साल साकिनान मावलीभाठा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 27,340/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि संतोष ध्रुर्वे, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

इसी क्रम में दिनांक 07.11.2023 को बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 12 चालान में 12 व्यक्ति, थाना नवागढ 14 चालान में 14 व्यक्ति, थाना नांदघाट 09 चालान में 09 व्यक्ति, थाना साजा 11 चालान में 11 व्यक्ति, थाना बेरला 03 चालान में 03 व्यक्ति, थाना परपोडी 06 चालान में 06 व्यक्ति, चौकी देवकर 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी मारो 04 चालान में 04 व्यक्ति, चौकी कंडरका 02 चालान में 02 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 03 चालान में 03 व्यक्ति, कुल 69 चालान में 69 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 69 प्रकरण में कुल 23,600/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

इसी क्रम में दिनांक 07.11.2023 को बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना साजा 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना दाढी 05 प्रकरण में 10 व्यक्ति, थाना परपोडी 02 प्रकरण में 05 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी कंडरका 03 प्रकरण में 06 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 02 प्रकरण में 05 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 110,107,116 (3), जा.फौ. के तहत कुल 18 प्रकरण में 32 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।



**डोंगरगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विगत दिनों नगर आगमन होने पर न पा नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, पार्षद हरीश मोटघरे व भाजपा मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने आत्मीय स्वागत किया ।

# गोयल दाल मिल बना अग्रसेन प्रीमियर लीग सीजन-5 का चैम्पियन

**राजनांदगांव,** 8 नवंबर। दिनांक 6 नवम्बर 2023 को खेला गया मेगा फायनल मैच श्री राम इन्डस्टीज विरूद्ध गोयल दाल मिल के मध्य हुआ जिसमें गोयल दाल मिल की टिम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 10 ओरवरों 148 रनों का विषाल स्कोर खडा किया जिसमें विनय गोयल ने अपनी टिम के लिये षानदार 61 रनों योगदान दिया जिसमें 6 छक्कें तथा 3 चौकें षामिल है तथा नमन अग्रवाल ने विनय गोयल का साथ देते हुये 47 रनों का सहयाग किया जिसमें 5 छक्कें तथा 2 चौके षामिल है तथा अपनी टिम को विजेता बनने की दावेदारी मजबुत की इसके जवाब में श्री राम इन्डस्टीज की टिम इस विषाल स्कोर का पीछा करते हुये 78 रनों पर सिमट गई जिसमें आयुश अग्रवाल ने अपनी टिम के लिये सबसे ज्यादा 45 रनों का यागेदान दिया तथा विजय गोयल ने षानदान गेंदबाजी करते हुये गोयल दाल मिल के लिये 3 ओवरों षानदार गेंदबाजी कि और 4 विकेट लेकर श्री राम इन्डस्टीज को 78 रनों पर समेट दिया। मेगा फायनल के मुख्य अतिथि श्री सुनील अग्रवाल ने विजेता टिम को बधाई देते हुये कहा कि इस इस बडे प्रतिस्प्रार्धा में समस्त अग्रवाल युवकों का षानदार योगदान रहा जिससे कि यह अयोजन एक सफल कार्यक्रम व एक सफल प्रतियोगिता बने अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के समस्त सदस्यों को बधाई देते हुये आगे भी इसी तरह सब को साथ लेकर ऐसे ही आयोजन करते रहने के लिये बधाई एवं प्रेरणा दी। मेगा फायनल से पहले स्थानिय अग्रवाल महिला मंडल की एक प्रदर्षनि मैच का अयोजन किया गया जिसमें महिला मंडल को दो टिमों में विभाजित किया जिनका नाम अग्रसेन रॉकस तथा दूसरे टिम का नाम माधवी रॉकस रखा गया जिसमें अग्रसेन रॉकस ने माधवी रॉकस को 9 विकटो से हराकर विजेता बनी जिसमें प्रियांषी अग्रवाल वुमन आफ दी मैच बनी इस मैच का निर्णय सुपर ओवर के माध्यम से हुआ जिसमें स्वाती अग्रवाल ने षानदार गेंदबाजी की तथा अपने ओवर में 2 विकेट लेकर जीत हासिल कि। समारोह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित ष्याम मोदी तथा प्रसन्ना सुलाने जो कि नागपुर कार्यक्रम के लिये विषेश रूप से आये थे। इस प्रतियोगिता में बेस्ट बल्लेबाज का पुरूस्कार सिद्धार्थ अग्रवाल तथा बेस्ट गेंदबाजी के लिये अवन्त अग्रवाल बेस्ट क्षेत्ररक्षक का पुरूस्कार विजय गोयल तथा फायनल मैच का मैन आफ द मैच नमन अग्रवाल को दिया गया।



इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु अतुल अगव्राल, विनोद अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, डॉ. षिरीश अग्रवाल, आषीश अग्रवाल, विकास अगव्राल, अमित अगव्राल, अंकुर अग्रवाल, तपन जिंदल, प्रतीक अग्रवाल, दिव्यांष अग्रवाल, कृश्णा लोहिया भावेश अगव्राल, अवन्त अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नमन पोददार , मयंक रूगंटा, विकास गोयल, गौरव अग्रवाल, निकुन्ज सिंघल, अर्चित अग्रवाल, आषुतोश अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, अंकित लोहिया, का विषेश योगदान रहा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया गया



**डोंगरगांव,** 8 नवंबर। एक्स रे मशीन का आविष्कारक विलहम कॉनरेड रॉटजन के द्वारा 1895 में किया था उसके इस आविष्कार के लिए 1901 में भौतिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया था इन्हें यहां पुरुस्कार एक्स रे के खोज के लिए दिया गया था ।और तभी से विलहम कॉनरैड रॉटजन के जन्मदिन 08 नवंबर को विश्व रेडियोग्राफी दिवस के रूप में मनाने का निश्चय किया गया था और प्रतिवर्ष पुरे विश्व भर में एक्स रे से जुड़े हुए विभाग में 08 नवंबर को विश्व रेडियोग्राफी दिवस के रूप में मनाते हैं इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में भोज कुमार साहू रेडियोग्राफर के द्वारा एक्स रे कक्ष में अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी के सहयोग से विलहम कॉनरैड रॉटजन के तैल चित्र में पुष्प माला अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर सभी स्टाफ को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस कार्यक्रम में शामिल हुए डां भाविका टंडन,डां अमन साहू मेडिकल आफिसर, सुलोचना रामटेके , बी देवांगन नर्सिंग सिस्टर,जशवंत कोडापे, घनश्याम साहू, लैब टेक्नीशियन विशाल खत्री,काजल फार्मासिस्ट,रोमन सिन्हा, खुशाल साहू, टिकेश्वरी साहू अंजलि साहू ,टी परवीन, रानी ठाकुर, शुभम् गुर्वे, विनीता ठाकुर, बसंत मालेकर ,दुकालदास मार्कण्डेय सहित अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

## भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस पर 12 नवम्बर को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 12 नवम्बर दिन रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

# कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम को किया सील



**■ खैरागढ़ विधानसभा में 82.67 प्रतिशत हुआ मतदान**
**■ सुरक्षा अधिकारी व सीसीटीवी कैमरे से होगी सील्ड स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी**

**खैरागढ़,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर छतीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का चुनाव 7 नवम्बर को संपन्न हुआ मतदान प्रक्रिया की समाप्ति के पश्चात खैरागढ़ विधानसभा 73 के मतदान में उपयोग किए गए सभी ईवीएम को प्रेक्षक नर्मदेश्वर लाल, कलेक्टर गोपाल वर्मा व राजनीतिक दलों की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा में स्ट्रॉन्ग रूम को सुबह सील बंद किया गया। वही डोंगरगढ़ विधानसभा 74 के आंशिक मतदान केंद्र के सभी सील्ड ईवीएम को सुरक्षित राजनादगांव स्ट्रॉन्ग रूम के लिए रवाना किया गया। खैरागढ़ विधानसभा में पुरुष 82.83 व महिला 83.11 के साथ कुल 82.67 प्रतिशत मतदान हुआ। केसीजी जिला कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार खैरागढ़ विधानसभा क्रमांक 73 में स्वीप कार्यक्रम की प्रेरणा से 219737 मतदाताओं में से 181657 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमे पुरुष मतदाताओं ने 82.23 प्रतिशत व महिला मतदाताओं ने 83.11 प्रतिशत मतदान किया है। विधानसभा में कुल 82.67 प्रतिशत मतदान हुआ। खैरागढ़ विधानसभा में सर्वाधिक मतदान का प्रतिशत 94.57 दुल्लापुर बूथ क्रमांक 50 ग्रामीण रहा। यहां कुल वोटर 516 में 488 ने मतदान किया। इसमें पुरुषों का प्रतिशत 95.06 व महिलाओं का 94.14 रहा। जबकि खैरागढ़ विधानसभा में न्यूमतम मतदान 63.61 प्रतिशत रहा। छुईखदान के बूथ क्र 151 शहरी में यहां कुल मतदाता 1352 में से 860 ने मतदान में भाग लिया। इनमे पुरुषों का प्रतिशत 68.01व महिलाओं का प्रतिशत 59.89 रहा। खैरागढ़ के पिपरिया स्थित स्ट्रांग रूम में सामान्य प्रेक्षक नर्मदेश्वर लाल, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा में 8 नवंबर के सुबह सील बंद करने की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई। स्ट्रॉन्ग रूम में खैरागढ़ विधानसभा क्रमांक 73 के 283 मतदान केंद्रों में उपयोग किए गए सभी ईवीएम को सील करके कड़ी सुरक्षा व सीसीटीवी कैमरे की 24 घंटे की सतत निगरानी में रखा गया है। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 के 97 मतदान केंद्रों के सभी सील्ड ईवीएम को सुरक्षित राजनादगांव स्ट्रॉन्ग रूम के लिए रवाना किया गया। डोंगरगढ़ के 97 मतदान केंद्रों के सभी ईवीएम की मतगणना राजनादगांव में की जाएगी। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 3 दिसंबर 2023 को खैरागढ़ में मतगणना राजनीतिक दलों की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम में खोली जाएगी। तब तक खैरागढ़ विधानसभा के 283 मतदान केंद्रों में उपयोग किए गए सभी ईवीएम को कड़ी सुरक्षा व सीसीटीवी कैमरे की सतत निगरानी में रखा गया है। ईवीएम को पिपरिया के स्ट्रॉन्ग रूम को सीलिंग के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएस राजपूत, रिटर्निंग अधिकारी प्रकाश राजपूत, राजनीतिक दलों में कांग्रेस के प्रतिनिधि सुनीलकांत पांडे, भाजपा के प्रतिनिधि कृष्णा वर्मा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रतिनिधि व निर्दलीय नरेंद्र सोनी के प्रतिनिधि सहित सुरक्षा में लगे अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आचार संहिता के चलते मातर में रात्रि 10 बजे के पूर्व कराने होंगे आयोजन

**बालोद,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। इस बार आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते मातर की रात आयोजित होने वाले कार्यक्रम रात्रि 10 बजे के पहले ही संपन्न कराने होंगे। आचार संहिता के कारण रात्रि 10 बजे के बाद तेज आवाज में साउंड सिस्टम नहीं बजेंगे जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम या नाच रात्रि 10 बजे के बाद ही शुरू होते हैं ऐसे में यह कार्यक्रम प्रभावित हो सकते हैं। यही वजह है कि अनेक जगहों पर लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व नाच को कैंसिल कर रहे हैं। रति 10 बजे तक आनंदपूर्वक त्योहारों का मजा ले सकते हैं। पांच दिवसीय दीपावली पर्व इस बार 10 नवंबर से शुरू हो रहा है। 10 नवंबर को धनतेरस, 11 नवंबर को नरक चौदस, 12 नवंबर को लक्ष्मी पूजा, 13 नवंबर को रिक्त 14 नवंबर को गोवर्धन पूजा व 15 नवंबर को भाई दूज मातर का पर्व मनाया जाएगा। इसी के साथ एक दिन 16 नवंबर के बाद 17 नवंबर को मतदान होगा। मतदान तिथि तक आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। ज्ञात हो कि 15 नवंबर को अधिकतर जगहों पर मातर का कार्यक्रम होना है। वहीं 2 से 3 माह पूर्व से ही रात्रि मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम लगाए जा चुके हैं। ऐसे कार्यक्रम या तो शाम को 5 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक कराए जा सकते हैं या फिर कार्यक्रम स्थगित कर 17 नवंबर के बाद कराया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा का कार्यक्रम 15 नवंबर को ग्राम सकरौद में आयोजित था जो चुनाव आचार संहिता के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह कार्यक्रम अब किसी विशेष उत्सव में कराए जाएंगे। संस्था के संचालक दुष्यंत हरमुख ने बताया कि इसी तरह से 16 नवंबर को ग्राम राखी में कार्यक्रम आयोजित था लेकिन वहां भी आदर्श आचार संहिता के कारण यह कार्यक्रम स्थगित कर 19 नवंबर को रखा गया है। हालांकि 16 और 17 नवंबर को नांदगांव जिला में इनका कार्यक्रम पूर्व की तरह हो रहा है क्योंकि वहां चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इसी तरह बताया जा रहा है कि कई गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम होना व नाच का आयोजन तय किया गया था जिसे अब स्थगित किया जा रहा है। ग्राम सिब्दी में भी 15 तारीख को आयोजित क्रांतिकालीन कार्यक्रम स्थगित किया जा रहा है। पूरे त्यौहार सीजन में चुनाव और त्योहारी सीजन के कारण पुलिस विभाग द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। पुलिस बल के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स भी पेट्रोलिंग में रहेंगे। कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। बालोद पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव ने सभी लोगों से अपील की है कि चुनाव आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए आनंदपूर्वक त्योहार मनाए। कहीं पर भी आचार संहिता का उल्लंघन ना हो। उन्होंने कहा कि रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी स्थिति में साउंड सिस्टम तेज आवाज में नहीं बजाये जा सकेंगे। सभी थानों व पेट्रोलिंग टीम को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं। कार्यक्रम रात्रि 10 बजे के पहले तक आनंदपूर्वक कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ में मातर का पर दीपावली के पर्व से भी ज्यादा धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व का एक अंग रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होता है। लेकिन इस बार यह कार्यक्रम रात्रि में नहीं हो सकता। अभी भी कई जगहों पर जहां कार्यक्रम स्थगित नहीं किए हैं उनके लिए मौका है कि वहां या तो कार्यक्रम स्थगित कर सकते हैं या फिर रात्रि 10 बजे के पहले यानी शाम 5 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक आयोजन कर सकते हैं। ऐसा करने से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होगा।

# भरोसा बरकरार फिर बनेगी छ ग में कांग्रेस की सरकार: रूपेश दुबे



**■ रमन सिंह की हार सुनिश्चित**

**राजनांदगांव,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने दावा किया कि प्रथम चरण के मतदान से जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में फिर से भरोसे की कांग्रेस सरकार बनने वाली है।

प्रदेश प्रवक्ता दुबे ने कहा कि प्रथम चरण में भाजपा जिस प्रकार से छ ग में नेतृत्त्वहीन है उसी प्रकार भाजपा का प्रथम चरण में खाता खुलने का भी संकट है। रमन सिंह की राजनांदगांव से हार सुनिश्चित है। इसी बौखलाहट में हास्यास्पद एवं हताशापूर्ण मतदाताओं को पैसा वितरण का मिथ्या आरोप लगा कर जनतांत्रिक लोकतंत्र को बदनाम कर रहे है। पिछले 5 वर्ष में कांग्रेस ने न्याय योजनाओं सहित जनहितकारी कार्य से छ ग की दशा में अद्भुत बदलाव किया है कांग्रेस पिछली घोषणा पत्र के साथ वर्तमान घोषणा पत्र से जनता का भरोसा जीता है इसी कारण जनता ने फिर से कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। भरोसे की सरकार को पुन: स्थापित करने जनता ने कांग्रेस के पक्ष में उत्साहपूर्वक मतदान किया है।

प्रथम चरण के शांति पूर्ण मतदान के लिए कांग्रेस पार्टी ने आम मतदाता, निर्वाचन कार्य में संलग्न समस्त अधिकारी कर्मचारियों पत्रकार जगत के साथियों सहित लोकतंत्र के महापर्व में सहयोग प्रदान करने वालो के प्रति आभार सहित धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# मतदान दलों के अधिकारियों का विधानसभावार प्रशिक्षण आयोजित, 9, 10 एवं 11 नवंबर को होगा प्रशिक्षण

**■ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी**




**बेमेतरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों के अधिकारियों का विधानसभावार (विधानसभा 68- साजा, 09- बेमेतरा, 70-मवागढ) का 09 नवंबर, 10 नवंबर एवं 11 नवंबर 2023 को प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। मतदान दलों का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय में विधानसभा 68- साजा का स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय बेमेतरा 7 विधानसभा 69- बेमेतरा का शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा एवं विधानसभा 70- नवागढ का पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के संबंध में निर्देश है की प्रशिक्षण प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किये जायेंगे।

प्रशिक्षणार्थियों के उपस्थिति 02 बार लिया जाना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण में बैठक व्यवस्था दलवार की जावेगी। पोस्टल बैलेट एवं श्वष्ठ्ट की समुचित व्यवस्था पूर्व से कर ली जाये सुविधा केन्द्र उचित स्थान में स्थापित कर ली जाये एवं पर्याप्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगा ली जायें। प्रशिक्षण स्थल में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एक ही सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहकर मॉनिटरिंग एवं व्यवस्था करेंगे। प्रशिक्षण के लिए ईवीएम मशीन प्रात: 9.30 बजे प्रशिक्षण स्थल में पहुंचाने की जवाबदारी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की होगी। समस्त मास्टर ट्रेनर्स अपनी कक्ष के प्रभारी होंगे एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान कक्ष से बाहर बार बार निकलने की अनुमति नहीं देंगे। शांतिपूर्वक प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे। विधानसभा 68 - साजा का स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय बेमेतरा का प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री अरविन्द मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी, बेमेतरा होगे 7 विधानसभा 69- बेमेतरा का शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा का प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री युगल किशोर उर्वशा, संयुक्त कलेक्टर बेमेतरा होगे। विधानसभा 70- नवागढ़ का पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा का प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री सुनील तिवारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी बेमेतरा होंगे।

# निर्दलीय प्रत्याशी मीना का साहू जनसंपर्क अभियान



**बालोद,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। बालोद विधानसभा क्षेत्र की निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभाएं भी ली। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने बालोद विधानसभा क्षेत्र में बेहतर सुशासन के लिए एक बार मौका देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह आपके बीच की ही रहने वाली है। आपकी बहू है बेटी है। आप एक मौका दीजिए मैं आप लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगी। निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू का धुआंधार प्रचार चल रहा है। वे एक दिन में लगभग 20 से 25 गांव में पहुंचकर लोगों से रूबरू हो रही है। उनसे आशीर्वाद ले रही है। मंगलवार को उन्होंने पैरपार, फगुनदाह, उसरवारा, भारीगांव, आनंदपुर, बागतराई, चंदनबिरही, चितौड, बोरीदकला, मुड़खुसरा, मिर्रीटोला, कुम्हारखान, कनेरी, भेजा मैदानी, नवागांव, कुलिया, ढोकला, हडगहन, गुंडरा पारा, मोखा, धानापुरी, ओडेनाडीह, चूल्हापथरा सहीत अनेक गांव में भ्रमण किया।



**बालोद,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। पूरे प्रदेश भर में व्यापारियों को 100 प्रतिशत मतदान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में बुधवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन का आगमन बालोद शहर में हुआ। उन्होंने सभी व्यापारियों को 100 प्रतिशत मतदान करने एवं अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# लीनेश क्लब प्रेरणा की बैठक में पदाधिकारियों का चयन



**बेमेतरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा सदैव से ही सामाजिक कार्य करते आ रहे जैसे फूड फॉर हंगर वृद्धाश्रम में हर त्योहार मनाना जन्मोत्सव एवं उनके सुख-दुख में साथ देना तथा हमेशा की तरह भिक्षुओं के लिए भंडारे का आयोजन व रक्तदान शिविर आयोजित करना व महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक करना जैसे कार्य करते चले आ रहे हैं। जिसके चलते 1 वर्ष बीत जाने के पश्चात दिनांक 07/11/23 को मंथली मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारी का चयन किया गया एवं आय व्यय की जानकारी दी गई नवनिर्वाचित पदाधिकारी का नाम इस प्रकार है

अध्यक्ष पद - श्रीमती विनोद राघव सचिव पद- रामेश्वरी साहू कोषादअध्यक्ष -निधि बनाफर, उपाध्यक्ष-उर्वशी दास, सहसचिव - आरती साहू, सह कोषाध्यक्ष -रानी रवानी इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विनोद राघव रामेश्वरी साहू निधि बनाफर शारदा तिवारी उमा तिवारी शशि तिवारी उर्वशी दास मुमताज रवानी कनक लता मिश्रा वर्षा गौतम ललिता साहू आरती साहू मौजूद रहे।

# तीनो विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थीयों के व्यय निरीक्षण एवं पंजी की जाँच के लिए अलग-अलग तिथि निर्धारित

**बेमेतरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। व्यय प्रेक्षक श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय/निर्वाचन व्यय पंजी की जाँच एवं निरिक्षण हेतु तीनो विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थीयों के व्यय निरिक्षण के लिए अलग अलग तिथि निर्धारित की हैं 7 इसी क्रम में साजा विधानसभा क्षेत्र 68 के अभ्यर्थीयों के व्यय निरिक्षण के लिए 10 एवं 14 नवंबर, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थीयों के लिए 10 एवं 14 नवंबर तथा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थीयों के लिए 11 एवं 15 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई हैं 7 तीनो वि.स. क्षेत्र के संबंधित अभ्यर्थी कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा के कक्ष क्रमांक 03 में निर्धारित तिथि पर प्रात: 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन समय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे 7 ज्ञात हों की व्यय पंजी जाँच एवं व्यय निरिक्षण निर्वाचन नियमों के अनुरूप व्यय लेखों का संधारण किया जायेगा। हर एक प्रत्याशी निर्वाचन गतिविधि अथवा प्रचार-प्रसार से जुड़े सभी व्यय का लेखा-जोखा अनिवार्य रूप से संधारित करेंगे। अभ्यर्थी के व्यय लेखा पंजी का निरीक्षण अभ्यर्थी/अभिकर्ता को दैनिक रूप से तथा जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्धारित दर सूची अनुरूप व्यय लेखा संधारित किया जायेगा। सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों को निर्धारित समय व निर्धारित स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत करने व मिलन करने व्यय प्रेक्षक के द्वारा निर्देशित किया गया।

जिन मामलों में अभ्यर्थी अपना दिन प्रतिदिन का लेखा निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करने में विफल हो जाता है और नोटिस दिए जाने के बावजूद यह विफलता बनी रहती है तो ऐसे नोटिस के शामिल किए जाने के 48 घंटों के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा-171(झ) के अंतर्गत एफआईआर दायर किया जाना होता है और निर्वाचन अभियान के लिए अभ्यर्थी द्वारा वाहनों आदि के इस्तेमाल के लिए अनुमति वापस ले ली जाएगी।

# स्थापना दिवस पर विकासखंड डौंडी में लहराया स्काउटिंग का परचम




**डौण्डी,**8 नवंबर (देशबन्धु)। भारत स्काउट गाइड के स्थापना दिवस पर विकासखंड डौंडी में 7 नवम्बर को भारत स्काउट एवं गाइड का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मुकुल के पी साव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी जे एस भारद्वाज के निर्देशानुसार जिला सचिव के एल गजेंद्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकार, डीटीसी सीमा साहू, भुवन सिंहा एवं जिला संघ के समस्त पदाधिकारियों के मार्गदर्शन और विकास खंड सचिव नेमसिंह साहू, संयुक्त सचिव तनुजा बंजारे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विकासखंड स्तर पर डौंडी में सेजेस डौंडी, बालक विद्यालय डौंडी, विवेकानंद विद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना, सड़क सुरक्षा स्वच्छता जागरूकता, स्टीकर वितरण, मतदान जागरूकता का आयोजन किया गया इसमें डौंडी के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर के साथ शिक्षक तनुजा बंजारे, गायत्री देवांगन, मिथिला सिंघारे, कुमारी हेमलता यादव, रमेश नायक उपस्थित रहे, साथ ही प्रत्येक विद्यालय स्तर पर विभिन्न आयोजन किया गया, इसमें सेजेस नयाबाजार दल्लीराजहरा विद्यालय सहित घोटिया पटेली, गुदुम सलहे, लिटिल बर्डस अकादमी हाईस्कूल, दल्ली राजहरा सेजेस कुसुमकसा, आदि शामिल रहें, इस कार्यक्रम में लक्ष्मण गुरुंग डॉली मेश्राम, संजुक्ता भंज, अन्नपूर्णा ध्रुव, मुकेश धनगुन, लोकेश बंदे, कुमुदनी साहू, पंकज तिवारी, राहुल बेलचंदन, नरोत्तम यदु, और अन्य सभी शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा, इस कार्य हेतु समस्त संस्था के प्राचार्यों ने बधाई प्रेषित की है।

# कलेक्टर ने जेवरा और नांदघाट धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**बेमेतरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने आज ख़रीफ़ विपणन वर्ष 2023-24 के धान ख़रीदी के आठवें दिन बेमेतरा ज़िले के जेवरा और नांदघाट धान उपार्जन केंद्र पहुँच कर समर्थन मूल्य पर की जा रहीं धान खरीदी की का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता के संबंध में उपार्जन केंद्र में मौजूद कर्मी से अब तक की गयी धान ख़रीदी की जानकारी ली इसके साथ धान विक्रय करने आये किसानों से बात की। उन्होंने केंद्र में संधारित की जा रही पंजियों का भी अवलोकन किया। धान की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड अनुसार धान खरीदी की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री एल्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी दशा में धान खरीदी में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए सतर्क रहे। अवैध धान परिवहन पर सख़्त कार्रवाई करें। धान खरीदी के कार्य में गड़बड़ी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रहे और गंदगी किसी भी दशा में ना रहे। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में अलग से फड़ बनाने की आवश्यकता हो वहां शीघ्र ही फड़ का निर्माण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। अभी धान की आवक में कमी है। आने वाले समय में धान की आवक बढ़ेगी, इसे ध्यान में रखते हुए आपकी जिम्मेदारी और बढ़ जाएगी इसे ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी के साथ धान खरीदी के कार्य में अपना योगदान दें।

बीते 1 नवंबर से पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा ज़िले के धान ख़रीदी केंद्रों में ख़रीफ़ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुईं आज शुरुआत में ज़िले के 106 धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। पहले दिन 448 पंजीकृत किसानों का टोकन कटा था।

धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन की ओर से किसानों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। शुरुआत दिन फिलहाल मझले किसानों को प्राथमिकता से धान बेचने का मौका दिया गया है। पहले दिन कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज धान खरीदी के शुरुआती दिन जायजा लेने सबसे पहले बेमेतरा कृषि उपज मंडी केंद्र, पहुँचे थे।

# प्रेक्षक कृष्णा ने किया संगवारी मतदान केंद्र का निरीक्षण




**बेमेतरा,** 8 नवबंर (देशबन्धु)। ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री अभिशेक कृष्णा ने आज बुधवार को जिले के विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के संगवारी मतदान केंद्र झाल नवलपुर, अंधियारखोर का अवलोकन किया। विधानसभा निर्वाचन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए ज़िले के तीनों सभी विधानसभा क्षेत्रों में दस-दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाये गये है।

इन मतदान केन्द्रों में मतदान दल और सुरक्षा बल सहित अन्य स्टाफ महिलाएं होंगी। संगवारी मतदान केन्द्रों पर महिलाएं ही पीठासीन अधिकारी और मतदान से संबंधित अन्य कार्य करेंगी। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी महिला सुरक्षा बल को सौंपी जाएंगी। इनके साथ ही पोलिंग बूथ की निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की वीडियो रिकार्डिंग और फोटोग्राफी महिलाओं द्वारा की जाएगी।

प्रेक्षक श्री कृष्णा ने संगवारी मतदान केंद्र में सभी ज़रूरी मूलभूत सुविधाएं देखी। ख़ासकर बिजली-पानी और शौचालय आदि के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी देखी। पूरे छत्तीसगढ़ के ऐसे विधानसभा क्षेत्र जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है और पिछले निर्वाचन के दौरान कम मतदान हुआ है, उन क्षेत्रों में विशेष रूप से संगवारी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इस तरह प्रदेश में 900 संगवारी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे।

प्रेक्षक श्री कृष्णा ने अंधियारखोर के सरकारी स्कूल के बच्चों से स्नेह भरी बातचीत की।बच्चों से पढ़ाई-लिखाई की बात की। बच्चों नाम पूछा और अपना नाम और काम बताया। शिक्षकों से से भी शिक्षा संबंधी और मतदान केंद्र की व्यवस्थों की जानकारी ली।

उल्टा पुल्टा

पुत्र (पिता से)- पापा मैं इतना बड़ा कब हो जाऊंगा कि मम्मी से बिना पूछे घर से बाहर जा सकूं।

पिता (ठंडी सांस लेते हुए)- बेटा, इतना बड़ा तो अभी मैं भी नही हुआ हूं।

## संपादकीय

# चुनाव प्रचार में मुद्दों पर बात हो

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान मंगलवार को सम्पन्न हो गया जिसके अंतर्गत बस्तर सम्भाग की 10 और दुर्ग सम्भाग की 10 सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है और इन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कौन करेंगे, यह 3 दिसम्बर को ही पता चल पायेगा।

बहरहाल, एक ओर जब इन 20 सीटों के लिये मतदान जारी था, तब प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी राज्य के सूरजपुर में आम सभा कर रहे थे। कायदे से तो उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिये और नैतिक मानदंड स्थापित करते हुए मंगलवार का दिन छोड़ना चाहिये था ताकि 20 सीटों पर मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। कहने को तो कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भी बालोद व कुरूद में सभाएं लीं लेकिन आचार संहिता के पालन में उदाहरण पेश करने की जिम्मेदारी व नैतिक कर्तव्य पीएम का है क्योंकि वे कार्यपालिका प्रमुख हैं। हालांकि जब से मोदी ने यह पद सम्भाला है, वे अनवरत चुनावी प्रचार में रत रहते हैं- चाहे चुनाव हों या न हों। इस तरह के कई खराब उदाहरण वे पेश कर चुके हैं कि किसी राज्य के एक हिस्से में चुनाव हो रहे होते हैं और मोदी दूसरे क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करते पाये जाते हैं। जहां कई चरणों में चुनाव होते हैं, वहां अक्सर यह स्थिति देखने को मिलती है। उन्हें इस बाबत अपनी आलोचना की कोई फिक्र नहीं होती और न ही उनकी अंतरात्मा उन्हें ऐसा करने से रोकती है।

उनके भाषणों की बात करें तो वे ज्यादातर मुद्दाविहीन होते हैं। विषयवस्तु में केवल विपक्ष को वंशवाद व भ्रष्टाचार के नाम पर गरियाने और उन पर घिसे-पिटे आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं होता। अपने भाषणों में वे अपने पद की प्रतिष्ठा व मर्यादा का बिलकुल ध्यान नहीं रखते। विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों में वे जब जाते हैं तो वहां की सरकार पर आधारहीन आरोप लगाने में कोई आगा-पीछा नहीं देखते। उन्हें इस बात से भी मतलब नहीं रहता कि जो बात वे कह रहे हैं उसकी पुष्टि के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत करें। छत्तीसगढ़ की ही बात करें तो मोदी यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ केवल भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। इन दिनों वे सट्टेबाजी वाले एप महादेव का बारम्बार उल्लेख कर बतला रहे हैं कि उसके लाभार्थी भूपेश बघेल ही हैं। उनकी देखा-देखी भाजपा के अन्य केन्द्रीय तथा स्थानीय नेता भी बतला रहे हैं कि महादेव सट्टा के 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बघेल को मिली है इसलिये वे इसे बचा रहे हैं। मोदी कभी उन्हें जेल में डालने की बात करते हैं तो अन्य आरोप लगा रहे हैं। सभी को जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करना ज़रूरी है।

# राजिम विधानसभा में इस बार जबरदस्त टक्कर

**राजिम,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा को वैसे तो कांग्रेस का गढ़ माना जाता रहा है तभी भाजपा ने जिन 20 सीटो पर जिसमे भाजपा ज्यादा वोटो से हारी थी ऐसे सीटो को चिन्हित कर 20 सीटो पर प्रत्याशियों की घोषणा चुनाव पूर्व कर दी थी उसमें राजिम की सीट भी एक थी। यहा पर शुक्ल बंधुओं का वर्चस्व बना रहा है जिसे तोड़ने भाजपा को कांग्रेस से जनता का मोहभंग और नाराजगी के स्तर पर प्रतीक्षा करना होता है तब कही जाकर इस अभेद किले को भाजपा ढ़हा पाती है।

दरअसल यह क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री स्व: पं.श्यामाचरण शुक्ल की कर्मभूमि रही है। वे लगातार यहा का प्रतिनिधित्व करते रहे है। संत कवि स्व: पवन दीवान की जन्मभूमि रही इस क्षेत्र में प्रतिनिधित्व के लिए श्यामाचरण शुक्ल और विधाचरण शुक्ल के रहते लोकसभा और विधानसभा में कांग्रेस की टिकट पर शुक्ल बंधुओं का एकाधिकार सा रहा है। जिसमें पवन दीवान जैसे बड़े राजनैतिक कद और लोकप्रिय नेता को भी जीवन भर अवसर की प्रतीक्षा में बीताना पड़ता था। जिसकी टीस हमेंशा पवन दीवान को सालती रही है।

कांग्रेस यहा से स्थानीय प्रत्याशी अब तक नही तलाश पायी है जिसके मूल में एक तो शुक्ल बंधुओं की दावेदारी जिनकी पहुंच सीधे पार्टी आलाकमान से जगजाहिर है। दूसरा यह कि जो उत्तराधिकारी स्थानीय स्तर पर दावेदार नजर आते है उनका भी



**स्थानीय प्रत्याशी का मुद्दा कांग्रेस पर भारी**

जमीनी पकड़ क्षेत्र में ना के बराबर रही है। पूर्व विधायक रहे स्व: जीवन लाल साहू के परिवार से जो दावेदार है वे अपनी छवी पार्टीमे नही बना पाये। लोकेश पाण्डे और राघोबा महाड़िक भी अपना जनाधार लगातार खो रहे है। इसलिए पैरासूट उम्मीदवार कहे या कांग्रेस की मजबूरी की उसे अब भी अमितेष शुक्ल का विकल्प मिलना दुश्वार प्रतीत हो रहा है और यही वह विषय है स्थानीय प्रत्याशी व सर्वसुलभ जनप्रतिनिधि की जिससे भाजपा जोर-शोर से भुनाने में लगी है। राजिम क्षेत्र के मतदाताओं में इस समय स्थानीय प्रत्याशी को लेकर अप्रत्यासित सा कौतुहल है। कांग्रेस प्रत्याशी और विधायक अमितेष शुक्ल को लेकर क्षेत्र मे नाराजगी है जिसमें उनके पांच साल तक जनता से कटकर रहने को और जनता की पहुंच से दूरी को लेकर क्षेत्र में व्यापक चर्चाओं का दौर चल पड़ा है। राजिम क्षेत्र की जनता का सीधा रूझान इस बार स्थानीय व्यक्ति के नाम से प्रत्याशी रोहित साहू को लेकर काफी चर्चा मे हे

छुरा और फिंगेश्वर अंचल जो विकास की दौड़ में काफी पीछे नजर आते है वहा भी चर्चाओं में आज यह बात उभर कर आ रही है। पूर्व में भाजपा के विधायकों द्वारा जो गड्ढ़ा और खाई निर्मित की गई है जिसे लेकर वे सशंकित भी रहते है। वावजूद स्थानीय पत्याशी की बयार इस बार बह चली है जो 17 नवंबर तक आंधी और बवंडर में बदलती दिख रही है। कांग्रेस का चुनावी मैनेजमेंट अन्दर ही अन्दर चल रहा है इस बार चुनाव बड़े रोचक दौर में प्रतीत होता है।

# मतदान प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने पर 1 कर्मचारी निलंबित और अनुपस्थित रहने पर 18 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**धमतरी,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में विधानसभा क्षेत्र सिहावा के लिए गठित मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 तथा पीठासीन अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण स्थानीय मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज आयोजित किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ॠतुराज रघुवंशी ने उक्त प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने पर मतदान अधिकारी क्रमांक 2 कुलेश्वर ध्रुव, सहायक शिक्षक एलबी, शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक 3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा उक्त अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय होगा।

वहीं बिना किसी पूर्व सूचना या जानकारी के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 18 पीठासीन व मतदान अधिकरियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें पीठासीन अधिकारी व्यख्याता एलबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परखंदा चन्द्रदेव संघारे, व्याख्याता एलबी शासकीय हाईस्कूल बेलौदी नारायण प्रसाद साहू, मतदान अधिकारी क्रमांक 1 छात्रावास अधीक्षक घनश्याम सिंह ढीढी, शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला फुसेरा सुनील कुमार यादव, शिक्षक एलबी माध्यमिक शाला सारंगपुरी संजय टंडन, मतदान अधिकारी क्रमांक 2 शिक्षक एलबी शासकीय कन्या माध्यमिक शाला धमतरी होमप्रकाश साहू, मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सहायक ग्रेड 3 नगरनिगम चन्द्रशेखर मिश्रा, सहायक ग्रेड 3 आदिम जाति कल्याण विभाग नरेन्द्र कुमार ध्रुव, शिक्षक एलबी शासकीय माध्यमिक शाला भखारा निकेश साहू, सहायक ग्रेड 2 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भखारा डेमन कुमार साहू, शिक्षक माध्यमिक शाला भटगांव राकेश सोनबेर, सहायक ग्रेड 2 लोक निर्माण विभाग दीनदयाल साहू, सहायक ग्रेड 2 विद्युत यांत्रिकी भारी संयंत्र गेंदराम ध्रुव, सहायक ग्रेड 3 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सितेश कुमार साहू, सहायक ग्रेड 2 राहुल कछवाहा, सहायक ग्रेड 2 जनपद पंचायत धमतरी रविशंकर सोनी, प्रयोगशाला सहायक शासकीय हाईस्कूल चर्रा गगन ठाकुर और सहायक विज्ञान शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खरेंगा विक्रांत कुमार शांडिल्य शामिल हैं। इन सभी अधिकारी, कर्मचारियों को अपना स्पष्टीकरण उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर तत्काल प्रस्तुत करने कहा गया है।

# कन्या महाविद्यालय की दो छात्राएं कुश्ती में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की करेंगी प्रतिनिधित्व



धमतरी, 8 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता 04 नवंबर 2023 को आयोजित हुआ जिसमें कन्या महाविद्यालय की दो खिलाड़ी प्रतिभागी बनी। प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम वजन वर्ग में बी.कॉम. अंतिम की द्रौपती साहू प्रथम स्थान, 53 किलोग्राम वजन वर्ग में ओमीन साहू बी.ए. द्वितीय वर्ष व 55 किलोग्राम वजन वर्ग में बी.कॉम. अंतिम की वेदकुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्रौपती साहू एवं वेदकुमारी दोनो कुश्ती खिलाड़ी रोहतक हरियाणा में होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता जो कि 09 एवं 10 नवंबर को आयोजित होगा जिसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.आर. चौधरी ने दोनो खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाया और बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना किया साथ ही खेल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर बांधे को बधाई दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. आर. मरकाम, डॉ. जे.एल. पाटले, ओ.पी. चन्दे, राजेश जांगड़े, हुकेश कुमार, दानेश्वर साहू, आकाश साहू, मधु माधव देव, रामचंद सोनी, रोली जांगड़े, पोखराज साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह, पूर्णिमा साहू, तीजन साहू, सुषमा साहू, गीतांजली टंडन, सतीश साहू, किरण चन्द्राकर एवं कार्यालयीन स्टॉफ से डी.पी.गोस्वामी, मोनिका बघेल, अशवंत नेताम, हितेश सौंदर्य, पुरूषोत्तम नाग, सुकमन नेताम, भूपेन्द्र यादव, हर्ष यादव, रेवती साहू, घनश्याम साहू ने बधाई दिया।

# कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू ने किया घर-घर जनसंपर्क

**पलारी/बलौदाबाजार,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू ने अपने जनआशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान विधानसभा क्षेत्र के अमेरा, छेरकापूर, कोनारी, मल्हिन मोहतरा, तिल्दा, ठेलकी, धौराभाठा, सोनारदेवरी, कोसमंदा छडिया बिनौरी, जाकर जनसंपर्क कर जनता से आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क के दौरान संदीप साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने अपनी जनहितैषी नीतियों के चलते लोगों का भरोसा जीता है। राज्य में खेती-किसानी से लेकर उद्योग-व्यापार सहित सभी क्षेत्रों में समृद्धि और खुशहाली आई है। छत्तीसगढ़ कि संस्कृति और परंपरा को संरक्षण और प्रोत्साहन मिला है संदीप साहू ने आगे कहा की प्रभु राम की स्मृतियों को संजोने और संवारने के लिए भूपेश बघेल की सरकार ने रामवनगमन पर्यटन परिपथ का निर्माण किया है कसडोल विधानसभा के तुरतुरीया में भी राम वनगमन परिपथ विकास का काम तेजी से चल रहा है।



इसी कड़ी में सोमवार को पलारी ब्लॉक के ग्राम देवसुंदरा सकरी प गाड़ाभाटा, सेम्हराडीह, पथरचुवा, परसाडीह, बोईरडीह, रेंगाडीह, भालुकोना, मुसुवाडीह, जारा, छेरकाडीह, परसवानी, सकरी, लूटुडीह, खैरा में सघन जनसंपर्क किया। आगे उन्होंने सरकार की आगामी योजना के बारे में जानकारी दी और कहा की भूपेश सरकार जो कहती है उसे करके भी दिखाती है। संदीप साहू के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, तेलघानी बोर्ड सदस्य रोहित साहू, जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, जिला उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकार, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, महामंत्री मेघनाथ यादव, संडी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, गणेश शंकर जायसवाल, प्रवीण धुरंधर, ललित घृतलहरे, उल्लेख साहू, अमृत साहू, सेवा राम निषाद, सेवक साहू, लेखराम गनहरे, बंटी खुटे, बिशेषर वर्मा, महेश बारले, महेश्वरी कुर्रे, जानकी ध्रुव, पुष्प बंजारे, शेरखान, पिंटू वर्मा, ॠषि साहू, सेवती धीवर, संतोष देवांगन, गुलाब यदु, रामस्वरूप वर्मा, पप्पू चंद्राकर, आशीष वर्मा, कुंदन साव, बिसौहा गायकवाड, देवचन डहरिया, कुशल चंद्रवंशी, रामखिलावन साहू, रवि बंजारे, अशोक साहू, इंद्र वर्मा, संतोष साहू, शिवम मिश्रा, संदीप ठाकुर, भूपेंद्र साहू, उत्तम यादव, दीपक वर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जनसंपर्क कर रहे है।

# भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने किया सुहेला क्षेत्र में जनसंपर्क

**बलौदाबाजार,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने सुहेला क्षेत्रांतर्गत विभिन्न ग्रामों में सघन जनसंपर्क क्रमशः फुलवारी, पेंड्री, भटभेरा, मुड़पार सहित बिलईडबरी में किया। जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान क्षेत्र में पहुंचने पर आमजन ने जगह-जगह पर पुष्प गुच्छ भेंट कर बड़ी संख्या में भव्य स्वागत किया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा प्रदेश व बलौदाबाजार में बढ़ते हुए अपराध, भ्रष्टाचार और क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में राज्य सरकार की ओर से कोई विकास कार्य नहीं किए जाने को लेकर उन्होंने प्रदेश के कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाए। श्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बना दिया है। इसके विपरित मोदी जी ने हर गांव के विकास हेतु क्षेत्र के मूलभूत सुविधाओं हेतु राशि भेजी साथ ही हम क्षेत्र में जनाकांक्षाओं के अनुरूप चहुमुखी विकास और अपराध पर रोक हेतु सार्थक कार्य करेंगे।



इन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता को मैं विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र की जनता की आवाज बुलंदी से उठाऊंगा। मैं आप सबको भरोसा दिलाता हूं जिस प्रकार मोदी जी 18 घंटा काम करते हैं वैसे ही मैं अपने क्षेत्र की जनता के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करूंगा। मैं भरोसा दिलाता हूं कि आप लोगों के लिए 24 घंटा उपलब्ध रहकर आप सभी के सुख दु:ख का साथी बनकर खड़ा रहूंगा। इन्होने भाजपा की घोषणा पत्र की जानकारी भी विस्तार से मतदाताओं को दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी बघेल, भाजपा नेता धनंजय साहू, मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया, महामंत्री हेमंत बघमार, धनीराम साहू अनुपम अग्रवाल, मानेश्वरी साहू महिष जांगडे, करण वर्मा, श्री राम वर्मा, केशव साहू, बालाराम साहू, राजेश साहू, रामदुलार सतनामी, सुखनंदन नायक, लीलाधर साहू, निकेश देवांगन, गुलाब बाई, जामुन बंजारे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के आमजन उपस्थित रहें।

# निर्वाचन दायित्व से जुड़े कुल 1 हजार 587 अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान



**डाक मतपत्र के जरिए मतदान करने की अंतिम तिथि 9 नवम्बर**

**धमतरी,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर पाए हैं, ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी गत 7 नवम्बर से डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र के जरिए मतदान कर रहे हैं। इसके तहत अब तक कुल एक हजार 587 अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गौरतलब है कि 7 नवम्बर को सिहावा विधानसभा के 765 अधिकारी, कर्मचारियों ने वोट डाला, वहीं आज कुरूद विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के 822 अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ॠतुराज रघुवंशी के निर्देश पर स्थानीय मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में बनाये गये विधानसभावार सुविधा केन्द्र में मतदान दलों के अधिकारी, कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल एक हजार 587 अधिकारी, कर्मचारी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ॠतुराज रघुवंशी ने बताया कि निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को 9 नवम्बर तक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। निर्वाचन दायित्व से जुड़े शेष सभी अधिकारी, कर्मचारी उक्त तिथि को अपना वोट डाल सकते हैं।

# अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई कर कायम किए गए 3 प्रकरण

**धमतरी,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ॠतुराज रघुवंशी के निर्देश व जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी अमले द्वारा आज कुल 3 प्रकरण कायम कर 58.6 लीटर महुआ शराब, 2800 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया।

इनमें कुरूद के कोपेडीह निवासी डागेश कुमार से 25 लीटर महुआ शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(2) 59(क) के तहत कार्यवाही की गई।



इसी तरह कोपेडीह में 30 लीटर महुआ शराब, 2200 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 34(2) के तहत कार्यवाही की गई। मगरलोड के पाहन्दा निवासी रामसिंह से 3.6 लीटर महुआ शराब व 600 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34 (1) ख, 34(1) च के तहत कार्यवाही किया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उप निरीक्षक लालजी दीवान, निशांत साधु सहित आबकारी और नगर सेना का अमला मौजूद रहा।

# प्रवेश दुबे को बनाया गया सारंगढ़ विस का उप प्रभारी

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 8 नवंबर (देशबन्धु)।



विधानसभा चुनाव 23 को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार सारंगढ़ में चुनाव प्रचार प्रसार हेतु पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रवेश दुबे को विधानसभा उप प्रभारी नियुक्त किया गया है और अविलंब सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र पहुंचकर स्थानीय पार्टी संगठन के पदाधिकारियों क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजनो सहित पार्टी के संगठन के अधिकृत प्रत्याशी से संपर्क एवं समन्वय बनाकर प्रचार प्रसार को गति प्रदान करते हुए पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए अधिकृत किया गया है। विधानसभा सारंगढ़ के प्रवेश दुबे को उप प्रभारी बनाए जाने पर उनके समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# निर्दली प्रत्याशी गोरेलाल साहू ने किया पलारी में जनसंपर्क

**पलारी/बलौदाबाजार,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है राजनीतिक दल के प्रत्याशी जोर शोर से चुनाव मैदान में उतर कर लोगो से सीधा संवाद कर अपने पक्ष में वोट मांग रहे हैं। इसी कड़ी में कसडोल विधानसभा के निर्दली प्रत्याशी गोरेलाल साहू ने पलारी में दल बल के साथ नगर के सभी वार्डो में डोर टू डोर जनसंपर्क कर वोट मांगा। जन संपर्क के दौरान उन्होंने लोगो से आशीर्वाद मांगते हुए अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। वह पलारी नगर के साथ ही क्षेत्र के पलारी सैंडी अमेरा में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। वहीं विभिन्न ग्रामों में भी धुआधार प्रचार किया। वह लोगो से मिलकर गदगद है तथा अपनी जीत के प्रति आश्वस्त है। गोरेलाल साहू वर्तमान



में कसडोल क्षेत्र से जिला पंचायत के सदस्य है। तथा पूर्व में ग्राम पंचायत में सरपंच के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। उन्हें लोगो का जन समर्थन मिल रहा है। वह क्षेत्रीय प्रत्याशी होने की दम भरते हुए उन्होने कहा है कि क्षेत्र के सभी समाज के लोगो का प्यार उन्हें भरपूर मिल रहा है।

# धान खरीदी में जिला प्रदेश में सातवें व उठाव में दूसरे नंबर पर

**गरियाबंद**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य में सतत रूप से धान खरीदी जारी है। जिले में एक नंवबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद अब तक पहले हफ्ते में कुल 132280 चिंटल धान की खरीदी हो चुकी है। सात नंवबर की स्थिति में जिले में 67 समितियां के अंतर्गत 79 उपार्जन केन्द्रो में कुल 5699 किसानो ने अपने धान का विक्रय किया है। जिसमें से 18830 चिंटल धान का उठाव भी हो चुका है। इस साल नए शुरू किए गए जिले के चार नए उपार्जन केन्द्र पोलकर्रा, पीपरछेड़ी, कदलीमुड़ा एवं गुरजीभाठा (अ) में भी धान खरीदी सुचारू रूप से जारी हो गई हैं। वही जिले के 11 उपार्जन केन्द्रो में अब तक धान खरीदी शुरू नही हो सकी है। ज्ञात हो कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु 67 समितियां के अंतर्गत कुल 90 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है।



इधर पहला हफ्ते में बित जाने के बाद धान खरीदी के मामले में समुचे प्रदेश में गरियाबंद जिला सातवे स्थान में है। अब तक प्रदेश के 09 जिलो में धान खरीदी शुरू नही हुई वही 08 जिले ऐसे है जहां पहले हफ्ते में मात्र एक हजार चिंटल की भी धान खरीदी नही हुई। इस लिहाज से देखा जाए तो गरियाबंद की स्थिति प्रदेश के 17 जिलो की तुलना में काफी अच्छी है। जबकि गरियाबंद जिले से आगे इससे दुगुना और तीन गुना बड़े जिले ही है। वही धान उठाव के मामले में भी गरियाबंद जिले की स्थिति प्रदेश के अन्य जिलो की तुलना में काफी अच्छी है। प्रदेश में बालोद के बाद गरियाबंद धान के उठाव के मामले में दूसरे नंबर पर है। वही कई जिलो में अब तक धान का उठाव शुरू नही हो सका है।

उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए कुल चिंटल धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए कुल 88486 किसानो ने पंजीयन कराया है। डीएमओ अमित चंद्राकर ने बताया कि जिले मे सुचारू रूप से धान खरीदी जारी है। किसान धान उपार्जन केंद्रों के अलावा मोबाइल के माध्यम से भी टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप से टोकन प्राप्त कर रहे है।

ज्ञात हो कि इस साल पहली बार प्रति एकड़ 20 चिंटल धान की खरीदी होगी। जिसमें धान कॉमन मोटा का 2183 रुपए एवं धान ग्रेड ए पतला का 2203 रुपए समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। धान बिक्री की राशि किसानों के खाते में 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जा रहा है। जिला विपणन संघ गरियाबंद, जिला सहकारी बैंक गरियाबंद, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाए गरियाबंद एवं खाद्य विभाग गरियाबंद धान खरीदी सफल बनाने में जुटे हुए है।

## बुधवार से बायो मैट्रिक पध्दति से धान खरीदी शुरू

इधर बुधवार से जिले के सभी उपार्जन केन्द्रो में बायो मैट्रिक पध्दति से धान की खरीदी शुरू हो गई है। संभवता गरियाबंद पहला जिला है जहा इस पध्दति के माध्यम से धान खरीदी शुरू हो गई। प्रदेश के कई जिलो में समस्या आने के बाद बायो मैट्रिक को लेकर शिथिल कर दिया गया था।

एक भी प्रकरण दर्ज नहीं - जानकारी के मुताबिक सीमावर्ती क्षेत्रों की मॉनिटरिंग के लिए छुरा में 04, मैनपुर में 11 एवं देवभोग में 15 इस प्रकार जिले में कुल 30 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बनाये गये है, जिसमें अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जिससे कि अवैध धान के अन्य राज्य से आवक को रोका जा सके। हालाकि पहले हफ्ते में एक भी प्रकरण दर्ज नही हुआ है।

# घर से टिफिन लेकर परिवार सहित प्रचार कर रहे अमित बघेल के समर्थक



**खरोरा**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना समर्थित राजनीतिक पार्टी जोहार छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजनीति में नए अध्याय लिख रही है, पार्टी के समर्थक घर से टिफिन लेकर परिवार सहित अपने उम्मीदवार का प्रचार कर रहे हैं, धरसींवा विधानसभा से प्रत्याशी अमित बघेल का खरोरा नगर जनसम्पर्क के दौरान उनके साथ नगर के लेखक पत्रकार गजेंद्ररथ अपने पूरे परिवार के साथ दिखे वहीं छ्यस् के सेनानी चुनावी पर्चा बांट रहे थे, गजेंद्ररथ से बातचीत में उन्होंने बताया कि वे शुरू से ही छत्तीसगढ़ियावादी विचारधारा से प्रभावित हैं छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना से 10 वर्षों से जुड़े हुए हैं और लगातार छत्तीसगढ़िया संस्कृति भाषा व कलेवा-सवांगा को प्रमोट कर रहे हैं, अमित बघेल से उनकी मुलाकात पत्रकारों के एक कार्यक्रम में हुआ उनका कहना है कि अमित बघेल की बातों ने उनके विचारों ने उन्हें बरबस खिंच लिया और तब से वे साथ हो लिए।

## सार-संक्षेप

### पिकअप की ठोकर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**बागबाहरा**, 8 नवंबर (देशबंधु)। बागबाहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुनगासेर के पास नरतोरी मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मारने से घायल हो गया। जिसे इलाज हेतु बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उक्त घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम मुनगासेर के पास नरतोरी मोड़ पर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 एमआर 5536 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर प्रार्थी बाइक सवार युवक को जोर से सामने से टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक जितेंद्र अजगले 22 वर्ष पिता गोवर्धन अजगले ग्राम खोपली पड़ाव बागबाहरा निवासी को गंभीर चोटे आई है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर पिकअप चालक के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# खुरसुला में शराब कोचिया गिरफ्तार



**बिलाईगढ़**, 8 नवंबर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती विनिदिता पाल. अनुभागीय विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में दिनांक 08,11,23 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खुरसुला में रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब हाथ भठ्ठी का बिक्री करने रखे, रंगे हांथ पकड़ा गया। आरोपी महेशराम सारथी पिता मयाराम सारथी उम्र 58 वर्ष साकिन खुरसूला थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 700 ? को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में स्द्ध शिव कुमार धारी ,ह्यद्ब विमला मनहर ।।ष्ट छत्रपति जोल्हे .आर,कमल कुर्रे एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# राइस मिल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

## कर्मचारियों को दिलाई गई मतदान की शपथ



**धमतरी**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर और सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां जिले में जोर पकड़ रहीं हैं। इसके तहत स्कूल, कॉलेज ऑयल और राइस मिलों सहित विभिन्न विभागों के शिविरों और बैठकों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम श्यामतराई मे स्थित विजटेक राइस मिल मे कार्यरत श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत श्रम विभाग धमतरी द्वारा आज मतदान हेतु जागरूक करते हुए शपथ दिलाया गया, जिसमे श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक निम्मी पटेल एवं राइस मिल के संचालक और श्रमिक उपस्थित रहें।

शपथ में कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। साथ ही 'बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान', संबंधी स्लोगन का नारा भी लगाया गया।

# मुनगासेर में जहर सेवन से युवक की मौत

**बागबाहरा**, 8 नवंबर (देशबंधु)। बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुनगासेर में एक 42 वर्षीय युवक ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम कराकर लाश को अंतिम संस्कार हेतु उसके परिजनों को सौंप दिया गया। युवक ने खुदकुशी क्यों किया, इसका पता लगाया जा रहा है। बहरहाल पुलिस इस मामले की विवेचना में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मुनगासेर निवासी युवक होमेश्वर चंद्राकर 42 वर्ष पिता भरतलाल चंद्राकर ने अपने घर में जहर सेवन कर लिया था। जिसे उपचार हेतु बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना की सूचना राजेश कुमार पिता गणेश राम शासकीय अस्पताल के स्वीपर ने थाने में दी। जिस पर पुलिस ने थाने में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## घोंच के तालाब में डूबने से महिला की मौत

**बागबाहरा**, 8 नवंबर (देशबंधु)। तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम घोंच (घोघरा) के एक तालाब में डूबने से 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इस घटना की सूचना मिलते ही गांव में पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु लाश को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले की विवेचना कर रही है। तेंदूकोना पुलिस ने बताया कि ग्राम घोंच (घोघरा) निवासी भुनेश्वरी बाई साहू 35 वर्ष पति मंशाराम साहू गांव के बाहराडबरी तालाब में दोपहर को नहाने गई थीं। इसी दौरान नहाते समय वे गहरे पानी में चली गई। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना गांव के छबिराम साहू पिता समारू राम साहू ने दी। जिस पर तेंदूकोना पुलिस ने थाने में मर्ग कायम कर इस घटना को विवेचना में लिया है।

## निधन

### राम भरोसे



**जगदलपुर**, 8 नवंबर। शहर के शांति नगर वार्ड स्थित होटल रीखा के बगल गली निवासी पंडित राम भरोसे दुबे (82) का निधन मगंलवार की रात साढ़े 9 बजे मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में उपचार के दौरान हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार को उनकी अन्तयेष्टि प्रवीरवार्ड स्थित खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजन,सर्व ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष संजीव शर्मा, भाजपा प्रत्याशी किरण देव,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता,बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक सम्मलित हुए। वे भाजपा के कर्मठ सदस्य पंडित उदय दुबे के पिता व पंडित किरण शुक्ला के श्वशुर थे।

### स्नेहलता साहू



**सरायपाली**, 8 नवम्बर। ग्राम तोरेसिहा निवासी स्नेहलता साहू (97) का आकस्मिक निधन 7 नवंबर मंगलवार को हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम तोरेसिहा में किया गया। वे कोलता समाज के संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू, कृषक ईश्वर साहू की माता व सेवानिवृत्त खेल शिक्षक आरएस साहू की सास पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के सदस्य नरेंद्र साहू आरएस पब्लिक स्कूल के संचालक महेंद्र साहू कोलता समाज झिलमिला शाखा सभा के सुरेंद्र साहू की नानी थी अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिक जन सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

# प्रेक्षक पवन कुमार व राजेन्द्र कुमार मीणा ने बलौदाबाजार स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया



**बिलाईगढ़** 8 नवंबर(देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र-43 के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार और पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने टुंडरी के पास एफएसटी जांच टीम के कार्यों का अवलोकन किया। इसके बाद वे बलौदाबाजार में जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मुलाकात किए। सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार ने बिलाईगढ़ के जो मतदान केन्द्र बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सीमा में स्थित हैं, उन मतदान केन्द्र के ईव्हीएम वोटिंग मशीनों के भंडारण, कमिशनिंग (ईव्हीएम मशीन में चुनाव चिन्ह इंस्टाल) आदि के बारे में निर्वाचन अधिकारियों से जानकारी ली। इस अवसर पर बलौदाबाजार भाटापारा जिले के निर्वाचन अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान



**अर्जुनी/बलौदाबाजार**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)।8 नवंबर को विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत स्विप मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के लिए विभिन्न स्कूल जैसे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक साथ ग्राम के बाजार चौक रंग मंच में संगठित होकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों से मतदाताओ से स्वीप हस्ताक्षर कराया। ग्राम अर्जुनी के अरिहंत चौक, महामाया चौक, मौवली चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक में जागरूकता अभियान निकाला गया। जिसमें स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागृत करने के लिए जय घोष के नारे लगाए गए, सभी मतदाताओं से अपील किया कि सभी काम छोड़कर 17 नवंबर को मतदान अवश्य करें। मतदान बहुमूल्य हैं इस अवसर पर सरपंच प्रमोद जैन, गोपाल वर्मा, भुवनेश्वरी, विनोद सोनी, राखी ध्रुव, लीला वर्मा, मिथिलेश सेन, आचार्य रमेश शर्मा, माखन साहू, जयप्रकाश यदु ,कुंती साहू ,सरवन निषाद, चौन सिंह वर्मा एवं छात्र छात्राएं सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# प्रथम रेन्डमाइजेशन ( पूरक ) में शामिल हुए सामान्य प्रेक्षक तापस राय

**बिलाईगढ़**, 8 नवंबर(देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी तथा राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों के सामने कलेक्टोरेट सभाकक्ष सारंगढ़ में प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) किया गया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने राजनीतिक दलों को जानकारी दी कि प्रथम रेन्डमाइजेशन में मेरे (जिला निर्वाचन अधिकारी) के आधिपत्य से वोटिंग मशीनों को 40-40 के हिसाब से दोनों विधानसभा को आबंटित किया गया था, जिसका 20 मेरे आधिपत्य में शेष है। प्रथम रेन्डमाइजेशन में एलाट मशीनों का द्वितीय रेन्डमाइजेशन में मतदान केन्द्रवार आबंटित किया गया। कमिशनिंग के दौरान इन मशीनों में चुनाव चिन्ह इंस्टाल के दौरान कुछ मशीनों (बीयू, सीयू, व्हीव्हीपैट) में तकनीकी कारण (एरर) से रिजेक्ट किया गया। इनके स्थान पर रिजर्व में रखे गए मशीनों में चुनाव चिन्ह इंस्टाल किया गया है। अब इन रिजर्व में रखे मशीनों का स्थान रिक्त है, जिसके लिए यह प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) का आयोजन आपके समक्ष किया गया। जनरल आब्जर्वर श्री तापस राय ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को कहा कि यदि उन मशीन, जिसमें टाइम सेट नहीं हो पाया, उससे वोटिंग करेंगे तो वोटिंग का समय और मशीन का समय सेट नहीं होने से मतदान कार्य बाधित होगा, इसलिए उन मशीनों को बदला गया है। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रश्न करने पर जवाब में रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने कहा कि जो मशीन, निर्वाचन नियमों के तहत तकनीकी रूप से सही नही पाए गए, उनको हटाया गया है, रिजर्व में रखे अन्य मशीनों को उन मशीनों के बदले में चेक कर रखा गया। अब रिजर्व में खाली हुए मशीनों के स्थान को जिला निर्वाचन अधिकारी के आधिपत्य में रखे हुए मशीनों से भरने के लिए यह प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) किया गया है।

जनरल आब्जर्वर श्री तापस राय, कलेक्टर एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम को खोला गया और मशीनों का एंट्री कर दोनों रिटर्निंग अधिकारी को सौंपा गया। इसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम को बंद किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कांग्रेस के शैलेश ने किया...

पर पूरा भरोसा है हमारी सरकार भरोसे की सरकार है। आज के जनसंपर्क के दौरान शैलेश त्रिवेदी के साथ प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, भुनेश्वर, भानु वर्मा, सुरेन्द्र ठाकुर, संदीप पाण्डेय, मुनीराम वर्मा, शकुतला बघमार, अनिता साहू नेवारी सरपंच, गंगोत्री तिल्दाबांधा सरपंच, हरिशचंद्र ध्रुव बिटकुली सरपंच, टिकेश जायसवाल, संतोष चन्द्राकर, डॉ. फारूखी, लखन वर्मा, कमलेश जायसवाल, शिव कुर्रे, हेमलाल पाठरे, रमेश वर्मा, मकसूदन साहू, रामदयाल साहू, नंद यदु, रामदेव यदु, विश्वनाथ द्विवेदी, सालिक ठाकुर, गणेश साहू, बिसन साहू, जय बघमार, हुलास यदु, अलिशा भारती, अनिल यदु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवम ग्राम वासी उपस्थित थे।

# शिक्षक कर्मचारी संघ ने दीवाली पूर्व 4 फीसदी डीए के लिए मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

**भटगांव/बलौदाबाजार**, 8 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने आज मुख्यसचिव अमिताभ जैन को ज्ञापन सौंप कर दीपावली के पूर्व 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता समेत सातवे वेतन मान के एरियर्स की अंतिम किश्त के भुगतान किए जाने की मांग की। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने मुख्यसचिव से राजस्थान सरकार की तरह निर्वाचन आयोग से अनुमति ले कर 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग जोरदार तरीके से सी एस के समक्ष रखा। इसी तरह उन्होंने अधिकारियों से सातवे वेतन मान के एरियर्स की अंतिम किश्त का भी नगद भुगतान किए जाने का आग्रह किया। अधिकारियों ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता के भुगतान हेतु निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी जा रही है ,इसके निर्देश मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त हुए है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल पंकज दुबे, नंदकुमार सिन्हा, प्रकाश साहू, डोमर सिन्हा, मंगल मूर्ति सोनी,हरिशंकर बांसवार, बुद्धेश्वर ध्रुव आदि ने बताया कि चुनावी राज्य राजस्थान की तरह छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी शीघ्र ही 46 प्रतिश डी ए दिया जाना चाहिए। इधर प्रदेश के आला अधिकारियों ने सी एम कार्यालय से 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता हेतु निर्वाचन आयोग से विधिवत अनुमति हेतु निर्देश की जानकारी दी तथा अनुमति मिलते ही केंद्र की तरह 46 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिए जाने की बात कही है। ज्ञात हो केंद्र सरकार ने पिछले माह केंद्रीय कर्मचारियों का डी ए 4: बढ़ाया था ,जिसके पश्चात केंद्रीय कर्मियों का डी ए 42 प्रतिशत से बढ़ कर 46 प्रतिशत हो गया वही छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को 42 प्रतिशत ही डी ए मिल रहा है जिसको ले कर कर्मचारी संघ लामबंद हो रहे थे, इधर आज की चर्चा के बाद प्रदेश के कर्मचारियों शिक्षको पेंशनरों के भी डी ए में 4 प्रतिशत डी ए में बढ़ोतरी का रास्ता साफहो रहा है।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में पूर्व लिखित अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रतिबंधित

**बिलाईगढ़**, 8 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने रोगियों, वृद्धाओं, दिव्यांगजनों, विद्यार्थियों की पढ़ाई आदि की बाधा एवं परित्रास तथा लोक परिशांति को ध्यान में रखते हुए जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की सीमा के अंतर्गत पूर्व लिखित अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है। इस आशय का आदेश 7 नवंबर 2023 को जारी किया गया है। माननीय उच्चतम न्यायालय तथा छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं मल्टीटोन हॉर्न-प्रेशर हॉर्न के साथ-साथ डीजे के विरूद्ध जप्तीकरण की कार्यवाही किए जाने तथा सम्यक जांच के लिए अधिकारियों की दल गठित की गई है। गठित दल अपने-अपने थाना क्षेत्र में आवश्यक कार्यवाही करेंगे। कोई भी नागरिक इन दलों से संपर्क कर शिकायत कर सकता है।

**गठित दल में अधिकारी-कर्मचारी और उनके मोबाइल नंबर**

सारंगढ़ क्षेत्र के लिए दल- इस दल में श्रीमती मोनिका वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, सारंगढ़, मो. नं. 9329341984, सुश्री नेत्रप्रभा सिदार , तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सारंगढ़ मो. नं.-8602547239, थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली, सारंगढ़, श्रीमती देवमती सिदार राजस्व निरीक्षक, सारंगढ़ 9406220150, श्री उमेश कुमार पटेल, पटवारी सारंगढ़ 9522442999 शामिल है।

बरमकेला क्षेत्र के लिए दल- इस दल में श्री आयुष तिवारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरमकेला मो. नं.-9617296226, थाना प्रभारी, बरमकेला एवं डोंगरीपाली, श्रीमती देवमती सिदार राजस्व निरीक्षक,

## गठित दल से संपर्क कर कोई भी नागरिक कर सकता है शिकायत

सारंगढ़ 7389523742, श्री लालसाय सिदार, पटवारी बरमकेला 9131122994 शामिल है। सरिया क्षेत्र के लिए दल -इस दल में श्री शनि पैंकरा तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरमकेला मो. नं. -9827464329, थाना प्रभारी, सरिया, श्री प्रहलाद सिदार, राजस्व निरीक्षक, सरिया 9424192620, श्री संजीव त्रिपाठी, पटवारी सरिया 9589864242 शामिल है।

कोसीर क्षेत्र के लिए दल-इस दल में श्रीमती रूपाली मेश्राम नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोसीर मो. नं.- 6260520007, थाना प्रभारी कोसीर, श्री दिपक कुमार पटेल राजस्व निरीक्षक 8085644448, श्री शिवकुमार देवांगन, पटवारी कोसीर 9479059080 शामिल है।

बिलाईगढ़ क्षेत्र के लिए दल-इस दल में श्रीमती स्निग्धा तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बिलाईगढ़- 7987283205 श्री कमलेश सिदार तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलाईगढ़ मो. 6264902812, थाना प्रभारी बिलाईगढ़, सत्यनारायण ध्रुव, राजस्व निरीक्षक 9009134268, श्री प्रमोद कुमार टाण्डे, पटवारी बिलाईगढ़ 9977439346 शामिल है।

भटगांव क्षेत्र के लिए दल-इस दल में श्री अरपन कुर्रे नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव मो. नं-9754213789, थाना प्रभारी भटगांव एवं सलिहा, श्री जीवन साहू राजस्व निरीक्षक गोविन्दवन 94255-23977,श्री गणेश राम साहू, पटवारी भटगांव 8889721399 शामिल है।

सरसींवा क्षेत्र के लिए दल - इस दल में श्री बंदेराम भगत, नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसीवां मो. नं-9406476109, थाना प्रभारी सरसीवां, श्री राजेन्द्र कुमार कुर्रे राजस्व निरीक्षक सरसींवा 9691233932, श्री संतोष कुमार पाण्डेय, पटवारी सरसीवां 9425228926 शामिल है।

# अरहर दाल 170 से 180 रुपए

## उपभोक्ता मांग 'खंडा' की ओर



**भाटापारा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। अरहर की दाल 170 से 180 रुपए किलो। हैरत में है रिटेल काउंटर, आ रही तेजी को देखकर। दुकानें पहली बार यह भी देख रही है कि मांग का प्रवाह खंडा दाल की ओर जा रहा है। जिसकी कीमत फिलहाल क्रयशक्ति के भीतर ही मानी जा रही है। दीपावली याने खरीदी के दिन। किराना बाजार इस समय सबसे ज्यादा गुलजार है। भीड़ तो है लेकिन खरीदी की मात्रा बेहद कम होती जा रही है। खासकर दलहन की सभी किस्म की खरीदी बेहद कम है। अरहर और चना दाल में ऐसा होता देखने को विवश है चिल्हर बाजार क्योंकि कीमत क्रय शक्ति से बाहर जा चुकी है।

### चाहिए खंडा

साबूत अरहर दाल 170 से 180 रुपए किलो। कीमत सुनकर, मांग की जाती है खंडा अरहर दाल की, जिसमें भाव इस समय 100 से 105 रुपए किलो चल रहा है। जरूरी है, कीमत भी ठीक ही है। यह सोच, अरहर खंडा दाल में मांग बढ़ा रही है। हैरत में है रिटेल काउंटर अरहर दाल की खरीदी में यह नया बदलाव देखकर। उपभोक्ता पहले से ही परेशान है।

### गर्म यह भी

चना दाल, दलहन की ऐसी किस्म है जिसकी खपत त्यौहार में सबसे ज्यादा होती है लेकिन इसके तेवर भी बदले हुए हैं। होटल, रेस्टोरेंट और घरेलू मांग का दबाव इतना ज्यादा है कि यह दाल भी प्रति किलो 70 से 80 रुपए पर पहुंच चुकी है। तेजी की आशंका इसलिए बनी हुई है क्योंकि नई फसल में एक माह का समय और शेष है।

### पीछे यह भी नहीं

मूंग और उड़द। तेज यह दोनों भी हैं। दाल बेचने वाली कंपनियों की मांग के साथ होटल और नमकीन सेंटरों की मांग, जिस मात्रा में निकल रही है उसके बाद दोनों दाल, समान दर याने 110 से 120 रुपए किलो पर चल रहीं हैं। जबकि छिलके वाली दाल महज 5 रुपए ही पीछे है। आने वाली नई फसल तक बने रहने की संभावना है।

### सबसे पीछे

कम ही उपयोग में आते हैं मसूर और तिवरा दाल लेकिन अन्य दालों ने जैसी तेजी ली हुई है, उसके बाद ग्रामीण उपभोक्ताओं की मांग इन दोनों में बढ़ी हुई देखी जा रही है। ऐसे में गर्मी, इन दोनों ने भी दिखानी चालू कर दी है। इस समय मसूर की दाल 80 रुपए और तिवरा की दाल 70 रुपए किलो चल रही है। आंशिक तेजी की संभावना दोनों में है।

# मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापिस लेने का दिया गया प्रशिक्षण



**निर्वाचन कार्यो को सकारात्मक माहौल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें : कलेक्टर**

**गरियाबंद,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के बारे में पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षको द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता एवं सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करे। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यों एवं दायित्वों का समुचित जानकारी होनी चाहिए। ताकि निर्वाचन कार्य में किसी भी तरह की चूक न हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सकारात्मक माहौल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के समय मतदान दल के अधिकारियों के साथ मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतरीन कार्यों के संपादन के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी।

प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने कहा कि सामग्री वितरण एवं वापसी के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सभी सामग्रियों के बारे में भलि-भाँति जानकारी होनी चाहिए। मतदान दलों को वितरण की जाने वाली सामग्री के विषय, स्पष्ट जानकारी नाम सहित होना चाहिए। मतदान दल के सदस्यों का ड्यूटी आदेश देखकर, सत्यापन करके ही उन्हें मतदान सामग्री दी जाये। वीवीपेट, ईवीएम, रिज़र्व ईवीएम, वीवीपेट बैटरी बस्ता आदि मतदान सामग्री सूची सहित दी जाये तथा मिलान करके वापस सामग्री ली जाये। उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुजांइश बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। इसलिए निर्वाचन संबंधी सभी कार्य को विशेष सावधानी एवं पूरी सतर्कता के साथ किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही आपसी समन्वय से इस महत्वपूर्ण कार्य का संपादन करना चाहिए। मतदान सामग्री वितरण दल में सात सदस्य रहेंगे। सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन धैर्य पूर्वक करें।

प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, विधानसभा क्षेत्र-54 राजिम के रिटर्निंग ऑफिसर श्री धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र - 55 के रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री अर्पिता पाठक, मैनपुर एसडीएम हितेश पिस्दा सहित मास्टर ट्रेनर मौजूद थे।

## प्रेक्षक ने ईवीएम के कमीशनिंग पश्चात सीलिंग कार्यों का किया निरीक्षण

**गरियाबंद,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने ईवीएम के कमीशनिंग कार्यों का औचक निरीक्षण किया। मंडी परिसर में स्थापित स्ट्रांग रूम में ईवीएम कमीशनिंग कार्य के पश्चात प्रेक्षक की मौजूदगी में ईवीएम का सीलिंग कार्य किया गया। प्रेक्षक ने सभी प्रक्रियाओं को सावधानी और सही तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश सभी निर्वाचन अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल, रिटर्निंग आफिसर राजिम श्री धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 6 एवं 7 नवम्बर को सभी मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया पूर्ण की गई। कमीशनिंग के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त चार इंजीनियर भी मौजूद रहे। सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात प्रेक्षक की उपस्थिति में सभी ईवीएम, बीयू, सीयू और वीवीपेट को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखकर सीलिंग करने की कार्यवाही की गई।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आज बागबाहरा में चुनावी जनसभा





**बागबाहरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव का चुनावी प्रचार करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी शैलजा कुमारी हेलीकाप्टर से आज गुरुवार 9 नवम्बर को दोपहर 2 बजे बागबाहरा आ रहे हैं। जहाँ रावणभांठा मैदान में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर पार्टी के पक्ष में प्रचार करेंगे। कांग्रेस पार्टी की चुनावी जनसभा कार्यक्रम में लोगों की भीड़ बढ़ाने सेक्टर प्रभारियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओ एवं आमजनता में भारी उत्साह है। इस कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि निषाद, भक्तराम मांझी, संतोष पटेल, मनोहर ठाकुर, अतुल बग्गा, संतोष जैन, पारस सांखला, लेखराम दीवान, एडिशन ठाकुर, मोहन लाल कुलदीप, सेवाराम साहू, ओमप्रकाश साहू, नवनीत सलूजा, देवेश साहू, मंताराम यादव, गणेश शर्मा, ताम्रध्वज बघेल, रामकुमार अंजन ठाकुर, अजय ठाकुर, बालेश साहू, चोवाराम साहू, सेतराम बघेल, हरीश जैन, कुमार ढीढी, राजू चंद्राकर, खेमराज सिन्हा, राजेंद्र शर्मा, शहजान पाशा, दुर्गा सागर, सविता गिरी गोस्वामी, मन्नूलाल दीवान, आशाराम मोंगरे आदि कार्यकर्ताओ को मुख्यमंत्री के चुनावी जनसभा कार्यक्रम में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी किस्मत लाल नन्द का जनसंपर्क अभियान



**सरायपाली**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही हैं वैसे वैसे चुनाव में रंग चटख होता जा रहा है इसी बीच विधानसभा सरायपाली से जनता कांग्रेस छ.ग. (जे) के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद लगातार क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर आम जनता से सीधा संपर्क कर रहे है द्य इसी तरह आज ग्राम डोंगरीपाली, झालपाली, लंबर, छर्राबहरा, भौरादादर, लोहरीनडीपा, डीपा, पोटापारा, आंवलाचक्का, छीर्रापाली, बेहरापाली, पंडरीपानी, मोहनमुंडा, डुडूमचुआ, मौहाडीपा, रायपनी, कोसमपाली, केंदुआ, बिजातिपाली, जलपुर, जनसम्पर्क कर जनता से आशीर्वाद मांगा रहे हैद्य ग्रामीणों में उत्साह के साथ डोर टू डोर जनसम्पर्क कर पार्टी के प्रमुख उद्देश्यों से आम जनता को अवगत कराया जा रहा है द्य श्री नंद ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा गांव में मूलभूत सुविधाओं की ओर प्राथमिकता ध्यान देने की बात कही ओर उन्होंने गांव में कराए गए विकास कार्यों को बनाते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की गई है ग्रामीण एवं जनता अधिक खुश है, साथ ही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे आम जनों की जमीन से जुड़ी हुई पार्टी है और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विधानसभा सहित पूरे प्रदेश के विकास के लिए पार्टी को समर्थन देने और आशीर्वाद लेकर जिताने की अपील की। ग्रामीण जनो ने कहा कि हम किस्मतलाल नंद जी विकास कार्यो से अधिक संतुष्ट है और सरायपाली में पुन: विधायक बनाकर अपना पूर्ण समर्थन देकर भारी मतों से जिताने की बात कही।

# प्रेक्षक अंजू चौधरी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**केन्द्रों में मतदान के लिए की गई सुविधाओं का लिया जायजा**



**गरियाबंद,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने आज राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 268 स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 271 सिविल लाईन तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 5 सढ़ौली एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 11 पारागांव का औचक निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों में पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था जैसे रैम्प, लाईट, पेयजल एवं शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित किया। इस दौरान गरियाबंद एसडीएम भूपेन्द्र साहू, तहसीलदार प्रवीण पोर्ते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जरवे में निकाली गई जागरूकता रैली



**पलारी,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जर्वे में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मतदान की शपथ लिया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रैली ग्राम पंचायत जर्वे के गली मोहल्लों चौक चौराहों से होते हुए स्कूल पहुंची। वही शासकीय माध्यमिक शाला के द्वारा मतदान जागरुकता रैली निकाली गई ।जहां ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती मुन्नी ओ, पी, वर्मा सचिव श्रीमती सरिता वर्मा, प्रभारी प्राचार्य आर के टंडन खंडेलवार रोजगार सहायिका श्रीमती मंजू ध्रुव, बिंदु वर्मा, गीता साहू,एवं बेनीराम साहू व सभी आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं सहायिका शिक्षकगण छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# टोहका में मतदाता जागरुकता का आयोजन



**भाटापारा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)।जिला निर्वाचन पदाधिकारी बलौदा बाजार भाटापारा के दिशा निर्देश के तहत ग्राम पंचायत टेहका में आज मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को अपने मताधिकारों का प्रयोग करने के लिए जानकारी दी एवं 17 नवंबर 2023 को अधिक से अधिक संख्या में अपने मतों का प्रयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। जिसमें मुख्य रूप से गांव के गढ़मनिया नागरिक, वरिष्ठ जन ,युवा साथी ,स्व सहायता समूह बिहान,की महिला एवं गांव के लोग उपस्थित थे जिसमें नंदकुमार वर्मा प्रधान पाठक , आजू राम वर्मा, शिक्षक यशवंत साहू सोमेश कुमार , गनेश्वर जांगड़े ,सीमा वर्मा एवं , बिहान योजना अंतर्गत स्व सहयता की सक्रिय महिला अनुसुईआ साहू,पूर्णिमा साहू एवं पंचायत सचिव रविशंकर साहू ,रोजगार सहायक हर ज्योति ध्रुव , एवं मीडिया प्रकोष्ठ नंदू साहू उपस्थित थे।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर कार्रवाई



**भाटापारा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा महिला एवं बच्चो संबंधी अपराध मे सलिप्त लोगो पर त्वारित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये है जिसके पालन मे श्रीमान अति0पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण अमित पाटले के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्रमांक 568/23 धारा 341,354 भादवि के आरोपी को गिरफतार किया गया। आरोपी रामअवतार ध्रुव पिता फुलुराम ध्रुव उम्र 37 साल साकिन निपनिया थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार भाटापारा। प्रार्थिया थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 06/11/2023 के शाम 06/15 बजे करीबन ग्राम निपनिया का रामअवतार ध्रुव मेरा पीछा करते आकर ग्राम मुढीपार तालाब के पास में जबरदस्ती मेरा रास्ता रोककर मुझे बेइज्जती करने की नियत से मेरा हाथ बांह को पकड़कर अश्लील बात तुमसे प्यार करता हूं कहकर मेरे साथ छेडखानी किया है कि रिपोर्ट पर अपराध धारा पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया दौरान विवेचना आरोपी राम अवतार ध्रुव को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया जो आरोपी राम अवतार ध्रुव को गिर. कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# सुवा नृत्य, राऊत नाचा, रंगोली व चित्रकला के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु दे रहे संदेश




**बागबाहरा,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। अंचल के गांव-गांव में सुवा नृत्य, राऊत नाचा, रंगोली व चित्रकला के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु कलाजत्था के कलाकार संदेश दे रहे हैं। कलाकार अपनी कला के माध्यम से आम मतदाताओं को चौक चौराहे में एकत्रित कर लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील लोगो से कर रहे हैं। ताकि इस चुनावी उत्सव में शत प्रतिशत मतदान हो सकें। नगर के वार्ड नंबर 10 नवागांव, वार्ड नंबर 11 बाजारपारा, डबरापारा एवं वार्ड नंबर 12 तेंदूलोथा में खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ घर-घर जाकर सघन जनसम्पर्क अभियान किया। इस दौरान मौजूदा विधायक एवं प्रत्याशी श्री यादव को अपने बीच पाकर आममतदाता खुशी से उछल पड़े। तथा आममतदाताओ के बीच से आवाज़ आई कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। कांग्रेस के घोषणा पत्र से आमजनता काफी खुश एवं प्रसन्नचित्त हैं। पार्टी ने सभी लोगों के हित का ख्याल रखते हुए यह घोषणा पत्र जारी किया है। जो वास्तव में आमजनता को सबसे ज्यादा लाभान्वित करने वाली योजना बताई गई है। आमजनता का झुकाव पूरी तरह से कांग्रेस पार्टी को सबसे बड़ी सहयोग करने की तरफ है। आम जनता के मन में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने की इच्छा है। कांग्रेस के शासन काल से आमजनता को अनेक प्रकार की योजनाओ का लाभ मिला है। उनके मन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं क्षेत्र के लोकप्रिय युवा प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव के योगदान एवं सहयोग को कभी जिंदगी भर भुला नहीं सकते हैं। उक्त दोनों लोकप्रिय नेता आमजनता के दिलो दिमाग में पूरी तरह से बस चुके हैं। खल्लारी क्षेत्र के आममतदाता फिर से द्वारिकाधीश यादव को दोबारा विधायक के रूप में देखना चाहते हैं। वे स्वच्छ छवि एवं सरल स्वभाव के धनी हैं। वे एक बुलावे पर आममतदाता के घर में पहुंच जाते हैं। यहाँ के हर जनता अपने आपको मैं भी द्वारिकाधीश कहने लगे हैं। जिससे इस क्षेत्र का मान सम्मान लोगों के बीच बढ़ने लगा है। खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव नगर के विभिन्न वार्डो में प्रात:काल जाकर लोगो से भेंट-मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी को पंजा छाप में वोट देकर फिर से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील कर रहे हैं। वहीं पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नगर समेत गांव-गांव में जाकर आममतदाताओ से सघन जनसम्पर्क कर रहे हैं। आममतदाताओ का कांग्रेस पार्टी को अच्छा जनसमर्थन मिल रहा है। इस क्षेत्र के जनता भाजपा सरकार से काफी नाखुश एवं नाराज है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के 15 वर्षो के कार्यकाल में न नगर का कोई विकास हुआ, और न ही कोई गांव का सर्वांगीण विकास हुआ। आममतदाताओ में भाजपा के खिलाफ काफी नाराज़गी व्याप्त है। प्रदेश की जनता भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ से काफी खुश है। तथा उन्होंने अपने मन में फिर से कांग्रेस सरकार बनाने की बात ठान ली है। नगर के वार्डो में कांग्रेस पार्टी की महिला कांग्रेस, सेवादल कांग्रेस, यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई की महिला कार्यकर्ता अपने घरो के सामने रंगोली एवं चित्रकला बनाकर आममतदाताओ को मतदान करने हेतु प्रेरित किया है। सरकार बनाने के लिए एक-एक वोट काफी कीमती है। जनता को मतदान में आवश्यक रूप से भाग लेना चाहिए। ताकि सरकार बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहे। खल्लारी क्षेत्र के जनता काफी जागरूक एवं समझदार हैं। यहाँ के लोग हमेशा कांग्रेस पार्टी को सहयोग करते आ रहे हैं। सरकार बनाने में आमजनता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जिसे यहाँ के लोग बखूबी से निभा रहे हैं।